
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 देश के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में ...

टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार... 11

वर्ष : 13 ■ अंक : 113 ■ पटना, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# संसद ने की निसार उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किए जाने पर वैज्ञानिकों की प्रशंसा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास के तहत जीएसएलवी रॉकेट से नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किए जाने को लेकर वैज्ञानिकों की प्रशंसा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन समवेत होते ही इस बारे में सदस्यों को सूचित करते हुए कहा बुधवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के माध्यम से नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा यह अपनी तरह का पहला संयुक्त मिशन है, जिसे सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया गया है। माइक्रोवेव इमेजिंग तकनीक पर आधारित यह उपग्रह वैश्विक भू-पारिस्थितिकी तंत्र एवं समुद्री क्षेत्रों के अध्ययन में सहायक सिद्ध होगा। श्री बिरला ने कहा हमें अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सफलता पर गर्व है और उनके भावी अंतरिक्ष अभियानों की सफलता की कामना करते हैं। यह उपलब्धि देश के वैज्ञानिक सामर्थ्य का प्रतीक है, जो भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। राज्यसभा में सुबह पहले सदन में कार्यवाही शुरू होते ही सदन ने भारत और अमेरिका के संयुक्त अभियान के तहत प्रक्षेपित निसार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने सदन को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष विभाग (नासा ) ने मिलकर हासिल की है। उन्होंने कहा कि वह अपनी तथा सूमचे सदन की ओर से इस अभियान से जुड़े इसरों तथा नासा के वैज्ञानिकों और अन्य विशेषज्ञों



को बधाई देते हैं। सदस्यों ने मेजें थपथपाकर इसका अनुमोदन किया।

## हंगामे के कारण लोस और रास की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं राज्य सभा में विपक्षी सदस्य बिहार में हो रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग की। इसको लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया. इसे देखते हुए सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्षी सदस्य अपनी मांगों को लेकर वेल में आकर प्रदर्शन करने लगे. अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि क्या वो मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्या जनता ने उन्हें सदन में नारे लगाने के लिए चुना है। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे सदस्यों से अपनी सीट पर जाकर बैठने को कहा। लेकिन सदस्य अपनी जगह पर नहीं गए। वो नारे लगाते रहे। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि सदन चर्चा के लिए है और कुछ सदस्यों का व्यवहार उचित नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं राज्य सभा में भी ऐसे ही देखने को मिला. विपक्षी सदस्यों ने बिहार में चुनाव आयोग की ओर से कराए जा रहे एसआईआर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष के सदस्य इसको लेकर नारेबाजी कर रहे थे, इस वजह से सदन में कोई विधायी कार्य नहीं हो सका।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,01,370 |
| चांदी | 1,10,000 |
| सेंसेक्स | 81,185 |
| निफ्टी | 24,768 |

## संसद में मिलकर करेंगे जनता की आवाज बुलंदः राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन संसद में शिद्दत से जनता के मुद्दे रखेगा और उनकी आवाज बनकर काम करेगा। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर गुरुवार को एक संदेश ने कहा, आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी के साथ इंडिया गठबंधन के सदन के नेताओं जे साथ हुई बैठक में सम्मिलित हुआ। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता निरंतर जन हित के मुद्दे उठाकर संघर्ष कर रहे हैं और उनका यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हम मिलकर संसद में देश और जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

## भाजपा ने मालेगांव ब्लास्ट केस को बताया कांग्रेस का षड़यंत्र

नई दिल्ली। मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। भाजपा ने इस फैसले को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। साथ ही उन्होंने मालेगांव ब्लास्ट केस को कांग्रेस का षड्यंत्र बताया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट मामले में कोर्ट का फैसला स्पष्ट है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हिंदू आतंकवाद को देश के ऊपर जबरन थोपने का कांग्रेस पार्टी का जो षड्यंत्र था, वह आज धाराशायी हो गया। मैं यह बात बहुत जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि मालेगांव ब्लास्ट मामले में कोर्ट का जो फैसला आया है, उसमें कहा गया है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। अभियोग पक्ष अपना केस प्रूव नहीं कर सका। उन्होंने आगे कहा, इस मामले में कर्नल पुरोहित एक बहुत ही डेकोरेटेड आर्मी ऑफिसर था, जिसने कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, उसको फंसाया गया। प्रज्ञा ठाकुर पर आरोप लगाया गया था कि उनकी मोटरसाइकिल से बम लाया गया था। उनको 10-12 दिन तक इतना टॉर्चर किया गया कि बाद में उनका चलना भी मुश्किल हो गया था। यह विशुद्ध वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस की साजिश थी। हम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं।

## मुंबई कीः एनआईए की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला

# मालेगांव विस्फोट मामला : सभी सातों आरोपी बरी

■ अदालत ने कहा संदेह के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। मुंबई की एक विशेष अदालत ने सितंबर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने अभियोजन



पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोट उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि इस मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। अदालत ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया था। उसने कहा कि यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर मोटरसाइकिल पर लगाए गए बम से हुआ था। इससे पहले सुबह, जमानत पर रिहा सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र अदालत पहुंचे जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस मामले के आरोपियों में ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप था।

अभियोजन पक्ष का दावा था कि विस्फोट दक्षिणपंथी चरमपंथियों द्वारा स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से किया गया था।

## धमाके वाली बाइक से कोई संबंध नहीं

नई दिल्ली। मालेगांव ब्लास्ट केस में पूर्व बीजेपी सांसद प्रज्ञा ठाकुर का भी नाम है जिनपर आरोप था कि उन्होंने हादसे वाली जगह जिस बाइक में धमाका हुआ था,वही इन्होंने ही मुहैया कराई थी। आज की सुनवाई में कोर्ट ने इसे सही नहीं माना है। कोर्ट का कहना है कि प्रज्ञा ठाकुर का ब्लास्ट वाली बाइक से कोई लिंक नहीं है और वह तो धमाके के दो साल पहले ही साध्वी हो गई थीं। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रज्ञा ठाकुर धमाके से दो साल पहले ही साध्वी बन चुकी थीं। जज ने यह भी कहा कि वह भौतिक चीजों से दूर हो चुकी थीं।

## आज भगवा और हिंदुत्व जीत गया : प्रज्ञा ठाकुर कहा, साजिश के तहत बदनाम किया गया

मालेगांव धमाके में बरी होने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मैंने यह शुरू से ही कहा था कि जिन्हें जांच के लिए बुलाया जाता है। उसके पीछे कोई आधार होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और गिरफ्तार कर यातना दी गई। इसने मेरी पूरी जिंदगी बर्बाद कर दी। उन्होंने आगे कहा, मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझे आरोपी बना दिया गया। मैं जिंदा हूं क्योंकि मैं एक संन्यासिनी हूं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उन पर आरोप लगाए, उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा (केसरिया) को बदनाम किया। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, आज भगवा जीत गया है और हिंदुत्व जीत गया है।

## आतंकवाद भगवा न कभी था, न है, न कभी रहेगा : फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में एनआईए कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बयान सामने आया है। सीएम फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकवाद भगवा न कभी था, न है, न कभी रहेगा! वहीं डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सत्य कभी असफल नहीं होता।

## 17 साल तक चली विस्फोट मामले की सुनवाई

मुंबई। 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव में हुए भीषण बम विस्फोट मामले में गुरुवार दिनांक 31 जुलाई को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। एनआईए के अनुरोध पर विशेष एनआईए अदालत ने 2017 में मामले से मकोका को बाहर करने पर सहमति व्यक्त की थी। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया था कि साध्वी प्रज्ञा सिंह और छह अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला जारी रहेगा। इसके बाद दिसंबर 2018 में मुंबई सत्र न्यायालय में मामला शुरू हुआ। सरकारी पक्ष ने इस मामले में 100 से अधिक प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की, जिनमें से कुछ घायल हुए थे, जबकि अन्य ने घटना में अपने रिश्तेदारों को खो दिया। इस



मामले में कुल 323 गवाहों की भी जांच की गई। इनमें से 34 को अदालत में अपनी गवाही बदलने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। चूंकि यह मामला पिछले 17 वर्षों से लंबित था, इसलिए इस फैसले से पहले कुल 30 गवाहों की मृत्यु हो चुकी है।

# अमेरिका ने 6 भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

## ईरान से पेट्रो प्रोडक्ट खरीदने का आरोप



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका ने ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों का व्यापार करने के आरोप में भारत की 6 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों का सामने करने वाली भारत की इन 6 कंपनियों के साथ दुनिया भर की 20 कंपनियां शामिल हैं। माना जा रहा है कि ईरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिशों के तहत अमेरिका का ये कदम उठाया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि भारत की 6 कंपनियों समेत दुनिया की 20 कंपनियों ने जानबूझकर अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी की। जिन भारतीय कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है उनमें ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड, रमणीक लाल एस गोसालिया एंड कंपनी, परसिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड, अल्केमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जुपिटर डाईकेम प्राइवेट लिमिटेड और कंचन पॉलीमर्स के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पहले से ही ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध लगाया हुआ है, जिसमें पेट्रोलियम सेक्टर में होने वाला व्यापार भी शामिल है। अमेरिका का आरोप है कि प्रतिबंधित की गई भारतीय कंपनियों को पता था कि वे ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स खरीद कर ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही हैं। इन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अमेरिका या अमेरिका के नियंत्रण वाले क्षेत्र में इन कंपनियों की परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अगर इन कंपनियों की पार्टनरशिप वाली कोई कंपनी अमेरिका या अमेरिका के नियंत्रण वाले क्षेत्र में काम कर रही हैं, तो वे कंपनियां भी प्रतिबंध के दायरे में आ जाएगी। हालांकि ये प्रतिबंध तभी लागू माना जाएगा, जबकि पार्टनरशिप फर्म में प्रतिबंधित भारतीय कंपनी की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत या उससे अधिक की हो।

आरोप के मुताबिक ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड ने जुलाई 2024 से जनवरी 2025 के बीच ईरान से 510 लाख डॉलर से अधिक का मेथेनॉल और दूसरे पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स की खरीदारी की। इसी तरह अल्केमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पर 2024 में जनवरी से दिसंबर के दौरान ईरान से 840 लाख से अधिक का पेट्रोल केमिकल उत्पाद खरीदने का आरोप है। इसके अलावा रमणीक लाल एस गोसालिया एंड कंपनी पर ईरान से 220 लाख से अधिक का मेथेनॉल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट खरीदने का आरोप लगाया गया है। वहीं, परसिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड पर अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच 140 लाख डॉलर का मेथेनॉल खरीदने का आरोप है।

### 3 से 5 अगस्त तक ज्ञान भवन में होगा आयोजन, 150 से अधिक निवेशक होंगे शामिल

# बिहार बिजनेस महाकुंभ : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे उद्घाटन

प्रात : किरण

पटना। बिहार व्यापार महाकुंभ 2025 का आयोजन 3 से 5 अगस्त तक ज्ञान भवन में होगा। इस तीन दिवसीय बिजनेस महाकुंभ का उदघाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस दौरान साइंस टेक्नोलॉजी मंत्री मनीष वर्मा, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसीडेंट सुभाष पटवारी भी शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को बिहार स्टेट फाइनेंशियल कॉरपोरेशन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिजनेस क्रांति, डी2डी यूथ स्टोरी और छात्र युवा समृद्धि संघ के प्रतिनिधियों ने दी। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस बिजनेस महाकुंभ में 150 से अधिक निवेशक और स्टार्ट अप के फाउंडर शामिल होंगे। बिहार में इस महाकुंभ से लगभग 1000 करोड़ के निवेश होने की संभावना है। इसमें उद्योग जगत के अग्रणी लोगों के अलावा नीति-निमार्ता, निवेशक, स्टार्टअप्स



एवं नवप्रवर्तक शामिल होंगे। इस आयोजन में निवेशकों और उद्योग जगत के साथ साझेदारी और निवेश के अवसरों पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही स्टार्टअप और एमएसएमई अपने व्यवसाय को बढ़ाने और नए बाजारों में प्रवेश करने के लिए निवेशकों और साझेदारों से भी जुड़ सकेंगे।

स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए बड़ा मंचः 3 से 5 अगस्त तक होने वाला बिहार व्यापार महाकुंभ 2025 मेगा एक्सपो स्टार्टअप, एमएसएमई, उद्यमियों और उद्योग हितधारकों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। इसमें राज्य के सभी 38 जिलों के स्टार्टअप और एमएसएमई अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। इन नवाचारों में कृषि, फिनटेक, एडटेक, स्वास्थ्य, उपभोक्ता वस्तुएँ, हरित ऊर्जा, आईटी और सांस्कृतिक उद्यम क्षेत्रों के व्यवसाय शामिल हैं। यह आयोजन स्टार्टअप और एमएसएमई को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने और नए अवसरों की तलाश करने का अवसर प्रदान करेगा। इस महाकुंभ की खासियत यह भी है कि इसमें राज्य की पारंपरिक पहचान जैसे मधुबनी चित्रकला, भागलपुरी रेशम, जैविक कृषि उत्पाद, बांस और मिट्टी के शिल्प के अलावा नए नवाचार आधारित उद्यमों और महिला सहायता समूहों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की भी कोशिश होगी।

### राजस्व महाअभियान को लेकर जोरदार तैयारी, प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# राजस्व सेवाओं को पारदर्शी बनाना व रिकॉर्ड अपडेट करना लक्ष्य : दीपक

प्रात : किरण

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा राजस्व महाअभियान के प्रभावी संचालन हेतु एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को पुराना सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभियान की रणनीति, तकनीकी पक्ष और क्रियान्वयन प्रक्रिया को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान की सफलता आप सभी पर निर्भर है। आप सबकी जिम्मेदारी है कि जिले एवं अंचल स्तर पर टीम को दक्षता से प्रशिक्षित करें, ताकि अभियान धरातल पर प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जनोन्मुखी पहल है।

इसका लक्ष्य है, हर घर तक पहुंचना, राजस्व सेवाओं को पारदर्शी बनाना और





रिकॉर्ड अपडेट करना। इसके तहत जमाबंदी की प्रति, पंफलेट एवं आवेदन प्रपत्र घर-घर जाकर वितरित किए जाएंगे।

हल्का स्तर पर दो शिविरों का आयोजन किया जाएगा और आवेदनों को साक्ष्य के साथ कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में ग्रामीण विकास, पंचायती राज, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण और सूचना एवं जनसंपर्क विभागों का सहयोग लिया जाएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति टोला तक विशेष अभियान चलाने की योजना भी बनाई गई है, ताकि डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान की तर्ज पर वंचित वर्ग तक समुचित सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

**जिलास्तर पर टीम को प्रशिक्षित कर सक्षम बनाना है :** कार्यक्रम में विभाग के सचिव श्री जय सिंह ने मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि टीम भावना एवं समन्वय ही इस अभियान की रीढ़ है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सभी को जिलास्तर पर टीम को प्रशिक्षित कर सक्षम बनाना है। गांवों में पूछे जाने वाले सवालों का सकारात्मक जवाब देने के लिए नीचे स्तर तक की टीम को तैयार रखना होगा।आईटी मैनेजर आनंद शंकर द्वारा अभियान के तकनीकी पक्ष, पोर्टल उपयोग, आवेदन प्रक्रिया, माइक्रो प्लान एवं क्रियान्वयन मॉडल पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। जिलावार मास्टर ट्रेनरों के डाउट्स को भी मौके पर दूर किया गया। प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिलों से एकझएक भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन को लेकर शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिवचर्चा

बिहटा। स्थानीय अमहरा के चौधरी पट्टी स्थित कृष्णेश्वर महादेव के मंदिर में सावन को लेकर जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, मौके पर शिवचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत पिछड़ा समाज के अरुण राम की पत्नी ने मन्नत की पूर्ति के उपलक्ष में किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद संजेश कुमार ने शिवचर्चा में शामिल महिला श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश नंदन ने व श्रद्धालुओं का स्वागत मंदिर निर्माणकर्ता विनय कुमार ने की।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए मो. रफी



फतुहा। बुधवार को शहर में महारानी चौक स्थित एक निजी हॉल में सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान के सौजन्य से मो. रफी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान टुनटुन यादव ने कहा कि महान गायक मो. रफी ने कई अनमोल गीत गाए हैं उनको हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। वही मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान को एक वाद्य यंत्र भेंट किया। सभी कलाकारों ने मो. रफी के तैल चित्र पर श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित किया। इस विशेष अवसर पर सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान के गायक, वादक कलाकारों द्वारा मो. रफी के एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों को पेश किया। गायक, वादक कलाकारों में दिनेश प्रसाद, मो. शब्बीर, धर्मेन्द्र कुमार, रंजय कुमार, दिग्विजय, रूपा कुमारी, अंकिता कुमारी, शिखा राज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संचालक देवेन्द्र सर ने किया।

### 16 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत 31 तारीख को जुलाई माह में सेवानिवृत्त हुए 16 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान नहीं दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन श्री आधार राज एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा श्री राजीव कुमार सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं ईसीआरईयू, एस. सी. एस.टी.एसोसिएशन एवं एआईओबीसीआरई एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# डॉ. जाकिर हुसैन उच्च विद्यालय, सुल्तानगंज में छात्राओं को डेंगू एवं चिकनगुनिया पर किया गया जागरूक

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना- आज गुरुवार को सुल्तानगंज स्थित डॉ. जाकिर हुसैन उच्च विद्यालय+2 में स्कूल की छात्राओं को डेंगू एवं चिकनगुनिया रोग एवं इसके खतरों में बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पटना, भारत सरकार, डॉ. रवि शंकर सिंह द्वारा छात्राओं को विस्तार से डेंगू एवं चिकनगुनिया के बारे में बताया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. नक्विम इमाम, स्कूल के 40 शिक्षक, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार कल्याणी कुमारी, वीडीसीओ पंकज कुमार, अभिनव



कुमार, ऋचा कुमारी, दिलीप कुमार, अमरजीत कुमार, सिफार की नेहा एवं पिरामल स्वास्थ्य की तरफ से प्रदीप उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. जाकिर हुसैन उच्च विद्यालय 840 छात्राएं शामिल रहीं. छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि मानसून के महीनों में मच्छर जनित रोगों का खतरा बना रहता है. इस मौसम में जगह जगह जलजमाव की समस्या रहती है. इसमें मच्छर के लार्वा आसानी से पनपते हैं. नगर निगम द्वारा छिड़काव किया जा रहा है लेकिन खुद सावधानी रखकर डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों से सुरक्षित रहा जा सकता है। डॉ. रवि शंकर सिंह ने बताया कि डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचने के लिए घर में साफ सफाई पर ध्यान रखें, कूलर एवं गमले का पानी रोज बदलें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छर भागने वाली क्रीम का इस्तेमाल दिन में करें, स्कूल पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर आयें, आस-पास गंदगी जमा नहीं होने दें एवं अपने दोस्तों को भी डेंगू से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण सात दिन के अंदर स्पष्ट होने लगते हैं.सर दर्द एवं बदन दर्द, उल्टी, तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द होना इसके विशेष लक्षण हैं. दर्द से बुखार आ जाता है, जिसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं. एक व्यक्ति के बुखार से संक्रमित होने पर इसका खतरा अन्य लोगों को भी होता है।

# ज्ञानि बनो, क्योंकि मानव गुण की पूजा सर्वत्र होती है : ब्रजेश मुनि महाराज



## • कबीरपंथी आश्रम में साप्ताहिक सत्संग भजन का भव्य आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना। मीठापुर अवस्थित कबीरपंथी आश्रम सह कबीर साईं मदिर परिसर में, कबीर मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित एकदिवसीय सत्संग भजन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजन में महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्ल मानुष तेरा गुण बड़ा, माँसु न आवे काज। हाड़ न होते आभरण, त्वचा न बाजन बाज॥ हे मनुष्य ! तेरे दयादि सद्गुण ही श्रेष्ठ हैं,अन्यथा तेरा शरीर व्यर्थ है। आगे कहा कि हमें इसी जीवन में सद्ज्ञानी बनने का अथक प्रयास करना चाहिए। क्योंकि ज्ञानी पुरुष का हर जगह आदर सत्कार होता रहता है। जिस तरह से एक राजा की पूजा देशभर में होती है। पर विद्वानों की पूजा पूरी दुनिया में होती है। मानव गुनी तभी हो सकता है, जब वह अपने जीवन में गुरु धारण करता है। गुरु के आज्ञा में रहता है। ईश्वर की भक्ति करता है और सदैव अच्छे कर्म से लोगों की सेवा करते रहता है। विदित हो कि इस दौरान महिला मंडली के श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाया गया। कार्यक्रम के अंत में सद्गुरु कबीर साईं की आरती की गई एवं भंडारा किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सर्वेंद्र कुमार, मुखिया मनिकचंद, डॉ. डीके भास्कर, महंत परमानंद शास्त्री, महंत दिवाकर दास सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

# राजद विधायक पर केस करने वाले पंचायत सचिव पर राजद नेता ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

## कहा, बिहार में अफसरशाही चरम पर, जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहे अधिकारी

प्रातः किरण, संवाददाता

बिक्रम : राजद विधायक भाई वीरेंद्र और मनेर प्रखंड के पंचायत सचिव संदीप कुमार मामले में बिक्रम के सेलगढ़ निवासी समाजसेवी सह राजद नेता ई राघवेंद्र कुमार ने पंचायत सचिव पर जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए निंदा की है। उन्होंने कहा कि मनेर विधायक भाई बीरेन्द्र ने एक पीड़ित महिला के मृत पति के मृत्यू प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग हेतु कॉल किया था, लेकिन एक प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि से पंचायत सचिव का व्यवहार निंदनीय है` उन्होंने कहा कि बिहार में अफसरशाही चरम पर है, सरेआम



जनप्रतिनिधियों का अपमान लोकतंत्र का भी अपमान है` उन्होंने कहा कि बिहार में अधिकारी अनियमितता करने पर उतारू हैं, अंचल व प्रखंड घुसपैठियों का अड्डा बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों का ऐसी अपमान अब बिहार की जनता को बर्दाश्त नहीं है` आगामी चुनाव में बिहार की जनता इसका हिसाब चुकता करेगी` उन्होंने पंचायत सचिव दीपक कुमार पर जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है` उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव ने उस महिला से मृत्यू प्रमाण पत्र के एवज में घूस मांग कर प्रताड़ित कर रहा था जिसकी शिकायत पर मनेर विधायक ने उन्हें फटकार लगाई थी। राजद नेता ई राघवेंद्र ल्ली सरकार व विभागीय अधिकारियों से विधायक के साथ अमानवीय बर्ताव के विरोध में पंचायत सचिव दीपक की अविलम्ब निलंबन की मांग की है।

# शॉर्ट सर्किट से एमएम कॉलेज के सेमिनार भवन में लगी आग, लाखों की संपत्ति जले

प्रातः किरण, संवाददाता

बिक्रम : स्थानीय दादूपुर गाँव स्थित महंत मधुसुदन महाविद्यालय के प्राशासनिक भवन स्थित सेमिनार हॉल में गुरुवार को शॉट सर्किट से आग लग गई जिसमें लाखों की संपत्ति राख हो गई।जानकारी के मुताबिक गुरुवार को अहले सुबह ही स्थानीय लोगों ने कॉलेज परिसर के सेमिनार हॉल से आग की लपटें और काला धुंआ निकलते हुए देखा तो अफरा तफरी मच गई।लोगों ने इसकी खबर बिक्रम थाने व कॉलेज प्रशासन को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व स्थानीय लोग आग बुझाने की कोशिश में जुट गए दमकल की टीमें, स्थानीय प्रशासन व मौजूद ग्रामीणों की लगभग तीन घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उक्त कॉलेज के प्राचार्य प्रो अवधेश यादव ने बताया कि सेमिनार हॉल में शॉट सर्किट से आग लगी है। इसकी सूचना मिलते ही कॉलेज के कर्मी राजू सिंह,रमेश पांडेय सहित कई लोग पहुंच गए।

# प्रेम प्रसंग में रहने वाला एक युवक को दाब से मार कर कर दी गई हत्या

प्रातः किरण, संवाददाता

दानापुर नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथियागंज सराय में एक महिला के साथ प्रेम संबंध बनाना हथियाकांध निवासी शिवम उर्फ बंटी को जान गवानी पड़ी। पड़ोसी ने ही घर के निकट उसे दाब से मार कर हत्या कर दी। गुरूवार को इसका खुलाशा करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल सुधीर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जबकि महिला के परिवार वाले फरार है। पुलिस के द्वारा कार्रवाई को लेकर कुछ दिन पहले सुधीर ने शिवम के घर पर चढ कर मृतक के परिवार वालो को धमकी दी थी। जिसके बाद छानबीन करते हुए पुलिस ने उसे धड़ दबोचा। बताया जाता है कि शिवम उर्फ बंटी पडोस में रहने वाले रौशन उर्फ फाईटर के पत्नी से प्रेम संबंध बना लिया था। एक साल पूर्व रौशन की शादी हुई थी। जिसको लेकर पड़ोसी रौशन व उसके पिता मुकेश सिंह आदि ने समझाया था। इसका विरोध भी लोगो ने किया। उसी के कारण शिवम की हत्या की बात सामने आयी। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के हथियाकांध में घर के पास राकेश सिंह के पुत्र शिवम कुमार उर्फ बंटी की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें मृतक के दादा ब्यान पर शाहपुर थाना सं0-300/25 दिनांक 18.07.2025 धारा-103 (1)/3 (5) भा०न्या०सं० दर्ज किया गया था। काड़ के अनुसंधान में शिवम उर्फ बंटी का पडोस में रहने वाली एक महिला के साथ निजी संबंध होने की बात प्रकाश में आयी है। उसी निजी संबंध के कारण रौशन उर्फ फाईटर, धनंजय सिंह, मुकेश सिंह, राहुल कुमार एवं सुधीर सिंह के द्वारा मिलकर हत्या की गई हैं।उन्होने बताया कि सुधीर ने उक्त घटना के संलिप्तता की बात स्वीकर की है।

# जीकेसी 3 अगस्त को मनायेगा सावन महोत्सव

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना। पारिवारिक सौहार्द, सांस्कृतिक उमंग और पारम्परिक भारतीयता का संगम ह्लसावन महोत्सवह्व राजधानी पटना में, ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) अपने केन्द्रीय कार्यालय रॉयल गार्डेन, पटना में 3 अगस्त 2025, रविवार को आयोजन करेगी। इस महोत्सव की विशेषता यह है कि इसमें जी.के.सी. की महिला सदस्य, पदाधिकारीगण एवं उनके परिवारजन पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धजकर शामिल होंगे। सावन का महीना वैसे भी हरियाली, उल्लास और रिमझिम फुहारों का प्रतीक होता है, ऐसे में जब पूरा वातावरण मस्ती में डूबा हो और लोग अपने पारिवारिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव को मन से जी रहे हों, तो दृश्य स्वयं में ही मनोहारी बन जाता है। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निशा परासर और सह-संयोजिका अराधना कुमारी हैं, जो इस आयोजन को महिलाओं की भागीदारी और सांस्कृतिक प्रस्तुति के दृष्टिकोण से एक



नई ऊंचाई देने का प्रयास कर रही हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की पूरी स्वतंत्रता दी गई है। कोई भी सदस्य नृत्य, संगीत, कविता, नाटक अथवा पारम्परिक खेलों के जरिए मंच को सजा सकता है। कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थिति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता को बल मिलेगा। प्रतिभागी हरे-भरे परिधान में होंगे, जो सावन की पारंपरिक पहचान को उभारेंगे। कार्यक्रम का प्रारंभ अपराह्न 4 बजे होगा और इसे एक सांझ की सांस्कृतिक महफिल के रूप में अनुभव किया जा सकेगा। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस हमेशा से अपने सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता, परंपरा और प्रगति का संदेश देती आई है। यह सावन महोत्सव न केवल मौसम की सुंदरता को समर्पित है, बल्कि यह कायस्थ समाज की सामाजिक जीवंतता और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक बनेगा। ग्लोबल उपाध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रभारी-सह-बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने यह सूचना साझा करते हुए समाज के सभी सदस्यों से अपील किया है कि वे इस पारिवारिक मिलन समारोह में सहभागी बनकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं और सावन के इस उत्सव को एक अविस्मरणीय स्मृति में बदलें। दीपक अभिषेक के अनुसार, कार्यक्रम में जीकेसी ग्लोबल अध्यक्ष श्राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष, बिहार प्रदेश दीपक कुमार अभिषेक, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान संयोजक सह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी,बिहार प्रदेश निलेश रंजन, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, बिहार प्रदेश सचिव डॉ कृष्ण कुमार सिन्हा, सावन महोत्स्व 2025 संयोजक डॉ निशा परासर, सदस्य पटना जिला संदीप कुमार सिन्हा , कार्यालय सचिव प्रसून श्रीवास्तव एवं जीकेसी पटना जिला के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी लोग, कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की सहमति दी है।

# निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर की गई समीक्षा बैठक

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना द्वारा निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान,2025 के तहत आगामी गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। आम नागरिकों को विशेष सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन मोड में दावों एवं आपतियों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु सभी ईआरओ को विशेष कैम्प का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। 2 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रत्येक दिन सोमवार से रविवार तक लगातार 10 बजे पूर्वाह्न से 05 बजे अपराह्न तक सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों (अएफ्ह२) एवं शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैम्प लगाया जाएगा। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार 01जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत 1 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने पर ँ३३स्र२://५ङ्क३ी१२ॅ.ङ्ख५.ल्ल/ङ्क६ल्ल'ङ्क-ी१ङ्क''?२३ंउङ्की=र04 पर देखी जा सकती है। दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक निर्धारित है। 30 सितंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। विशेष कैम्प, जिसका उद्देश्य ह्लकोई मतदाता छूटे नहींह्व है, पूर्व में संचालित व्यवस्था के अतिरिक्त रहेगी। विदित हो कि जिलाधिकारी के निर्देश पर निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन, दावों एवं आपतियों को प्राप्त करने तथा उसका गुणवत्तापूर्ण निष्पादन आदि के संबंध में सभी 14 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 6,192 बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवायजर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# राहुल गांधी का बयान भारत की अर्थव्यवस्था नहीं उनकी सोच को डेड साबित करता है : ऋतुराज सिन्हा

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना : कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) कहे जाने पर खुशी जताने वाले बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को ह्वडेड इकोनॉमीह्न कहने वाले बयान पर तालियां बजाना राहुल गांधी की डेड सोच का परिचायक है, न कि भारत की अर्थव्यवस्था का। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लगता है कि भारत का अपमान करना कोई उपलब्धि है। जब देश आगे बढ़ रहा हो, तब विदेशी मंचों पर भारत को नीचा दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, शर्मनाक भी है। यह वही मानसिकता है जिसने बार-बार देश के गौरव को ठेस पहुँचाई है। जब भारत पूरी दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, उस समय इस तरह की बयानबाजी साफ दशार्ती है कि राहुल गांधी की सोच आज भी हताशा और दिशाहीनता में डूबी हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि



राहुल गांधी का यह रवैया नया नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने विदेश में भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया हो। फर्क बस इतना है कि इस बार वे बिना किसी शर्म के खुलेआम यह स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें ट्रम्प जैसे नेता के भारत-विरोधी बयान से खुशी मिल रही है। क्या यह वही कांग्रेस है जो कभी भारत माता की जय को अपना आदर्श बताती थी? आज राहुल गांधी की राजनीति भारत विरोधी विमर्श पर टिक गई है। उन्होंने कहा कि भारत अब 1990 वाला भारत नहीं – ये न्यू इंडिया है । राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि आज का भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में खड़ा कर दिया है। देश में रिकॉर्ड एफडीआई, ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और स्टार्टअप क्रांति दिखाती है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, और आगे बढ़ रहा है – लेकिन राहुल गांधी हैं कि डेड की रट लगाकर अपनी अपरिपक्वता और निराशा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने कांग्रेस नेतृत्व से सीधा सवाल पूछा कि क्या राहुल गांधी और उनकी पार्टी अमेरिका की टैरिफ नीति के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ी होगी? या हमेशा की तरह विदेशी ताकतों के सुर में सुर मिलाकर भारत को अपमानित करने का ही काम करती रहेगी? उन्होंने कहा कि देश की जनता यह देख रही है कि कौन भारत को बदनाम करता है और कौन गर्व से उसका प्रतिनिधित्व करता है। राहुल गांधी जैसे नेता भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को डेड कहकर खुद को ही छोटा साबित कर रहे हैं।

# बेंगलूरू, चर्लपल्ली, हावड़ा एवं उधना के लिए चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि का विस्तार


प्रातः किरण, संवाददाता

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी संख्या 03251/03252 दानापुर-एसएमभीबी-दानापुर स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-पेरम्बूर (चेन्नई)-काटपाडी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 03251 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 03अगस्त से 25 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को (कुल 08 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल दानापुर से 15.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 14.30 बजे एसएमभीटी, बेंगलूरू पहुंचती है। इसी तरह गाड़ी संख्या 03252 एसएमभीबी, बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी, बेंगलूरू से 05 अगस्त से 27 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को (कुल 08 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल एसएमभीबी, बेंगलूरू से 23.50 बजे खुलकर तीसरे दिन 23.55 बजे दानापुर पहुंचती है । 2.गाड़ी संख्या 03259/03260 दानापुर-एसएमभीबी-दानापुर स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-पेरम्बूर (चेन्नई)-काटपाडी के रास्ते) -दानापुर से 05अगस्त से 26 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को (कुल 04 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल दानापुर से 15.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 14.30 बजे एसएमभीटी, बेंगलूरू पहुंचती है। गाड़ी संख्या 03260 एसएमभीबी, बेंगलूरू-दानापुर स्पेशल एसएमभीबी, बेंगलूरू से 07 अगस्त से 28 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को (कुल 04 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल एसएमभीबी, बेंगलूरू से 23.50 बजे खुलकर तीसरे दिन 23.55 बजे दानापुर पहुंचती है । 3.गाड़ी संख्या 03253/03254 पटना-चर्लपल्ली-पटना स्पेशल (गया-गोमो-रांची-रायपुर -दुर्ग-नागपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल पटना से 04 अगस्त से 29 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल पटना से 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बज चर्लपल्ली पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 07255/07256 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल चर्लपल्ली से 06 अगस्त से 01अक्टूबर तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को (कुल 17 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल चर्लपल्ली से 23.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 11.30 बजे पटना पहुंचेगी । 4.गाड़ी संख्या 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल (झाझा-जसीडीह के रास्ते)-गाड़ी संख्या 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल पटना से 17 अगस्त से 14 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 05 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल पटना से 05.30 बजे खुलकर 13.25 बजे हावड़ा पहुंचती है । इसी तरह गाड़ी संख्या 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल हावड़ा से 17 अगस्त से 14 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 05 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल हावड़ा से 14.15 बजे खुलकर 22.30 बजे पटना पहुंचती है । 5.गाड़ी संख्या 05559/05560 रक्सौल-उधना-रक्सौल स्पेशल (नरकटियागंज-कप्तानगंज- गोरखपुर-लखनऊ-उज्जैन-रतलाम के रास्ते) - गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल रक्सौल से 02 अगस्त से 27 सितंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को (कुल 09 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल रक्सौल से 05.30 बजे खुलकर अगले दिन 12.35 बजे उधना पहुंचती है । इसी तरह गाड़ी संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल उधना से 03.08.2025 से 28.09.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 09 फेरे और) परिचालित की जायेगी । यह स्पेशल उधना से 15.35 बजे खुलकर तीसरे दिन 00.15 बजे रक्सौली पहुंचती है।

# छपरा ग्रामीण- हाजीपुर शाहपुर पटोरी बछवाड़ा तथा बरौनी- कटिहार खंड पर तीसरी और चौथी लाइन

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल में (1) छपरा ग्रामीण- सनपुर हाजीपुर -शाहपुर पटोरी बछवाड़ा, (2) हाजीपुर-मुजफ्फरपुर- समस्तीपुर-बछवारा तथा (3) बरौनी - कटिहार खंड में लगभग 450 किलो मीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने का कार्य रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया था। प्रथम चरण में लगभग 311 किलोमीटर लंबे छपरा ग्रामीण- सोनपुर-हाजीपुर शाहपुर पटोरीबछवाड़ा तथा बरौनी- कटिहार खंड के लिए तीसरी और चौथी लाइन के कार्य हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उ्रढफ) तैयार कर ली गई है । प्रस्तावित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को रेलवे बोर्ड भेजने से पहले महाप्रबंधक/ पूर्व मध्य रेल और अन्य विभाग अध्यक्षों द्वारा आज मुख्यालय हाजीपुर में इसकी गहन समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। 311 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन के इस कार्य को पूरा करने के लिए लगभग 8600 करोड़ की लागत आएगी। शीघ्र ही विस्तृतत परियोजना रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को स्वीकृत हेतु भेजा जाएगा।



प्रस्तावित मार्ग भारतीय रेलवे के उच्च घनत्व नेटवर्क मार्गपर है। प्रस्तावित खंड दिल्ली-गुवाहाटी वाया रोजा-गोरखपुर-कुमेदपुर, उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग का एक हिस्सा है। चूंकि यह मार्ग पूर्वोत्तर भारत को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ता है, इसलिए यह खंड अत्यधिक भीड़भाड़ वाला है साथ ही इस खंड में यात्री गाड़ियों के साथ-साथ मालगाड़ियों की मांग भी बहुत अधिक है । इसलिए इन मार्गों में रुकावटों को दूर करने के लिए प्रस्तावित खंड पर तीसरी और चौथी लाइन की क्षमता वृद्धि का कार्य प्रस्तावित किया गया है। यह मार्ग बिहार के कटिहार, भागलपुर, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर, वैशाली और सारण जिले से गुजरेगी ।विभिन्न जिलों में इसकी लंबाई यथा कटिहार में 41.25 किमी, भागलपुर में 40.10 किमी, खगड़िया में 49.80 किमी, बेगुसराय में 70.15 किमी, समस्तीपुर में 15.00 किमी, वैशाली में 38.10 किमी और सारण में 56.39 किमी होगी । इस कार्य के अंतर्गत कुरसेला के निकट कोसी नदी पर तथा हाजीपुर के समीप गंडक नदी पर नया रेलवे पुल बनाया जाएगा । इसके अतिरिक्त कुल 21 बड़े और 82 छोटे पुल भी बनाए जाएंगे। कुल 69 स्थानों पर छ्लर बनाकर समपार फाटकों को हटाया जाएगा। दूसरे चरण में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बछवारा खंड में तीसरी और चौथी लाइन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उ्रढफ) भेजा जाएगा। बछवारा-बरौनी खंड में तीसरी और चौथी लाइन का कार्य पहले से ही स्वीकृत है और यह कार्य प्रगति पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड नहीं मतदान केंद्रों पर लगाया जाए विशेष कैंप: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग से एक 01 अगस्त को प्रकाशित होने वाली औपबंधिक मतदाता सूची पर दावा एवं आपत्ति लेने के लिए बिहार के सभी 77,895 मतदान केंद्र पर विशेष कैंप लगाने की मांग की। आयोग ने 2 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक प्रखंड मुख्यालय में विशेष कैम्प लगाने की घोषणा की है। वह अव्यवहारिक है। क्योंकि पंचायत से प्रखंड कार्यालय की दूरी 15-20 किलोमीटर होती है। जिससे आम लोगों को प्रखंड मुख्यालय पहुँचने में कठिनाई होगी और अर्थिक बोझ भी पड़ेगा। इसलिए पूर्व की भांति मतदान केंद्र पर ही विशेष कैंप लगाया जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भारत निर्वाचन आयोग से प्रखंड मुख्यालय के बजाय सभी मतदान केंद्रों पर 01 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 तक विशेष कैम्प लगाने की मांग करती है।

### कर्ज के सवाल को बिहार चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाएं: दीपंकर

पटना। महान कथाकार प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर आईएमए हॉल में कर्ज मुक्ति महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में भारी संख्या में कर्ज के बोझ तले दबी महिलाओं ने भाग लिया और अपनी पीड़ा, गुस्से और संघर्ष को साझा किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार की नीति ही बन चुकी है इन लोगों को कर्ज में धकेल दो ताकि वे कोई और सवाल ही न उठा सकें। उन्होंने कहा कि आज बिहार में महिलाएं, किसान, और गरीब तबके कर्ज के जाल में फँसे हैं, लेकिन हम शिव चर्चा कर रहे है। यह कैसा मजाक है कि एक ओर आत्महत्या की खबरें आ रही हैं, लोग रोजगार और रोटी के लिए तरस रहे हैं और दूसरी ओर रकफ हो रहा है। दीपंकर ने कहा कि आज की यह चर्चा, एक आंदोलन की शुरूआत है। कर्ज का सवाल अब बिहार चुनाव का सबसे बड़ा सवाल बनना चाहिए। हम सब मिलकर इसे गांव-गांव, गली-गली पहुंचाएँगे। जो आत्महत्या कर गए, उनके प्रति हमारी संवेदना है, लेकिन हमें और लोगों को उस रास्ते से रोकना है। मिलकर ही इसका रास्ता निकलेगा।

### कर्ज अब मुसीबत नहीं, मौत बन गया है : ज्यां ड्रेज

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां ड्रेज ने कहा कि आज हालात ये हैं कि लोग जरूरत में कर्ज.लेते हैं, लेकिन वह फंदा बन जाता है। मूलधन के साथ-साथ ब्याज पर ब्याज और फिर उसके ऊपर ब्याज वसूला जा रहा है। माइक्रोफाइनेंस कंपनियाँ फरजी नामों से चल रही हैं, बिना किसी पारदर्शिता के। उन्होंने चेतावनी दी कि बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में यह लूट धड़ल्ले से चल रही है, और सरकारें तमाशबीन बनी हुई हैं।

### बेकार की कवायद साबित होगी राहुल-तेजस्वी की रैली : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की संयुक्त रैली पर जोरदार तंज कसते हुए कहा कि राहुल और तेजस्वी रैली नहीं, बल्कि परिवारवाद का फैशन शो करेंगे। वे बिहार के नौ प्रमंडलों में घूम-घूम कर अपना परिवारवादी चेहरा दिखाएंगे। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राहुल और तेजस्वी चाहे रैली करें या रोड शो, बिहार की जनता पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला। क्योंकि बिहार की जनता दोनों को अच्छी तरह जानती है। बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में इनकी पहचान परिवारवाद की उपज के रूप में है। राहुल और तेजस्वी जिस परिवार से आते हैं, वह परिवार पूरे देश में परिवारवाद और भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। राहुल गांधी के पूर्वज ने अपने शासनकाल में आपातकाल लगाकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को गिरवी रखा। देशहित के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए काम किया। वहीं, तेजस्वी यादव के परिवार के कारनामे को कौन नहीं जानता। चारा घोटाले से लेकर नौकरी घोटाला तक उनपर घोटाले की लंबी फेहरिस्त है। ये कहीं भी जाएं, इनके साथ इनके दामन में लगे दाग भी साथ जाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि राहुल और तेजस्वी की संयुक्त रैली बेकार की कवायद साबित होगी, क्योंकि बिहार की जनता मन बना चुकी है कि एक बार फिर बिहार में एनडीए सरकार को ही लाना है।

# स्तनपान पर विशेष जागरूकता के लिए मनेगा विश्व स्तनपान सप्ताह : मंगल

- 1 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह
- सभी स्वास्थ्य संस्थानों को बोतल बंद दूध मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य में नवजातों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार राज्य में एक अगस्त से सात अगस्त तक ''विश्व स्तनपान सप्ताह'' मनाया जाएगा। इसे स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष विश्व स्तनपान दिवस को ''स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश'' के थीम पर मनाया जाएगा। थीम की तर्ज पर स्तनपान सप्ताह के दौरान माताओं को नवजात मृत्यु दर में कमी लाने, शिशुओं के समुचित शारीरिक ,मानसिक विकास, कुपोषण से बचाव के लिए स्तनपान के महत्व को बताया जाएगा। इसके अलावा स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के अंदर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय गतिविधियों में पीएचसी स्तर पर स्वस्थ हेल्दी बेबी शो का आयोजन कर स्तनपान पर जागरूकता बढ़ाया जाएगा।

श्री पांडेय ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों को बोतल बंद दूध मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा। प्रसव केंद्रों पर कार्यरत एएनएम, स्टाफ नर्स या ममता का स्तनपान से होने वाले लाभ एवं डिब्बा बंद दूध तथा बोतल एवं निप्पल के प्रयोग से होने वाले नुकसान के संबंध में उन्मुखीकरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा अगस्त माह में होने वाले आरोग्य सत्र दिवस में सभी दो वर्ष तक के बच्चों की माताओं को निमंत्रित करेंगी और शिशु एवं छोटे बच्चे के आहार पर पंचायती राज संस्थाओं की महिला सदस्यों के द्वारा प्रोत्साहित करेंगी।

श्री पांडेय ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एक साथ स्तनपान के समर्थन का संकल्प लिया जाएगा। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, सिविल सर्जन तथा जिला स्वास्थ्य समिति स्तर के अधिकारी तथा आईसीडीएस स्तनपान सप्ताह पर होने वाली गतिविधियों का जिला स्तर पर अनुश्रवण करेंगे। वहीं प्रखंड स्तर पर यह कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी करेंगे स स्वास्थ्य विभाग राज्य में स्तनपान को हर स्तर पर बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास भी कर रही है।

## कोर्ट के फैसले से स्पष्ट हुआ हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता : मंगल

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट से साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों के बरी होने पर कहा है कि कांग्रेस की हिन्दू आतंकवाद जैसी शर्मनाक साजिश पूरी तरह से बेपर्द हो गई है। अब कांग्रेस को पूरे देश और विराट हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के समानांतर कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद की थ्यूरी स्थापित करने की घृणित साजिश की थी।

समस्त हिन्दू समुदाय को बदनाम व अपमानित करने की नीयत से कांग्रेस ने झूठे तथ्यों व आधारों पर मालेगांव ब्लास्ट मामले में सात ऐसे लोगों को फंसाया जो आज पूरी तरह से निर्दोष साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के उन्माद और वोट बैंक साधने के लिए कांग्रेस ने यह साजिश रची थी। समस्त हिन्दू समुदाय को बदनाम व अपमानित करने की नीयत से कांग्रेस ने झूठे तथ्यों व आधारों पर मालेगांव ब्लास्ट मामले में सात ऐसे लोगों को फंसाया जो आज पूरी तरह से निर्दोष साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के उन्माद और वोट बैंक साधने के लिए कांग्रेस ने यह साजिश रची थी। कांग्रेस का मकसद अल्पसंख्यकों के मन में बहुसंख्यकों का डर पैदा करना व सनातन के विरोध में माहौल बनाना था।

श्री पाण्डेय ने कहा कि मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे।

# 130 करोड़ की लागत से 10 जिलों में होगा पथ एवं पुलों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने राज्य योजना मद से 11 विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की। इस संबंध में मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि 10 जिलों में पथ एवं पुलों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए करीब 130 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। इस योजनाओं के जरिये राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी, साथ ही सड़क संपर्कता अधिक सुविधाजनक होगी। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग विकसित बिहार की ओर आगे बढ़ते हुए लगातार निर्णायक कदम उठा रही है। राजधानी पटना में सड़क अधोसंरचना को गति देने के उद्देश्य से विभाग ने हाल ही में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इन योजनाओं को लागू करने के लिए करीब 130 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जिससे 10 जिलों के विभिन्न इलाकों में पथ एवं पुल निर्माण, चौड़ीकरण और सतह नवीकरण का कार्य होगा। वहीं, इस संबंध में मंत्री ने बताया कि इन योजनाओं में जमुई जिला अंतर्गत सोनो ग्ररका पत्थर पथ दूसरे किमी में बरनार नदी पर बेली ब्रिज एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य, नालंदा अंतर्गत धनौली से रहुई माया खिरीना पथ के चैनेज किमीट 100 से किमी 8.20 पथ के चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, हाजीपुर अंतर्गत अधड़ाब बौक से शेरपुर नाया मधुआं पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य, मुजफ्फरपुर अंतर्गत रुन्नीसैदपुर-कटरा-क्वेटसा पथ, नाया गोला बाजार-छोवामिल दुधैलामठ के नजरमीरा के 5वें किलोमीटर में उच्चस्तरीय आरसीसी पुल निर्माण कार्य, पूर्णिया जिला अंतर्गत एनएच-107 से काशी पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य एवं पूर्वी चंपारण अंतर्गत संधारित मोतिहारी-बरनवाघाट-छौद्धादानों पथ पर सिमेंट कंक्रीट पब्ब्थ, पेमेर ब्लॉक एवं नाला निर्माण की योजना को भी शामिल किया पथ के 32वें किमी में नाला निर्माण कार्य आरा अंतर्गत सपना सिनेमा मोड़ से रमणा मैदान भाया शिवगंज, बारीमठिया, शहिद मगल सिंह चौक, टाउन थाना तक पथ के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य को शामिल किया गया है। साथ ही हाजीपुर अंतर्गत गोरौल-सोन्यो-मथनामल पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य, सुपौल के प्रतामगंज से छातापुर तक 9वें किलोमीटर में पुल का मरम्मति कार्य, समस्तीपुर के हसनपुर-सखया घाट पथ के आरेखन में अवस्थित पुल के कार्य, सारण में छपरा-सोनपुर गया है। मंत्री श्री नवीन ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि बिहार के सभी जिलों को मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जोड़ा जाए, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, प्रशासन और परिवहन तक आम जनता की आसान पहुंच सुनिश्चित हो सके। विभाग द्वारा शहर की कई पथों का कायाकल्प करने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। साथ ही सड़क संपर्कता के विकास की दिशा में सरकार विशेष रूप से ध्यान दे रही है। बिहार सरकार नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा देने के लिए समर्पित है।

## कांग्रेस की सनातन विरोधी राजनीति को अदालत ने दिखाया आईना : मंत्री

बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट केस पर न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला सत्य और न्याय की जीत का प्रतीक है। यह उन ताकतों के चेहरे पर करारा तमाचा है, जिन्होंने हिंदू आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का प्रयोग कर देशभक्तों और साधु-संतों को बदनाम करने की साज़िश रची थी। श्री नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने केवल दिल्ली में ही नहीं, बल्कि बिहार तक अपने झूठ और नफरत की मानसिकता फैलाने की कोशिश की। समाज में विभाजन पैदा कर, राजनीतिक लाभ के लिए निदोषों को कठघरे में खड़ा करना उनकी सनातन विरोधी सोच को उजागर करता है।

### प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक सघन जनसंपर्क अभियान चलाएगी जदयू की महिला इकाई

# नीतीश सरकार की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाएं : उमेश



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में महिला नेत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए विस्तृत चर्चा हुई। संगठन को मजबूत करने, महिला कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्य को तेज करने की रणनीति तय की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि जदयू की महिला इकाई प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बीते दो दशकों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, उसका प्रभाव आज बिहार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में साफ झलकता है। महिलाओं के कल्याण व उत्थान में उनके योगदान की मिसाल देश के किसी अन्य राज्य में नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि पार्टी की महिला इकाई को इन उपलब्धियों को हर महिला मतदाता तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करना होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारा संकल्प है, जिसे साकार करने के लिए हमें पूरी ताकत के साथ जुटना है और बिहार की बागडोर पुनः नीतीश कुमार के हाथों में सौंपनी है।

इस बैठक में मुख्य रूप से बिहार सरकार की मंत्री शीला मंडल, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता, स्वेता विश्वास, मधु कुमारी, पूजा पैट्रिक, रेणुका कुशवाहा, श्रीमती रुचि अरोड़ा, ममता शर्मा, राजकुमारी विभु, पल्लवी पटेल सहित कई नेतागण उपस्थित रहे। कांग्रेस ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बिहार की जनता तक को गुमराह किया और देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह फैसला झूठ की राजनीति को पूरी तरह बेनकाब करता है।

जिन्होंने हिंदू आतंकवाद जैसी अमर्यादित और असत्य कथा गढ़कर राजनीति की, उन्हें आज देश और न्यायालय दोनों ने जवाब दे दिया है। यह निर्णय साफ संदेश देता है कि राष्ट्रहित से खिलवाड़ करने वाले और देश को बांटने की कोशिश करने वाले कभी सफल नहीं होंगे।

# शराबबंदी कानून पर नीतीश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति : रत्नेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि राज्य सरकार शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वाला चाहे जो भी हो, उसे किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की नीति



इस विषय पर पूर्णतः जीरो टॉलरेंस की है और कानून सभी के लिए समान रूप से लागू है।

## नीतीश कुमार के विजन को अन्य राज्यों ने सराहा और अपनाया : मंडल

परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में वृद्धि हो या आशा एवं ममता कार्यकताओं के मानदेय में बढ़ोतरी, इससे ग्रामीण इलाकों में उत्साह और खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन और कार्ययोजना को देश के कई अन्य राज्यों ने भी सराहा और अपनाया है। ऐसे में विपक्ष द्वारा नकल का लगाया गया आरोप पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन है। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

# डेड सोच वाले ही भारत को डेड इकोनॉमी कह सकते हैं : ऋतुराज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले बयान पर तालियां बजाना राहुल गांधी की डेड सोच का परिचायक है, न कि भारत की अर्थव्यवस्था का। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, राहुल गांधी को लगता है कि भारत का अपमान करना कोई उपलब्धि है। जब देश आगे बढ़ रहा हो, तब विदेशी मंचों पर भारत को नीचा दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, शर्मनाक भी है। यह वही मानसिकता है जिसने बार-बार देश के गौरव को ठेस पहुँचाई है। जब भारत पूरी दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, उस समय इस तरह की बयानबाजी साफ दशार्ती है कि राहुल गांधी की सोच आज भी हताशा और दिशाहीनता में डूबी हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी का यह रवैया नया नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने विदेश में भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया हो।

फर्क बस इतना है कि इस बार वे बिना किसी शर्म के खुलेआम यह स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें ट्रम्प जैसे नेता के भारत-विरोधी बयान से 'खुशी' मिल रही है। क्या यह वही कांग्रेस है जो कभी भारत माता की जय को अपना आदर्श बताती थी? आज राहुल गांधी की राजनीति भारत विरोधी विमर्श पर टिक गई है।

उन्होंने कहा, देश की जनता यह देख रही है कि कौन भारत को बदनाम करता है और कौन गर्व से उसका प्रतिनिधित्व करता है। राहुल गांधी जैसे नेता भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को डेड कहकर खुद को ही छोटा साबित कर रहे हैं।

# भाजपा सभी के कल्याण के लिए संकल्पित : दिलीप

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित मिलन समारोह में समाजसेवी और लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनन्जय कुमार, सर्वेश कुमार सहित सैकड़ों समाजसेवियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी में आने वाले सभी लोगों की पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्ग के लोगों का सम्मान करती है और बिना किसी भेदभाव के सभी के कल्याण और विकास को लेकर संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सही अर्थों में भाजपा एक पार्टी नहीं परिवार है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को इस बात का अभिमान है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। देश को सुखी, समृद्ध, संपन्न और विश्वगुरु बनाना हमारा उद्देश्य है। भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में आगे चल रहा है। इस समारोह में प्रदेश प्रवक्ता प्रेमरंजन पटेल और अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी सहित कई लोग भी मौजूद थे।

इस मिलन समारोह में धनन्जय कुमार, सर्वेश कुमार के अलावा मानव भारती स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, रामनाथ शर्मा, विजय शंकर विद्यार्थी, दीपक कुमार (खगौल), अभिषेक सिंह (पलामू), संजय मिश्रा, संजीत कुमार, नन्दलाल शर्मा, मनीष कुमार, पप्पू राय, मनोज महुआर, कुंदन सिंह, राहुल पटेल, रोहित कुमार, रजनीकांत, आदित्य कुमार, शिव कुमार, सुकून रविदास सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया।

### जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में जयंती समारोह आयोजित

# प्रेमचंद की जब्त कहानी संग्रह सोजे वतन पर चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जनवादी लेखक संघ की पटना जिला कमिटी ने कथा सम्राट प्रेमचंद की जयंती का आयोजन किया। जयंती के मौके पर प्रेमचंद की जब्त कहानियों पर बातचीत कार्यक्रम का जमाल रोड स्थित सूर्या कॉम्प्लेक्स में आयोजन किया गया। इस अवसर प्रेमचंद की सभी जब्त पांच कहानियों पर विस्तार से बातचीत हुई। संगठन के अध्यक्ष और प्राच्य प्रभा के संपादक एवं आयोजन के मुख्य वक्ता विजय कुमार सिंह ने कहा कि आज भी प्रेमचंद का सोजे वतन प्रासंगिक है।

विषय प्रवेश संगठन के कोषाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि प्रेमचंद की कहानियों को इसलिए जब्त किया कि इनकी पांचों कहानियां देशभक्ति और समाज को नई दिशा देने के लिए चर्चित हुआ था। ऐसे कहानियों की देश केलिए आज की परिस्थिति में और अधिक आवश्यकता है। बातचीत में अपनी बात रखते हुए




सुनील कुमार सिंह ने कहा प्रेमचंद जीवन और कला को अलग करके नहीं देखा। उनकी अन्य कहानियों में भी ऐसे ही तथ्य थे।

माकपा नेता अरुण कुमार मिश्र ने कहा प्रेमचंद की समर यात्रा कहानी को 1932 में जब्त किया गया। वे लोगों में क्रांतिकारी भावना और आजादी के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए रचना करते थे। सफाई कर्मियों के नेता शंकर साह ने कहा कि जो हमें अंग्रेज के तरह गर्त में डालने की कोशिश कर रहे हैं उन्हें जनवादी लेखकों के द्वारा गर्त में डाल दिया जाएगा। बातचीत में पत्रकार राजेश ठाकुर, वाई पी यादव, सुजीत कुमार, किशोर कुमार, प्रेरणा के विशाल कुमार समेत बड़ी संख्या में रचनाकारों की भागीदारी हुई।

# भगवती प्रसाद द्विवेदी की कहानी तमाशबीन में दिखते हैं प्रेमचंद के रंग

### साहित्य सम्मेलन में कथा-सम्राट की जयंती से आरंभ हुई एकल-कथा-पाठ श्रृंखला

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सुप्रसिद्ध कथाकार भगवती प्रसाद द्विवेदी की कहानियाँ यथार्थ पर कल्पना की चासनी जैसी मीठी, किंतु मर्म-स्पर्शी हैं। इनकी अनेक कहानियों में अनेक स्थलों पर कथा-सम्राट मुंशी प्रेमचंद दिखाई देते हैं। इनकी कहानी तमाशबीन में कथा-शिल्प की शास्त्रीयता और सौंदर्य पाठक-मन को आकर्षित करने में सक्षम है। इसमें जीवन के विविध रस-रंग और अनुभूतियाँ समाहित हैं। यह विचार गुरुवार को कथा-सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती से आरंभ हुई, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की बहु-प्रतीक्षित एकल-कथापाठ-श्रृंखला कथयामि कथा के प्रथम अंक और जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए डा अनिल सुलभ ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कथयामि कथा एक ऐसा सारस्वत आयोजन है, जो एक कथाकार को पूरा अवसर देता है कहने का भी और त्वरित समालोचना सुनने का भी। इससे कथाकार को अपना गुण-दोष जानने और परिमार्जन का लाभ भी प्राप्त होता है। महाकवि तुलसी और कथा-सम्राट प्रेमचंद को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि, दोनों ही महान




साहित्यकार हिन्दी-साहित्य के गौरव और प्रकाश-स्तम्भ हैं। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि प्रेमचंद युग-बोध के कथाकार हैं। उन्होंने मानव-संवेदनाओं को गहराई से समझा और उन्हें शब्द दिए। इसीलिए प्रेमचंद आज भी प्रासंगिक हैं। वरिष्ठ कथाकार रमेशचंद्र, कथाकार जयंत, लघुकथाकार सिद्धेश्वर, डा शशिभूषण सिंह, डा रत्नेश्वर सिंह, रमेश श्रीवास्तव आदि ने भी पढ़ी हुई कथाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन में, डा पुष्पा जमुआर, डा पूनम आनन्द, विभा रानी श्रीवास्तव, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय आदि साहित्यकार और प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित थे। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

## पुलवामा के शहीद सैनिकों के परिजनों को कांग्रेस ने दिया एक एक लाख का चेक

# इंडिया की सरकार बनी तो शहीद सैनिकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए : रोहित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी और विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और बिहार कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पहल पर पुलवामा में शहीद हुए हैं उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उनके परिजनों को एक एक लाख रुपए



की सहायता राशि भेजी, जिसे आज उन्हें सौंपा गया। इस मौके पर शहीद इम्तियाज अली और रामबाबू सिंह के परिवार का सम्मान करने का काम भी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में किया गया।

अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी ने कहा कि देश की वर्तमान सरकार सेना का राजनीति में इस्तेमाल कर रही है और सेना के जवान जो सरहदों पर हर विषम परिस्थितियों में हमारी रक्षा कर रहे हैं उनके शहादत को वर्तमान सरकार छिपाकर राजनीतिकरण कर रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार कांग्रेस एक्स सर्विसमैन कांग्रेस की तमाम बातों को मानती है और आगामी चुनाव में इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने को प्रतिबद्ध है। हमारे नेता राहुल गांधी ने बिहार से शहीद हुए सैनिकों और अग्निवीर योजना से चयनित सैनिकों के शहीद होने पर अपनी सांत्वना उनके परिजनों को प्रेषित की है। हम एक छोटी सहायता राशि अपने ऐसे परिवारों को दे रहे हैं। विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि भाजपा देश के सैनिकों के साथ कभी भी विकट परिस्थित में खड़ी नजर नहीं आती और न ही भाजपा आरएसएस के लोग वो कभी सरहद के रखवाली करने वाले सैनिकों के साथ देने का काम करते हैं। संवाददाता सम्मेलन सह सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे , अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी , विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ,नेशनल मीडिया पैनलिस्ट प्रेमचंद मिश्रा सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात चोर ने घर में किया लाखों की चोरी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के लदौरा वार्ड 6 में उमेश प्रसाद कुंवर के घर में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात पिछले दीवाल से कूद कर घर में घुस गए। घर में रखें गोदरेज अलमारी को खोलकर सामान चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित गृह स्वामी उमेश प्रसाद कुंवर ने बताया कि घर में बहू ओ की सोने व चांदी जेवरात लगभग पांच लाख रुपए सामान एवं नगदी 1 लाख 25 हजार रुपए अज्ञात चोर द्वारा समान चुरा कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर स्थानीय पुलिस के पदाधिकारी अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दलबल के साथ घटना की जांच की। गृह स्वामी द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के आलोक में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा अग्रतर कार्रवाई में जुट गए हैं।

### अदालत ने किया पत्नी की हत्या में पति को दोषी करार

दरभंगा। व्यवहार न्यायालय दरभंगा के अपर सत्र न्यायाधीश आदि देव की अदालत ने पत्नी की हत्या के जूर्म में पति को गुरुवार को दोषी करार दिया है। आदिदेव की अदालत ने पत्नी की हत्या के जूर्म में सदर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीसागर बैंकर्स कॉलनी निवासी रमण कुमार चौधरी उर्फ डब्लू कुमार चौधरी को गुरुवार को दोषी करार दिया है। वहीं पत्नी की हत्या करने वाले पति को सजा अवधि निर्धारण के बिन्दु पर सुनवाई और न्याय निर्णय के लिए 8 अगस्त की तिथि निर्धारित किया है। एपीपी दिलीप कुमार साह ने बताया कि 25 जुलाई 21 को अहले सुबह लक्ष्मीसागर बैंकर्स कॉलनी में डब्लू चौधरी ने अपनी 15 बर्ष पूर्व ब्याहता पत्नी रिंकी चौधरी के सिर पर खंती से प्रहार कर हत्या कर दिया गया था। इस जघन्य घटना की सूचना हत्यारे पति डब्लू की बहन ने मोबाईल फोन से मृतिका के पिता को दिया। नेहरा थानाक्षेत्र के इम्माहिमपुर निवासी नूनू चौधरी (मृतिका के पिता) ने इसकी प्राथमिकी सदर थाना में कांड सं.316/21 दर्ज कराया। कोर्ट में इस केश का विचारण सत्रवाद सं.63/22 के तहत प्रारंभ हुई। अनुसंधानक द्वारा आरोपपत्र समर्पित किया गया। अदालत में पत्नी की हत्या करने वाले पति के बिरुद्ध 11 अप्रैल 22 को आरोप गठन के बाद विचारण प्रारंभ किया गया। जघन्य हत्या मामले में ट्रायल के दरमियान अभियोजन पक्ष से न्यायालय में कूल 9 गवाहों की गवाही कराई गई। इनमें मृतिका की 11 बर्षीय पुत्री आशु चौधरी और 8 बर्षीय पुत्र आलोक की गवाही हुई।

### सड़क हादसे में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत, शव आते ही मचा कोहराम

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड एक खदियाही में इंजीनियरिंग के छात्र 21 बर्षीय सरोज कुमार का शव आते ही परिवार में चीत्कार मच गया। वहीं सम्पूर्ण गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। मृतक को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के पिता संदीप कुमार पंडित, माता रेखा देवी, दादा कमलेश पंडित, दादी नुनुवती देवी सहित उसका छोटा भाई सौरभ कुमार, बहन खुशबू कुमारी सभी का रो-रोकर हाल बेहाल था। स्थानीय लोग ढाढ़स बांधने में जुटे थे। मृतक के पिता मजदूरी कर पुत्र को इंजीनियरिंग पढ़ा रहे थे। दादा आज भी पारंपरिक पुश्तैनी धंधा मिट्टी का वर्तन बनाकर जीवन यापन करते है। मृतक दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह आज कॉलेज के बाद घर आने को था। घटना के संबंध में बताया जाता लखीसराय-जमुई सीमावर्ती नवीनगर हनुमान मंदिर के समीप खड़ा ट्रक में सीएनजी टैंपो ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी को मौत हो गई। बताया जाता है कि वह शिवसोना इंजीनियरिंग कॉलेज से लखीसराय लौट रहा था। इसी क्रम में टेम्पू ने टक्कर मार दी और सरोज कुमार की मौत हो गई।

### विधायक ने विद्यालय भवन का किया उद्घाटन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत बदिया दक्षिणी वार्ड नंबर 12 में प्राथमिक विद्यालय के भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक अजय कुमार ने किया। यह विद्यालय भवन का उद्घाटन समग्र शिक्षा अभियान योजना के तहत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरजीत कुमार उपस्थित हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने अपने कार्यकाल में हुए विकास की विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने जनता की लड़ाई के लिए सदन से सड़क तक संघर्ष करने एवं गरीबों की आवाज उठाते रहने की बात कही। डबल इंजन की सरकार जनता के गाढ़ी कमाई को लूटने में मशगूल है। पिछले दिन विधानसभा के अंदर बिहार के डबल इंजन की सरकार 71000 करोड़ रुपए का महा घोटाला किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

## बीज वितरण में सहरसा जिला राज्य में दुसरे स्थान पर : दीपेश कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत गठित अनुश्रवण एवं शिकायत निवारण समिति, आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। खरीफ मौसम में तीन प्रकार का बीज संकर धान, धान, अरहर, मिनीकीट एवं ढ़ैचा बीज का कुल लक्ष्य 1701.09 क्विंटल के विरूद्ध कुल प्राप्त 1079.08 क्विंटल बीज के आलोक में शत-प्रतिशत बीज का वितरण किसानों के मध्य किया गया है। बीज वितरण में सहरसा जिला राज्य में दुसरे स्थान पर हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई एवं इसी प्रकार कार्य करने हेतु निदेशित किया गया। खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों के दिये गये लक्ष्य के विरूद्ध आच्छादन 91.69 प्रतिशत दिखाया गया है। जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा पृच्छा की गई जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया खरीफ में शत-प्रतिशत आच्छादन एक सप्ताह के अंदर कर लिया जायेगा। वर्त्तमान में जिलान्तर्गत उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान में 124917 बैग यूरिया, 52140 बैग डीएपी, 40787 बैग एमओपी, 61479 बैग एनपीके एवं 10844 बैग एसएसपी उपलब्ध है। जिलाधिकारी द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के संबंध में निदेशित किया गया कि उनके द्वारा बताया गया नैनो एक प्रोद्योगिकी आधारित उर्वरक है। इसके कणों का आकार बहुत छोटा होता है, जिससे यह पौधों द्वारा आसानी से अवशोषित हो जाता है। इसका कृषि कर्मियों के द्वारा अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कृषकों के बीच कराये, ताकि किसानों द्वारा खेती में इसका व्यापक उपयोग किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि जिला में उर्वरक के परिचालन, वितरण, भंडारण एवं बिक्री के संबंध में समय-समय पर संबंधित उर्वरक निरीक्षक द्वारा जाँच कराया जाय एवं कृषकों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाय। उर्वरक प्रतिष्ठानों पर दीवाल लेखन में संधारित रेट चार्ट में उर्वरक मूल्य तालिका के साथ संबंधित प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पंचायत कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार का मोबाईल नम्बर अंकित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उर्वरक उपलब्धता की सूचना प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसी प्रकार की परेशानी की स्थिति में किसान सीधे संपर्क स्थापित कर अपनी समस्या का निदान करा सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिला अनुश्रण एवं शिकायत निवारण समिति के संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के सभी अंचल में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रगति पर है।

## युगांतरकारी रचनाकार है प्रेमचंद : चंद्रभूषण सिंह चंद्र



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।मुंशी प्रेमचंद हिन्दी कथा साहित्य के युगांतरकारी रचनाकार हैं। उन्होंने अपनी कहानियों व उपन्यासों के माध्यम से भारतीय समाज के यथार्थ को पाठकों के सामने रखा। अंधविश्वास, असमानता, शोषित, पीड़ितों, मजदूरों व किसानों की दयनीय दशा, उपेक्षित नारियों की वेदना उनके साहित्य का मूल स्वर है। नूतन साहित्यकार परिषद की ओर से प्रेमचंद जयंती के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने उक्त बातें कही। साहित्य भवन कांटी में गुरुवार को चंद्र ने कहा कि प्रेमचंद के उपन्यासों में जीवन के विविध पक्ष देखने को मिलते हैं। प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। क्योंकि उन्होंने जिन आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मुद्दों को उठाया था, वे आज भी मौजूद हैं। उनकी रचनाएं हमें समाज में व्याप्त समस्याओं व विषमताओं के बारे में सोचने व उनके समाधान के लिए उद्वेलित करती हैं। प्रेमचंद ने डेढ़ दर्जन उपन्यास व तीन सौ से अधिक कहानियां लिखी जो आज भी पाठक को अपनी ओर खींचती है। सेवानिवृत्त शिक्षक स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि प्रेमचंद ने आजीवन जमींदारी शोषण, किसानों के दर्द व दलित-उपेक्षितों की पीड़ा को उजागर किया। अपनी रचनाओं से लोगों को साहित्य से जोड़ने का काम किया। रामेश्वर महतो ने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य में ग्राम्य जीवन व राष्ट्रीयता का चित्रण है। जयंती समारोह में मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही साहित्यकारों, पत्रकारों व बुद्धिजीवियों को नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन रोहित रंजन ने किया। कार्यक्रम में नंदकिशोर ठाकुर, अनिल कुमार अनल, नीरज शर्मा, महेश कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, प्रकाश कुमार, आदर्श, बबलू शाही आदि शामिल थे।

## प्रमंडल आयुक्त की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठक, दिये निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा प्रमंडल आयुक्त कौशल किशोर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को लेकर बैठक हुई। बैठक में सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार ने 04 मामले आपत्ति से संबंधित, 69 आपत्ति रहित आवेदन, 02 वापस हेतु एवं 01 अन्यान्य हेतु मामलों से आयुक्त महोदय को अवगत कराया ।बैठक में स्टेज-कैरेज बस के परमिट हेतु प्राप्त आवेदन एवं प्रस्तावित समय सारणी के प्रकाशन के उपरांत निर्धारित समयावधि में 69 आवेदनों पर आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है, तथा 04 मामले आपत्ति से संबंधित, में से तीन आवेदन को स्वीकृति दी गई कुल 72 मामलों को स्वीकृति दी गई तथा एक मामले को अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में दो आवेदन वापस हेतु आयुक्त द्वारा स्वीकृति दी गई। बताया गया कि वाहन स्वामी द्वारा परमिट के शर्त को पूरा नहीं करते हैं, ।आयुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव को संबंधित वाहन स्वामी को नोटिस करने का निर्देश को दिया ।बस स्टैंड में गड्ढा को लेकर वाहन स्वामी द्वारा मोटरेबुल हेतु आयुक्त महोदय से अनुरोध किया गया। आयुक्त ने बस स्टैंड के मोटरेबुल कराने हेतु नगर आयुक्त को निर्देश दिया। बैठक में सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व श्री मनोज कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीता कुण्ड को मिला राजकीय दर्जा, प्रणव का प्रण हुआ पूरा



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर पर सदर प्रखंड स्थित मां सीता के अग्निपरीक्षा स्थल ऐतिहासि और धार्मिक महत्वों से भरा है। यह सीताकुंड के नाम से जाना जाता है। यहां हर वर्ष माघ माह में एक महिने का मेला लगता है। इस मेले को आज बिहार सरकार की कैबिनेट राजकीय मेले के रूप में स्वीकृत दें दी। इस स्वीकृति से यहां के लोगों में खुशी का माहौल है। उक्त जानकारी मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त और स्थानीय विधायक ने दी। रामायण काल से धार्मिक मान्यता है कि माता सीता ने यहीं पर अग्नि परीक्षा दी थी। यहां गर्म जल का कुंड आज भी विद्यमान है। जहां मेरा लगता है। सीताकुंड मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिए जाने की मांग वर्षों से की जा रही थी। लोगों का कहना है कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधायक प्रणव कुमार की सक्रियता से सीताकुंड मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त हो सका। मुंगेर के भाजपा विधायक प्रणव कुमार इसके लिए कई बार सदन में आवाज भी बुलंद किया था। पिछले साल डीएम और कमिश्नर के स्तर से सीताकुंड मेला की धार्मिक और ऐतिहासिक मान्यता को दशार्ते हुए राजकीय मेले का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट द्वारा राजकीय मेले का दर्जा दिए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। अब तक न्यास समिति द्वारा चंदा करके मेला का आयोजन किया जाता था। मुंगेर के भाजपा विधायक प्रणव कुमार ने कैबिनेट के इस फैसले को अपने जीवन का सबसे अनमोल क्षण बताते हुए कहा कि सीताकुंड को राजकीय मेला का दर्जा दिलाने का उनका प्रण पूरा हो गया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार का समुचित विकास संभव है : प्रो विनय चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता



बहेड़ी (दरभंगा) ।बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझता नहीं किया जाएगा ।निर्माण कार्य से जुड़े अभियंता इसका सतत निगरानी करें एवं गुणवत्ता का मानक के अनुरूप अनुपालन करें ।वे गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेरी प्रखंड के बिजुलिया राम जानकी मंदिर परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधायक ऐच्छिक कोष से नवनिर्मित मंदिर परिसर विकास योजना का लोकार्पण कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सोच के अनुरूप न्याय के साथ विकास की यात्रा चल रही है जिसमें सभी जाति धर्म एवं वर्ग के लोगों की समान भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व के समय में मात्र धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों का विकास सरकारी योजना द्वारा की जाती रही है। अब वर्तमान समय में सभी धर्म का समान भाव से विकास की जा रही है। अब वर्तमान समय में सरकार ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मूलभूत समस्याओं का निदान के पश्चात अब कृषि एवं उद्योग पर सरकार का मुख्य नजर है ।जिसका समुचित विकास के बगैर रोजगार एवं पलायन की समस्या को दूर नहीं की जा सकता है। इसलिए आने वाले पंचवर्षीय डबल इंजन की सरकार में उद्योग और रोजगार पर ही मुख्य फोकस करने जा रही है जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास हो सकता है और जल्द ही बिहार एक विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ी होगी ।उन्होंने एक बार पुनःएनडीए की सरकार बनाने की अपील आम लोगों से करते हुए कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार का समुचित विकास संभव है। इससे पूर्व विधायक श्री चौधरी ने बहेड़ी प्रखंड के अमृता गांव के अग्नि पीड़ित सीता देवी पति जय प्रकाश मंडल को आपदा राहत मद से बारह हजार रुपये का चेक हस्तगत कराया ।मौके पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह, स्थानीय मुखिया राजेश मुखिया, ठाकुर प्रसाद सिंह, डॉ प्रमोद महतो, बेचन सिंह, राम शंकर मंडर, मनीष कुमार, मृत्युंजय सिंह, फूलकुमारी देवी, कामेश्वर प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, रामचतुर यादव, संतोष साह, सुनील सिंह, राघवेंद्र प्रसाद, विमलेश शर्मा, छोटू मंडल, अमिताभ कुमार, दयानंद ठाकुर, बैजनाथ प्रसाद बैजू, सुधीर ठाकुर, रौशन सिंह, ताराकांत सिंह, भोला सिंह, बिन्दे पंडित सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की हरसंभव कोशिश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले में अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों के लिए सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर विद्यापति उप वितरनी नहर में अवरोध उत्पन्न कर रहे कुछ किसानों द्वारा लगाए गए अवरोधकों को हटवा दिया गया है। यह अवरोध उप स्ट्रीम क्षेत्र में लगाए गए थे, जिससे नहर के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था ।जिला प्रशासन द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नहर से जुड़े सभी गांवों विशेषकर टेल एंड क्षेत्र के किसानों को भी समान रूप से सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सके। इस कार्यवाही से किसानों को राहत मिलने की संभावना है ।जिलाधिकारी आनंद शर्मा स्वयं क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर रहे हैं और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। वे किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को न केवल सुन रहे हैं बल्कि त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करा रहे हैं। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को समझें और उनके उपयोगी सुझावों को संज्ञान में लेकर आगे की रणनीति तैयार करें ।इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग के अभियंता 2अगस्त को अपने क्षेत्र के संबंधित किसानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जाएंगे, वही उनका महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त करेंगे ।जिलाधिकारी ने कहा है किप्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले के प्रत्येक किसान को सिंचाई हेतु समुचित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं। किसी को भी पानी की कमी के कारण खेती से वंचित नहीं होना पड़ेगा। जिला प्रशासन किसानों से अपील करता हैकि वे आपसी सहयोग से नहरों में जल प्रवाह को निर्बाध बनाए रखें और प्रशासन को किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तुरंत दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## मालेगांव विस्फोट में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना सत्यमेव की जित है : मुकुंद चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को निर्दोष सिद्ध करने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा यह फैसला सत्यमेव जयते की उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने ह्यभगवा आतंकवादह्व जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा की मालेगांव ब्लास्ट केस में अदालत का फैसला अभिनंदनीय है ।अपनी स्थापना से ही कांग्रेस और गांधी परिवार लगातार हिंदुओं का दुश्मन रहा है। उसके निशाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहा है जिसकी धुरी में ही राष्ट्रवाद है और कांग्रेस को यह चुभता रहा है। 17 साल बाद मिला यह न्याय हिंदू आतंक के झूठे नैरेटिव की करारी हार।

## डीबी कॉलेज जयनगर में डॉ. नंद कुमार के प्राचार्य बनने पर विदाई-सह-सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

जयनगर (मधुबनी)। अनुमंडल के एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय डीबी कॉलेज में गुरुवार को प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार के ए.पी. एस.एम. पीजी कॉलेज, बरौनी में स्थायी प्राचार्य पद पर चयन होने के उपलक्ष्य में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय परिवार ने मैथिली परंपरा के अनुसार उन्हें पाग, अंगवस्त्रम और माला पहनाकर सम्मानित किया। डॉ. नंद कुमार वर्ष 2003 से महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में सेवारत रहे हैं तथा पिछले छह वर्षों से प्रभारी प्रधानाचार्य का दायित्व निभा रहे थे। अब उनका चयन बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा बरौनी स्थित पीजी कॉलेज में प्राचार्य के पद पर हुआ है। समारोह में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, अतिथि शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार ने कहा कि डॉ. नंद कुमार सादगी, सौम्यता और धैर्य के प्रतीक हैं। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में जिस धैर्य के साथ नेतृत्व किया, वह अनुकरणीय है। वहीं, अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. नंद कुमार ने कॉलेज में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और समावेशी विकास की दिशा में अहम कार्य किया। उनका प्रशासनिक कौशल और नेतृत्व पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है ।अपने संबोधन में डॉ. नंद कुमार भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि डीबी कॉलेज उनका दूसरा घर रहा है। 2003 से 2025 तक का यह सफर उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि शिक्षा को विषय केंद्रित न बनाकर विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का माध्यम बनाएं ।धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मुकुल वर्मा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. श्यामरूप चौधरी, डॉ. रामप्रवेश निराला, डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. रंजना, डॉ. आनंद राज, डॉ. भोलानाथ ठाकुर, डॉ. अनंतेश्वर यादव, डॉ. कोमल कुमारी, डॉ. शोघरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## निर्वाचक सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 को लेकर जिलाधिकारी ने बीएलओ के साथ किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत निर्वाचक सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण के उद्देश्य से रहिका प्रखंड कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने की। बैठक में रहिका प्रखंड के सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बि एल ओ एस ) ने भाग लिया ।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल वैसे निर्वाचकों, जिन्होंने अभी तक बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं, उन्हें दिनांक 05.08.2025 तक दस्तावेज जमा कराने हेतु सूचित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्वाचक सूची अद्यतन के इस महत्वपूर्ण कार्य में पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं समयबद्धता से कार्य करने का निर्देश दिया तथा कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ।उक्त बैठक मे उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत शेखर, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मधुबनी चंदन झा आदि उपस्थित थे।

## आज भी हम प्रेमचंद की रचनाओं को पढ़ कर अपना मार्ग तलाशते हैं : प्रो उमेश कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। समकालीन भारतीय साहित्य के मूर्धन्य हस्ताक्षर, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग एवं प्रेमचन्द जयंती आयोजन समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो.उमेश कुमार ने कहा कि आज भी हम प्रेमचंद की रचनाओं को पढ़ कर अपना मार्ग तलाशते हैं। उन्होंने जासूसी अय्यारी के दौर से हिन्दी साहित्य को निकाल कर यथार्थ की भूमि पर लाकर खड़ा किया। राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अपनी कहानियों को जन जागरण का माध्यम बनाया। स्मरणीय है कि उनके पहले कथा- संग्रह सोजे वतन के प्रकाशन के बाद ब्रिटिश सत्ता द्वारा न केवल उसे जब्त किया गया ,बल्कि उनके प्रकाशन गृह तक में आग लगा दी गई। इससे इस रचना की परिवर्तनकामी शक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। विभाग के वरिष्ठ प्राचार्य प्रो.विजय कुमार ने कहा कि प्रेमचंद के महत्व को जानने के लिए यह कल्पना कीजिए कि यदि प्रेमचंद नहीं होते तो हमारा कथा साहित्य, उपन्यास साहित्य कैसा होता? इसमें कोई दोमत नहीं है कि हमारा हिन्दी साहित्य कथा साहित्य के जरिए अपनी सम्पन्नता तक पहुंचा है। डॉ.आनंद प्रकाश गुप्ता ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मात्र 56 वर्ष की आयु में प्रेमचंद ने ऐसी लकीर खींची जिस तक पहुंचना बाद के साहित्यकारों के लिए असंभव रहा। वरिष्ठ साहित्यसेवी हीरालाल सहनी ने कहा कि प्रेमचन्द का साहित्य कालजयी है। प्रेमचंद हमेशा जातिव्यवस्था, सामंतवाद, रूढ़िवाद के विरुद्ध संघर्षरत रहे। इस अवसर पर डॉ.मंजरी खरे, आयोजन समिति के अध्यक्ष मो मुजाहिद ने सम्बोधित किया ।इस मौके पर शोधार्थी बबीता कुमारी, रोहित कुमार, संध्या राय, रूबी कुमारी, बेबी कुमारी, अमित कुमार, मलय नीरव, सुभद्रा कुमारी आदि ने कहानी पाठ किया।

## आज भी प्रेमचंद व गोस्वामी तुलसीदास प्रसांगिक हैं : प्रो प्रभाकर पाठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।महात्मा गांधी महाविद्यालय सुंदरपुर, दरभंगा में उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की जयंती के शुभ अवसर पर प्रेमचंद साहित्य में यथार्थ एवं आदर्श का समन्वय विषय पर संगोष्ठी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राधा कृष्ण प्रसाद ने कहा कि यथार्थ और आदर्श के एक प्रतिरूप थे प्रेमचंद। आज हम सभी को प्रेमचंद रचित किताबें पढ़नी जरूर चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लनामिवि के पूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी विभाग) प्रो प्रभाकर पाठक ने कहा कि प्रेमचंद कुछ नहीं सब कुछ थे। आज सौभाग्य से प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास दोनों की जयंती होने के नाते दोनों के बीच की कड़ी को विस्तार पूर्वक बताए। उन्होंने कवितावली के संदर्भ में कहा ही खेती ना किसान को, भिखारी न भीख वली इस कवित्व को उद्धरित करते हुए प्रेमचंद के गोदान के संबंध में कहा कृषक जीवन का महाकाव्य हैं। आगे उन्होंने कहा आज भी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास प्रसांगिक हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सह विवि प्रतिनिधि डॉ अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि प्रेमचंद की रचना यथार्थ और आदर्श समाज को दशार्ने का कार्य कर रहा हैं। इस मौके पर डॉ रूपम कुमारी, डॉ रोहिणी कुमारी, डॉ बेबी कुमारी, डॉ नीतू, डॉ प्रतिभा स्मृति, डॉ लाल कुमार साह, प्रो.विदया कुमारी, राधेश्याम एवं सागर ने सम्बोधित किया। स्वागतभाषण विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी एवं मंच संचालन डॉ शिखा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक महतो ने किया। वही साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था हिन्दी समाहार मंच, दरभंगा के तत्वावधान में संत कवि तुलसीदास एवं उपन्यासकार प्रेमचंद की जयंती के साथ-साथ क्रांतिकारी उधम सिंह की पुण्यतिथि का आयोजन अखिलेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें अमरेश्वरी चरण सिन्हा, शेखर कुमार श्रीवास्तव, डा विश्वनाथ ठाकुर, डा सतीश चंद्र भगत, पुनीत कुमार सिन्हा, रमण कुमार झा, बिनोद कुमार लाल आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन अमिताभ कुमार सिन्हा ने किया।

# डीएम की अध्यक्षता में नवनियुक्त बीएलओ एवं मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## प्रशिक्षण में स्वतंत्र,निष्पक्ष और सुचारू निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय ! जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, लखीसराय मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में समाहरणालय, लखीसराय स्थित मंत्रणा कक्ष में नव नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बीएलओ मतदाता सूची के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी जिम्मेदारियों में मतदाताओं के नाम जोड़ना, हटाना, नए मतदाताओं का पंजीकरण, और मतदाता सूची का अद्यतन करना शामिल है। जिला पदाधिकारी श्री मिथिलेश मिश्र ने सभी बीएलओ को निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में मतदाता होने की योग्यता की भी विस्तृत चर्चा की गई। इसमें 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले भारतीय नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकरण की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएलओ को मतदाता जागरूकता और निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया गया। यह प्रशिक्षण स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने सभी बीएलओ को निदेश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण के साथ करें ! इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, नव नियुक्त बीएलओ एवं अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित रहे।

# लखीसराय में एसएसबी की टीम ने पहाड़ी जंगली क्षेत्र से सघन छापेमारी कर दो नक्सलियों को धर दबोचा

## नक्सली की पहचान संजय कोड़ा और शैलेंद्र कोड़ा के रूप में हुई

- 16वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल की डी कंपनी कजरा व पुलिस थाना कजरा की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी में पकड़े गये हार्डकोर नक्सली

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !कजरा थाना क्षेत्र के गाँव कनिमोह के पहाड़ी जंगल क्षेत्र से नक्सल कांड में नामजद दो आरोपियों को 16वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल की डी कंपनी कजरा व पुलिस थाना कजरा की संयुक्त टीम द्वारा छापामारी एवं खोजबीन अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है` यह कार्यवाही गुप्त सूचना के आधार पर की गयी तथा आरोपियों की पहचान संजय कोडा पुत्र पाचू कोड़ा एवं शैलेन्द्र कोड़ा पुत्र महेंद्र कोड़ा उर्फ कोठो कोड़ा, निवासी झ सिमरातरी, थाना झ बन्नू बगीचा, जिला-लखीसराय के रूप में हुई` संजय कोड़ा चानन थाना के कांड संख्या 75/18 तथा शैलेन्द्र कोड़ा थाना चानन के काण्ड संख्या 75/15 में नामजद हैं` उक्त मामले में गिरफ्तार नक्सली प्रथिमिकी अभियुक्त हैं।

उक्त अभियुक्तों के कनिमोह के पहाड़ी जंगल क्षेत्र में छुपे होने की सूचना प्राप्त हुई थी, इस सूचना के 16वीं वाहिनीं के कार्यवाहक कमांडेंट बांके बिहारी, द्वितीय कमान अधिकारी को दिया गया। इसके बाद डी कंपनी के कंपनी कमांडर निरीक्षक रोहित कुमार सिंह को कार्यवाही का आदेश मिला` निरीक्षक रोहित कुमार सिंह ने रइ और कजरा पुलिस थाने की संयुक्त टीम बनायी, टीम द्वारा कनिमोह के जंगल क्षेत्र में छापामारी एवं खोजबीन अभियान चलाया गया। खोजबीन अभियान के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मिले उन्होंने अपना संजय कोड़ा और शैलेन्द्र कोड़ा बताया` टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को पूछताछ के उपरान्त चानन थाना के सुपुर्द कर दिया गया।

# आशा ममता फैसिलिटेटर संघ ने सरकार द्वारा संदर्भित घोषणा पर किया हर्ष व्यक्त दिया बधाई एवं आंदोलन की चेतावनी, सरकार सभी संविदा कर्मी को दे सम्मान

- आशा ममता कार्यकर्ता को बढ़ाई गई राशि, कार्य एवं महंगाई के मद्देनजर पर्याप्त नहीं, 12 अगस्त को होगा पटना में राज्यव्यापी आंदोलन : किरण देव यादव



प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। जो धरातल पर काम कर रहे हैं उनको ऊंट के मुंह में जीरा का फोरन, जिनकी कुछ भूमिका नहीं उन्हें छप्पर फाड़ कर दी जा रही है, अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा, उक्त कहावत चरितार्थ हो रही है। उक्त घोषणा से आशा ममता फेसिलेटर के बीच असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। उक्त बातें प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार प्रदेश आशा ममता फेसीलेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा आशा कार्यकर्ता को 1000 रुपए मानदेय से बढ़ाकर 3000 रुपए करने एवं ममता कार्यकर्ता को एक जच्चा बच्चा पर 300 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए करने तथा सफाई कर्मचारी आयोग का गठन करने की घोषणा करने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं साधुवाद धन्यवाद आभार व्यक्त किया है। श्री यादव ने कहा कि आशा ममता के कठिन कार्य मेहनत के मद्देनजर तथा वर्तमान महंगाई के मद्देनजर उक्त घोषणाएं पर्याप्त नहीं है। ऊंट के मुंह में जीरा का फोड़न है। सीमित संसाधन प्रोत्साहन मानदेय में एक परिवार का भरण पोषण व बच्चों का पठन-पाठन एवं समुचित विकास करना संभव नहीं है। वहीं फेसीलेटर सहित अन्य संविदा ठेका अनुबंध आधारित कमी का मानदेय कुछ भी बढ़ोतरी नहीं की गई जो दुर्भाग्यपूर्ण है एवं सौतेलापन व्यवहार है। श्री यादव ने कहा कि आशा ममता फेसीलेटर स्वास्थ्य विभाग का मेरुदंड, रीड की हड्डी है। आज उनके बदौलत ही स्वास्थ्य विभाग का चमक दमक, रोगियों का भीड़ दीखता है एवं मृत्यु दर कम हुआ है। श्री यादव ने कहा कि हमने 2006 ई से आशा कार्यकर्ता के समस्याओं को देखते हुए समाधान हेतु जिला से शुरूआत कर कोसी जोन के 12 जिला सहित बिहार भर में संगठन निर्माण किया एवं निरंतर संघर्ष तेज किया, जिसका परिणाम हुआ कि परिचय पत्र, प्रमाण पत्र, ड्रेस, किट, बैग, छाता, बैंक में खाता, प्रोत्साहन राशि, आशा दिवस पर राशि, टॉर्च, साइकिल, मोबाइल, सभी स्वस्थ अभियान से जोड़ने, प्रशिक्षण आदि सुविधा मिली, मांग पूरा हुआ। आज भी आशा ममता फेसीलेटर को सरकारी सेवक घोषित करने, न्यूनतम मजदूरी के तहत न्यूनतम वेतनमान 26000 रुपए मासिक देने के सवाल को लेकर निरंतर संघर्षरत हैं। हड़ताल धरना प्रदर्शन सभा घेराव तालाबंदी आदि आंदोलन जारी रहा। जिससे पूर्व महागठबंधन की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री ने लिखित आश्वासन दिए थे, उक्त मांगों को पूरा करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में था, किंतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पलटी मार कर उक्त मांगों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। संबंधित फाइल पर सांप के तरह कुंडली मारकर बैठ गया। श्री यादव ने कहा कि आज जब चुनाव का समय आया तो सिर्फ घोषणा पर घोषणा कर वोट की राजनीतिक रोटी सेकने की कोशिश जा रही है। श्री यादव ने कहा कि संविदा कर्मियों को सरकारी सेवा घोषित करने एवं न्यूनतम वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर 12 अगस्त 2025 को गर्दनीबाग पटना में मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा।

# लोको पायलट के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा रेल लोको पायलट के पद पर कार्यरत सुभाष कुमार के सेवानिवृत्त पर बुधवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग एसोसिएशन की ओर से विदाई समारोह व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। 48 वर्ष तक रेलवे की सेवा में बिताये गये पल और बिना किसी विभागीय जोखिम व कारवाई के अपने नोकरी की कैरियर को पूर्ण करने पर एसोसिएशन से जुड़े सभी पदाधिकारी व उनके सहकर्मी चालक व उप चालक ने बधाई देते हुए उनके सेवानिवृत्त पर दुख भी जताया। सभी अपने सेवानिवृत्त चालक के आगे की सुखमय जीवन और स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना ईश्वर से कामना किया। एसोसिएशन की ओर से पाग चादर व अंग वस्त्र प्रदान कर सभी ने नम आंखो से उन्हें विदाई दिया। अंत में कार्यक्रम स्थल से डीजे के साथ नाचते गाते हुए सभी ने सेवानिवृत्त चालक को उसके आवास रेलवे कॉवटर तक छोड़ा। इस अवसर पर चालक सुभाष कुमार ने अपने सेवानिवृत्त पर अपने विभाग व रेलवे के प्रति कृतज्ञ जाहिर करते हुए कहा की जिस तरह उन्होंने अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का निर्वहन किया उस दौरान सभी बड़े अधिकारी से लेकर अपने सहयोगी से मिले अपार प्यार का जिक्र करते हुए कहा की यह सम्मान हम कभी भुला नहीं सकते है। इस अवसर पर सीसी जे के सिंह, टी आई सुभाष चंद्र झा, कर्मचारी युनियन नेता वीरेन्द्र पासवान, चालक अंगद कुमार, मुरारी कुमार, बीरेन्द्र यादव, विपेश कुमार, यु एस चौपाल, राजेश रजक, अनुज कुमार सिंह सहित दर्जनों चालक उप चालक मौजूद थे।

# रामचरित मानस भारतीय समाज का सांस्कृतिक संविधान : प्रो. पासवान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-संत शिरोमणि तुलसीदास की 528 वीं जयंती पर उनके विचारों की प्रासंगिकता और उपादेयता पर नगर परिषद जमुई स्थित आनंद विहार कॉलोनी में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हर वर्ष श्रावण मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संत शिरोमणि तुलसीदास राम बोला की जयंती मनाई जाती है। तुलसीदास भारतीय संस्कृति के युगद्रष्टा और लोक चेतना के अमर स्तंभ हैं। उनका व्यक्तित्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना कि सैकड़ो वर्ष पहले था। उनके विचारों की उपादेयता आज की पीढ़ी के लिए एक प्रकाश स्तंभ के समान है। तुलसीदास का जीवन एक आदर्श संत, त्यागी और लोक कल्याणकारी व्यक्तित्व का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने 300 से अधिक कहानियों की रचना की है। रामचरित मानस, विनय पत्रिका और हनुमान चालीसा उनका सबसे लोकप्रिय रचना है। प्रो.पासवान ने कहा कि रामचरित मानस केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज का सांस्कृतिक संविधान है.यह काव्य का कीर्तिमान, भक्ति का जयलेख और दर्शन का महाप्राण है. रामचरितमानस युग-युग के विषम ज्वर को मापने का थमार्मीटर है। यह यह प्रतिकूल परिस्थितियों के भार को जचने का बैरोमीटर, समाज के क्रमिक कंपन को परखने का सीस्मोग्राफ, मानवता के कुत्सित कीटाणुओं को पहचानने का माइक्रोस्कोप है। मौके पर प्रो सरदार राय, डॉ एस. के. झा, अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत, रामचंद्र रवि, मुरारी झा आदि बुद्धिजीवी लोगों ने संत शिरोमणि तुलसीदास को हिंदी साहित्य का सबसे महान कवि, लेखक और उपन्यासकार बताया। तुलसीकृत रामचरितमानस आज संपूर्ण देश के हिंदू धर्म में विश्वास रखने वाले लोगों का कंठहार बन चुका है।

# नयका पुल मरम्मती कराने की मांग

हवेली खडगपुर (मुंगेर)। नगर के ऐतिहासिक मणी नदी पर करोड़ों की लागत से बना नया पुल बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण जर्जर हो चुका है। पुल पर जगह-जगह गड्ढा हो गया है। जिस कारण पैदल चल रहे राहगीरों साइकिल एवं बाइक चालको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि हल्की-फुल्की भी बारिश हुई तो उस गड्ढे में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाता है। जलजमाव के बाद गड्ढे में पुल है या पुल में है गड्ढा फर्क ही मिट गया है। हवेली खड़गपुर स्थित यह पुल बरियारपुर - जमुई पथ का अहम पुल है। पूर्व में विभाग द्वारा टैक्स भी वसूल की जाती थी, जो अभी बंद है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता शुभम केसरी ने कहा कि पुल की ऊपरी हिस्से का मरम्मत करवाने की आवश्यकता है यदि इस पुल का मरम्मत कार्य संबंधित विभाग के द्वारा जल्द नहीं करवाया गया तो पुल पर हो रहे जलजमाव के कारण पुल जल्द ही कमजोर होकर टूट जाएगा।

# विशिष्ट शिक्षक जवाहर चौधरी ने दिया योगदान विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के पुरैनी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरहो चंदा में विशिष्ट शिक्षक जवाहर चौधरी ने योगदान दिया। योगदान के बाद विद्यालय परिवार द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित कर फूलमाला पहना कर एवं गिफ्ट प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार भारती ने की। समारोह को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट शिक्षक जवाहर चौधरी ने स्कूल में बेहतर शिक्षण व्यवस्था करने की बात कही।उन्होंने कहा कि कहा कि उन्हें नहीं लगता था कि इतने अच्छे विद्यालय में उनका स्थानांतरण होगा। इस विद्यालय की जितनी सराहना की जाए, वह कम है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार भारती ने कहा कि श्रीचौधरी के योगदान से विद्यालय के शैक्षणिक कार्य में और गति मिलेगी। मौके पर स्टेज प्रोग्रामर अरविंद कुमार सुमन, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार भारती, शिक्षक बिपिन कुमार, सज्जन कुमार, बेगम खातून, अजय कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, ग्रामीण चंदेश्वरी शर्मा, राजीव रंजन गांधी, डुग्गू गुप्ता, मंटू शर्मा, विपुल शर्मा, सिंटू शर्मा, विकास शर्मा, योगेंद्र शाह, विनोद शर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सहरसा भाजपा प्रचार प्रसार प्रमुख बनें सुमित सिन्हा कार्यकताओं ने मिठाईयां बांटकर जाहिर की खुशियां

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा आगामी विधानसभा चुनाव सें पूर्व सभी राजनीतिक दल अपनें संगठन का विस्तार कर नये कार्यकताओं को दायित्व दिया जा रहा है। इस कड़ी में भाजपा नें भी अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूर्व कमिटि में व्यापक रूप सें फेरबदल किया है। संगठन में कर्मठ एवं जुझारू कार्यकत्ताओं को पदोन्नत कर दायित्व का बंटबारा किया गया है। जिसमें सभी जातियों को समुचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा एवं प्रदेश जिला प्रभारी के द्वारा संतुलित कमिटि का गठन किया है। इस कड़ी में पुनः भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी के रूप में सुमित सिन्हा को नियुक्त किया गया। नव नियुक्त सुमित सिन्हा ने इसके लिए पार्टी नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ आलोक रंजन, जिला अध्यक्ष साजन शर्मा, शिव भूषण सिंह, रितेश रंजन, राजीव रंजन शाह, भैरव झा, अनमोल भगत, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, पंकज पाठक, अभिषेक पांडे, कुमार गौरव एवं सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व एवं जिम्मेदारी का विषय है। मैं संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्पित हूँ। भाजपा की विचारधारा को मजबूती से प्रचारित करते हुए, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगा। साथ ही आगामी चुनाव में पार्टी की जीत के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने व संगठन की मजबूती के लिए अथक प्रयास करुंगा।

# घैलाढ़ में फर्जी प्रमाण-पत्र का मामला हुआ उजागर, आरओ ने दर्ज कराई एफआईआर

## एयरफोन बना आवेदक, मोबाइल बना पिता और बैटरी बनी मां

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा जिले के घैलाढ़ अंचल कार्यालय में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन को भी सकते में डाल दिया है। यहां एयरफोन नाम से निवास प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें पिता का नाम मोबाइल और माता का नाम बैटरी दर्ज किया गया है। यह ऑनलाइन आवेदन 28 जुलाई को प्राप्त हुआ था, जिसे देखकर अंचल कर्मी भी चौंक उठे। आवेदक ने अपना पता श्रीनगर वार्ड नंबर 1 बताया है, लेकिन न मोबाइल नंबर दिया गया है, न ईमेल आईडी। राजस्व पदाधिकारी रवि शंकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे साइबर शरारत करार दिया और अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु साइबर थाना को आवेदन भेजा। राजस्व पदाधिकारी रवि शंकर ने स्पष्ट किया कि यह साइबर अपराध की श्रेणी में आता है, इसमें जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकारी प्रक्रिया को मजाक बनाने की कोशिश है। बिहार में यह कोई पहला मामला नहीं है। पटना में पहले डॉगी बाबू और समस्तीपुर में पैशन प्रो बाइक के नाम से भी ऐसे फर्जी आवेदन सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं से सरकारी व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने दो टूक कह दिया है कि इस तरह की हरकतें अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला न सिर्फ हास्यास्पद है, बल्कि सरकारी तंत्र की डिजिटल प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ भी है। ऐसे साइबर मजाक को अंजाम देने वालों की अब खैर नहीं।

# मानव सेवा करने से आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है : रौशन माधव

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कहावत है ईश्वर नींद से भूखा जगाता जरूर है परन्तु रात को भूखा नही सुलाता है। भगवान सभी को किसी ना किसी जरिए आहार जरूर उपलब्ध कराता है। चाहें हाथी को मन भर खुराक की जरूरत हो अथवा चींटी को एक कण देकर उसका पेट अवश्य भरते है। ऐसे में भगवान का माध्यम बनकर भूखे लोगों को समाजसेवी रौशन माधव रोटी बैंक के माध्यम सें प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराते है। युवा समाजसेवी रौशन माधव उन अभ्यर्थियों के बीच भोजन वितरण करते हुए नजर आयें जो बिहार पुलिस दक्षता में शामिल होने सहरसा आयें हुए थे। बता दूँ की बहुत ऐसे अभ्यर्थी है जो स्टेशन परिसर में रात बिता कर सुबह परीक्षा देने जाते है। रौशन बताते है की बहुत से ऐसे अभ्यर्थी थे जो भूखे सो रहे थे जिन्हें बिस्कुट, केला, भुजिया, पानी दे कर सेवा किए, सेवा के दौरान कई अभ्यर्थी भावुक हो गए। रौशन कहते है की सहरसा से कोई मेहमान भूखे चले



जाते तो इससे दुखद क्या हो सकती है। ज्ञात हो की कई वर्षो से रौशन सेवा दे रहें है, भुखमरी, स्वास्थ्य पर रौशन बिगत 9 वर्षो से काम कर रहे है। साथ ही सेवा क्रम में भूखे को अन्न, प्यासे को पानी, जरूरतमंद को चप्पल, मच्छर दानी, बीमार को दवा देकर दिन रात सेवा में तत्पर रहते है।माधव बताते है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।जरुरतमंदों की निरन्तर सेवा करने सें आत्मसंतुष्टि मिलती है। साथ ही पीड़ित मानवता की सेवा करने सें आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है।

# एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय परिसर में एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में निजी कंपन एडेपटेशन फोएससाय कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटड. के प्रतिनिधि उमा कांत, एच आर मैनेजर के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को योमाटो मारुति सुजुकी अंशिका कंस्ट्रक्शन अश्विनी आदि कंपनियां में कार्य सम्बंधित, वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 150 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 30 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर संक्षिप्त लिस्ट तैयार किया गया। जॉब कैंप में कुल 72 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल उज्जवल सिंह भंडारी, बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है।

# दिल्ली के सांसद सह भोजपुरी सुपर स्टार मनोज तिवारी अजगैबीनाथ धाम से पैदल कांवड़ यात्रा प्रारंभ कर बैधनाथ के लिए हुए रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में श्रावणी मेला के 21 वें दिन दिल्ली के सांसद सह भोजपुरी सुपर स्टार मनोज तिवारी ने अपने साथीयों के साथ अजगैबीनाथ धाम से कांवड़ यात्रा प्रारंभ पैदल करते हुए बोल बम हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए देवघर स्थित बैधनाथ धाम के लिए हुए रवाना/इस दौरान दौरान दिल्ली के सांसद सह भोजपुरी सुपर स्टार मनोज तिवारी ने मिडिया से बातचीत कर बताया कि तीस साल बाद कांवड़ यात्रा कर रहे हैं बाबा भोलेनाथ ने मुझे भोजपुरी फिल्म सुपर स्टार बना दिया और अब सांसद बना दिये है/ देश का कल्याण हो इसी को लेकर कांवड़ यात्रा कर रहे हैं और कहा कि तीन मुद्दे नजर में है जो पुरा होगा बाबा भोलेनाथ से कामना करेंगे/और श्रावणी मेला को राष्ट्रीय मेला के सवाल कहा कि यह तो राष्ट्रीय मेला दर्जा होना चाहिए इसके लिए प्रयास किया जाएगा/ भाई विरेन्द्र और सचिव के विडियो वायर पर इस पर कार्यवाही होनी चाहिए/ बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बने इसके लिए बाबा भोलेनाथ से कामना करेंगे बोलह शिवह बम बम के भोजपुरी गीत गातें हुए पैदल अजगैबीनाथ धाम से बैधनाथ धाम के लिए रवाना हो गए/इस दौरान दर्जनों सर्मथक एवं कांवरिया मौजूद थे।

# मुंगेर सदर अस्पताल में नेटवर्क प्रॉब्लम ने मरीज और उसके परिजनों की बढ़ाई मुश्किलें

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर सदर अस्पताल में अगर आप ओपीडी में डॉक्टरों को दिखाने आते हैं तो मोबाइल तो साथ में लेके आइए ही ऊपर से आप मोबाइल नेटवर्क को भी साथ में लाना होगा। नहीं तो आप डॉक्टरों को दिखाने के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सकते है। दरअसल जब आप ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने आते है तो पहले रजिस्ट्रेशन काउंटर पर रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। और उसके लिए आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आता है। पर हाल यह हुआ कि सदर अस्पताल परिसर के नव निर्मित भवन और उसके आस पास मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह फेलियर हो जाता है। पहले तो मोबाइल बाहर आ नेटवर्क एरिया में आकर ओटीपी का पुनः काउंटर पर ओटीपी दे रजिस्ट्रेशन करवाया जाता है। पर गूरूवर को तो हाल यह हुआ कि डॉक्टर भी अपने चैम्बर में बैठे परेशान हो रहे है। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण वे किसी मरीज का इलाज नहीं कर पा रहे है। न ही दवाई ही लिखा रहे है। तो जिसका मेडिकल होना है वैसे युवा का मेडिकल नहीं हैं पा रहा है। मरीज के परिजनों ने बताया कि सुबह 9 बजे से हीं नेटवर्क काफी परेशान कर रहा है।

# पंचायती राज आयोग का गठन करने, एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने एवं पेंशन चालू करने की उठी मांग

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि एमएलए एमपी मंत्री हर सत्र में वेतन भत्ता पेंशन बढ़ोतरी करते हैं किंतु स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा पेंशन चालू नहीं करना, एमएलसी चुनाव का वोटर नहीं बनाना, इनकी मानसिकता को उजागर करती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री यादव ने कहा कि एनडीए ने कई नेशनल दामाद आयोग का गठन किया, किंतु आज तक पंचायती राज आयोग का गठन नहीं किया गया है जबकि निरंतर स्थानीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ का संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को पेंशन चालू नहीं करेगी सरकार, तो विधायक सांसद मंत्री भी पेंशन लेना बंद करें। चुंकी ये जितने बार जीत कर आते हैं, उतनी बार का पेंशन लेते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, देश हित में नहीं है। आज अमीर और अमीर बनते जा रहे हैं तथा गरीब और अत्यधिक गरीब। 71 000 करोड़ का घोटाला साबित करता है कि ऊपरी जनप्रतिनिधि को जनता एवं देश के हित में सकारात्मक सोच नहीं है। पंचायती राज विभाग में सबसे ज्यादा घोटाला हुआ है। आर्थिक विषमता की खाई बढ़ती जा रही है। श्री यादव ने कहा कि 24 अगस्त 2025 को बापू सभागार पटना में उक्त सवाल को लेकर पंच सरपंच संघ राजव्यापी स्थानीय निकाय प्रतिनिधि महासम्मेलन का आयोजन करेगी एवं स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों का जो बात करेगा, वह बिहार में राज करेगा, नारों को बुलंद किया जाएगा। उक्त आंदोलन में अधिक संख्या में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि सरपंच, पंच, मुखिया, वार्ड, समिति, प्रमुख, जिला पार्षद, सभापति लाखों की संख्या में भाग लेंगे। एवं सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेज करेंगे। श्री यादव ने कहा कि पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष से अमोद निराला एवं मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश राय के नेतृत्व में आंदोलन तेज होगा।

सम्पादकीय

## ड्यूक विश्वविद्यालय के शोध ने खोले मस्तिष्क के रहस्य

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



विज्ञान की दुनिया में हर दिन कुछ नया हो रहा है, लेकिन जब बात जीवन, उम्र और स्वास्थ्य की हो, तब हर खोज एक वरदान की तरह होता है। अमेरिका के प्रतिष्ठित ड्यूक विश्वविद्यालय द्वारा किया गया एक नया शोध इस दिशा में क्रांतिकारी माना जा रहा है। यह शोध बताता है कि एमआरआई स्कैन (टॅल्लीड्ढ फीरङ्खल्लंल्ली ड्रेल्लॅ) केवल मस्तिष्क की बनावट को नहीं दिखाता, बल्कि यह भी भविष्यवाणी कर सकता है कि कोई व्यक्ति जैविक रूप से कितनी तेजी से बूढ़ा हो रहा है और उसकी जीवन प्रत्याशा कितना हो सकता है। अब तक एमआरआई को केवल एक डायग्नोस्टिक टूल के रूप में देखा जाता था, जिससे ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, मस्तिष्क क्षति आदि का पता लगाया जाता था। लेकिन ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इसे एक नया आयाम दिया है। उनके अनुसार, एमआरआई से मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों कॉर्टेक्स, हिप्पोकैम्पस और ब्रेन वेंट्रिकल्स, की बनावट और उनके परिवर्तन के आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि व्यक्ति जैविक रूप से कितनी तेजी से उम्रदराज हो रहा है। व्यक्ति के जन्म तिथि से कालानुक्रमिक उम्र तो तय होता है, लेकिन जैविक उम्र उस गति को दशार्ता है जिससे शरीर वास्तव में बूढ़ा हो रहा है। यह उम्र व्यक्ति के आहार, जीवनशैली, जेनेटिक्स और पर्यावरणीय प्रभावों पर निर्भर करता है। ड्यूक यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट्स ने हजारों एमआरआई स्कैन का विश्लेषण कर यह पाया है कि मस्तिष्क के ऊतकों में कई ऐसे पैटर्न होते हैं जो व्यक्ति की जैविक उम्र की ओर इशारा करता है। मोटा कॉर्टेक्स और बड़ा हिप्पोकैम्पस अच्छी स्मृति, बेहतर संज्ञानात्मक कार्य और युवा जैविक अवस्था का संकेत देता है। सिकुड़ता हुआ हिप्पोकैम्पस तेजी से बुढ़ापे की ओर बढ़ने का संकेत देता है, साथ ही अल्जाइमर और डिमेंशिया का खतरा भी बताता है। मस्तिष्क निलयों के पास ऊतक का पतला होना यह दशार्ता है कि व्यक्ति की जैविक उम्र सामान्य से अधिक तेजी से बढ़ रहा है। शोध में पाया गया है कि जिन लोगों की जैविक उम्र तेजी से बढ़ रहा था, उनकी औसतन मृत्यु दर अन्य लोगों की तुलना में 40% अधिक था। यही नहीं, दीर्घकालिक रोगों जैसे अल्जाइमर, स्ट्रोक, हृदय रोग की संभावना भी उनमें 18% अधिक पाया गया। शोधकताओं का कहना है कि जीवनशैली में सुधार जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन से जैविक उम्र की रफ्तार को कम किया जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे ब्रेक लगाकर तेज रफ्तार गाड़ी को धीमा करना। ड्यूक विश्वविद्यालय की शोध टीम ने इस अध्ययन में हजारों लोगों के मस्तिष्क के एमआरआई स्कैन को इकट्ठा किया। इन स्कैन को अत्याधुनिक मशीन लर्निंग तकनीकों की मदद से विश्लेषित किया गया। तकनीक में पैटर्न पहचानने के लिएऔर बीमारी के संबंध को समझने के लिए, स्मृति, निर्णय क्षमता, और सोचने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करने के लिए इस्तेमाल की गई। इन सभी सूचनाओं को जोड़कर एक इ१ल्ल औं क्ल्ली७ तैयार किया गया जो यह बताता है कि मस्तिष्क की संरचना से जैविक उम्र कितनी मेल खा रही है। इस शोध का उपयोग करके डॉक्टर न केवल मस्तिष्क रोगों की शुरूआती पहचान कर सकते हैं, बल्कि व्यक्ति को यह भी सुझाव दे सकते हैं कि उन्हें अपनी जीवनशैली में किन बदलावों की आवश्यकता है। अल्जाइमर जैसी बीमारी की पहले चरण में पहचान, स्ट्रोक की पूर्व चेतावनी, मानसिक स्वास्थ्य के दीर्घकालीन विश्लेषण, जीवनशैली आधारित निवारक उपायों की शुरूआत। फिलहाल यह तकनीक शोध के स्तर पर है, लेकिन जैसे-जैसे इसका सटीकता स्तर बढ़ेगा, यह आने वाले वर्षों में क्लीनिकल प्रैक्टिस का हिस्सा बन सकता है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियां जैविक उम्र के आधार पर बीमा प्रीमियम तय कर सकती हैं। हॉस्पिटल्स में रूटीन चेकअप में जैविक उम्र की गणना को शामिल किया जा सकता है। सरकारें इस डेटा का उपयोग जनसंख्या स्वास्थ्य रणनीति में कर सकती हैं। अगर जैविक उम्र, मृत्यु दर और बीमारियों का संकेत देती है, तो इसे घटाने के लिए आहार में बदलाव- प्रोसेस्ड फूड से बचें, फल-सब्जी और फाइबर युक्त आहार लें। नियमित व्यायाम- सप्ताह में 150 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी उम्र की रफ्तार को कम कर सकती है। योग और ध्यान- मानसिक शांति और न्यूरोप्लास्टिसिटी बढ़ाता है। नींद- 7-8 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क ऊतकों को स्वस्थ रखती है। सकारात्मक सोच- तनाव जैविक उम्र को बढ़ाता है, जबकि हँसी और संतुलित मन इसे घटाते हैं। जहां यह शोध अत्यंत उपयोगी है, वहीं इसकी कुछ सीमाएं भी हैं। हर व्यक्ति के मस्तिष्क का बनावट भिन्न होता है, अतः जनरलाइजेशन करना कठिन हो सकता है। तकनीक को सटीक और सुलभ बनाने में अभी समय लगेगा। कुछ आलोचकों का मानना है कि एमआरआई महंगा है, अतः आम जनता के लिए अभी यह व्यवहारिक नहीं है।

## नींद की गोली का सेवन स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक

अंकित श्रीवास्तव



नींद की गोलियों का सेवन यदि सीमित मात्रा में और डॉक्टर की सलाह से किया जाए तो यह अस्थायी रूप से लाभकारी हो सकता है, लेकिन जब इनका अनियंत्रित, बार-बार या अत्यधिक मात्रा में सेवन किया जाता है, तो यह स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक साबित हो सकता है। नींद की गोलियों में ज्यादातर बेंजोडायाजेपाइन, जेड-क्लास ड्रग्स (जैसे जोलपिडेम) या एंटीहिस्टामाइन जैसे रसायन होते हैं, जो मस्तिष्क की तंत्रिकाओं को शांत कर अस्थायी रूप से नींद लाते हैं, लेकिन इन पर निर्भरता बढ़ने से व्यक्ति को लत लग जाती है और बिना गोली के नींद आना असंभव हो जाता है। इसके दुष्परिणामों में याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, अवसाद, बेचैनी, भ्रम की स्थिति और आत्महत्या के विचार तक शामिल हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति इन दवाओं का अत्यधिक सेवन करता है, विशेष रूप से शराब या अन्य नशीले पदार्थों के साथ, तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, जिससे व्यक्ति कोमा में जा सकता है या उसकी मृत्यु भी हो सकती है। नींद की गोली की घातक मात्रा व्यक्ति की उम्र, वजन और सहनशक्ति पर निर्भर करती है, लेकिन सामान्यतः निर्धारित खुराक से दो या तीन गुना अधिक मात्रा का सेवन गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकता है। कई बार लोग मानसिक तनाव, अवसाद या निजी समस्याओं के चलते आत्मघाती विचारों के प्रभाव में आकर नींद की गोलियों का ओवरडोज लेते हैं, जो अत्यंत खतरनाक और अप्रत्याशित नतीजे दे सकता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि नींद की समस्या के लिए हमेशा चिकित्सकीय परामर्श लिया जाए और स्वयं से दवा लेना बंद किया जाए। नींद न आने की समस्या को हल करने के लिए योग, ध्यान, नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और स्क्रीन टाइम कम करना जैसे प्राकृतिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। याद रखें, नींद की गोली इलाज नहीं बल्कि केवल अस्थायी सहारा है, और इसका अधिक सेवन धीरे-धीरे शरीर और मस्तिष्क दोनों को नुकसान पहुँचाता है। अतः जागरूक रहना और सावधानी बरतना ही सबसे उत्तम उपाय है।

# अपने अपमान की महिलायें स्वयं जिम्मेदार

**इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। जगह जगह उनके पुतले फूंके गये। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गयीं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टी आर पी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गयी। अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी।**






**निर्मल रानी**
**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टी वी स्क्रीन की ह्यशोभाह्ल बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने ह्यप्रकटह्ल होते हैं तो उनका साज श्रृंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं। ऐसे ही एक ह्यकथावाचकह्ल व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रुपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ़्टर शेफ़्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं। परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिये विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिये भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को ह्लविष-की-किटह्ल यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया। तो कभी पीज्जा में पड़ने वाले चीज (पनीर) को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गये। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि- ह्यमहिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगेह्ल। एक बार एक टी वी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टी वी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेंहू चुनचुन कर निकालकर उस गेंहू का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है? परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित ह्लप्रवचनह्ल में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमायें पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचन कताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी क्लश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कताओं की शोभा यात्रा निकालकर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिये माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलायें जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यहीं महिलायें जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं, जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुँचती हैं। जो महिलायें श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किये शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है। उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि ह्यलोग विवाह के लिये लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत, और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगीह्ल। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौर तलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। जगह जगह उनके पुतले फूंके गये। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गयीं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टी आर पी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गयी। अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि ह्यमेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। ह्य यह कहकर मुआफी मांगनी तो क्या उन्होंने अपनी ह्यचार जगह मुंह मारने ह्य जैसी सड़क छाप ह्यभाषा शैली ह्य का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिये कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहाँ लड़कियां चाँद पर पहुँचने की होड़ में लगी हुई हैं। जिस देश में प्रतिभावान युवतियां सिविल सेवाओं में व डॉक्टर इंजीनियर व उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जहाँ सेनाओं में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं देकर देश का गौरव बढ़ा रही हों, उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं। गोया एक अनपढ़ मां की परिकल्पना को साकार करने की कोशिश करते हैं? रहा सवाल चार जगह मुंह मारने का तो यह देश का दुर्भाग्य है कि इसी भारतीय समाज में कुछ कुसंस्कारी लोग सभी क्षेत्रों व समाज के सभी वर्गों में हैं जो मुंह मारते रहते हैं। चाहे वह संत समाज ही क्यों हो। जहाँ आज अनेक चरित्रवान त्यागी परोपकारी व धर्मात्मा संत धर्म की रक्षा में लगे हैं वहीं कुछ ह्यमुंह मारने ह्य वाले जेल की सजा भी भुगत रहे हैं। कभी कोई संत औरतों को 5-10 बच्चे पैदा करने की सलाह देता है। गोया आसमान की बुलंदी को छूने वाली महिलायें इन जैसों की नजरों में केवल बाल विवाह सामग्री व बच्चे पैदा करने की मशीन मात्र रह गयी हैं? कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलायें स्वयं ही अपने अपमान की जिम्मेदार हैं।

# भारतीय दर्शन को अपनाकर वैश्विक समस्याओं का हल निकाल सकता हैं ट्रम्प प्रशासन

**भारतीय आर्थिक चिंतन पश्चिम के आर्थिक चिंतन के ठीक विपरीत है। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार, अर्थ एवं भोग को धर्म के अनुसार ही कार्यशील रखना चाहिए। इस संदर्भ में संयम को प्राथमिकता दी गई है। कोई भी कार्य, सीमा के अंदर किया जाय तो उचित होता है। सीमा के बाहर जाकर किया गया कार्य, समाज में अस्थिरता प्रतिपादित कर सकता है। अत्यधिक भोग, भारतीय संस्कृति में निषेध है। अर्थ के अधिक मात्रा में अर्जन पर हालांकि किसी प्रकार का निषेध नहीं है परंतु अर्थ के उपभोग पर जरूर कुछ सीमाएं निर्धारित हैं। अर्थ का उपयोग स्वयं की सुख प्राप्ति के लिए उपभोग करने के उपरांत परिवार, समाज, धर्म की रक्षा, संस्कृति के विस्तार, भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत, आदि के लिए करना आवश्यक माना गया है। पश्चिमी सभ्यता के अनुसार तो अर्थ का उपभोग केवल एवं केवल स्वयं के लिए किया जाता है एवं येन केन प्रकारेण व्यक्ति द्वारा इसकी वृद्धि हेतु प्रयास किए जाते हैं।**






**प्रहलाद सबनानी**
**(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)**

वैश्विक स्तर पर आज की आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत का प्राचीन आर्थिक दर्शन संभवतः आशा की किरण के रूप में दिखाई पड़ता है। अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश, अपने अहंकार के मद में, जब अपने पड़ौसी देशों एवं हितचिंतक देशों के साथ ही अन्य अविकसित एवं विकासशील देशों को भी नहीं बक्श रहा है एवं इन देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ का डंडा चला रहा है, तब भारतीय आर्थिक दर्शन की ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्ल, ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्ल एवं ह्लसर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामयाःह्ल जैसी नीतियों की याद सहज रूप से ही आ जाती है। भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, अर्थ का अर्जन करना बुरी बात नहीं है परंतु इसका धर्म के अनुसार उपयोग नहीं करना बुरी बात है। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान नीतियों से स्पष्ट झलकता है कि अथाह मात्रा में इकट्ठे किए गए धन का उपयोग विश्व के अन्य देशों को डराने धमकाने के लिए किया जा रहा है। अमेरिका आज कई देशों पर दबाव बनाता हुआ दिख रहा है कि यदि किसी देश ने उसकी शर्तों के अनुरूप अमेरिका के साथ द्विपक्षीय आर्थिक समझौता नहीं किया तो उस देश से होने वाले वस्तुओं के अमेरिका में आयात पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाया जाएगा। यह सत्य है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान विश्व के कई देश विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़े हैं और आज यह सम्पन्न देशों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। इन देशों के नागरिकों को भौतिक सुख की प्राप्ति तो हुई है परंतु उनके जीवन में मानसिक सुख का पूर्णतः अभाव है। अतः इनके जीवन में संतोष का अभाव है और यह लोग कुंठा की भावना में बहते हुए कुछ इस प्रकार के निर्णय ले रहे हैं जिससे समाज के अन्य लोगों का अहित हो रहा है। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी नीतियों के चलते कुछ लोग केवल अपने आर्थिक विकास की ओर पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, समाज के अन्य नागरिकों की स्थिति कैसी है, इस बात पर उनका ध्यान बिलकुल नहीं है। अपने को अधिक धनवान बनाने की प्रक्रिया में वे अपने ही समाज के नागरिकों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। आज अमेरिका की स्थिति भी लगभग यही है। आज वह पूरे विश्व की चौधराहट प्राप्त करने के प्रयास में कुछ इस प्रकार की नीतियों का अनुपालन करता हुआ दिखाई दे रहा है जो अन्य देशों का नुक्सान कर सकती हैं। परंतु, अन्य देशों को होने वाले नुक्सान के प्रति अमेरिका आज पूर्णतः अनजान सा बना हुआ है। पूरे विश्व की आर्थिक स्थिति डावांडोल होती हुई दिखाई दे रही है। यह सब तब हो रहा है जब विश्व की बहुत बड़ी संख्या में नागरिक भूख, गरीबी एवं बेकारी से त्रस्त है। समाज का एक वर्ग अमीर से और अधिक अमीर हो रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग गरीब से और अधिक गरीब हो रहा है। आय की असमानता की खाई निरंतर चौड़ी होती जा रही है। कुल मिलाकर अमेरिका सहित विश्व के कई विकसित देशों के नागरिक आज अपनी आर्थिक तरक्की से संतुष्ट नहीं है एवं भौतिक सुख होने के बावजूद मानसिक बीमारियों से ग्रस्त नजर आ रहे हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार मनुष्य का इस धरा पर जन्म, परेशनियां झेलने के लिए नहीं हुआ है। बल्कि, इस मानव जीवन को समस्याओं रहित बनाकर, शांतिपूर्ण तरीके से जीने के लिए हुआ है। आज विभिन्न देशों के नागरिक खाने पीने की वस्तुओं, अच्छे वस्त्रों, बड़े एवं सुविधाजनक निवास स्थान, मनोविनोद के साधनों में वृद्धि, वासना की वृद्धि एवं वासना की संतुष्टि के लिए विभिन्न साधनों में वृद्धि, सुख के लिए उपभोग में वृद्धि जैसे कार्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए है। जैसे इस धरा पर जीवन जीने का लक्ष्य यही है। इच्छाओं की पूर्ति सम्भव नहीं है। एक इच्छा की पूर्ति होती है तो दूसरी इच्छा जन्म ले लेती है। यह पूंजीवाद में निहित पश्चिमी विचार है। इस धारणा को और अधिक स्पष्ट करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूजनीय श्री गुरुजी (श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) कहते हैं कि ह्लपश्चिम के सुख की अवधारणा पूर्णतया प्रकृति जन्य इच्छाओं की संतुष्टि पर केंद्रित है, अतः उनके जीवन स्तर को उठाने का अर्थ भी केवल भौतिक आनंद की वस्तुओं को अधिकाधिक जुटाना है। इससे व्यक्ति अन्य विचारों एवं एषणाओं को छोड़कर केवल इसी में पूर्णतया संलग्न हो जाता है। भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति की इच्छा धन संग्रह को जन्म देती है। अधिकाधिक धन प्राप्ति हेतु शक्ति आवश्यक हो जाती है; किंतु भौतिक सुख की अतृप्त क्षुधा व्यक्ति को अपनी राष्ट्रीय सीमाओं तक ही नहीं रुकने देती। सबल राष्ट्र, राज्य शक्ति के आधार पर दूसरों के दमन व शोषण का भी प्रयास करते हैं। इसमें से संघर्ष व विनाश का जन्म होता है। एक बार यह प्रक्रिया प्रारम्भ हुई कि समाप्त होने का नाम ही नहीं लेती। सभी नैतिक बंधन विच्छिन हो जाते हैं। सामान्य मानवीय संवेदनायें सूख जाती हैं। मनुष्य और पशु में अंतर स्थापित करने वाले मूल्य एवं गुण समाप्त हो जाते हैं। ह्व हालांकि उक्त विचार आज से लगभग 65/70 वर्ष पूर्व व्यक्त किए गए थे परंतु यह आज अमेरिका की स्थिति पर सटीक बैठते हैं। ह्लमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्ल के नारे के साथ सत्ता में आने वाले श्री डानल्ड ट्रम्प आज पूरे विश्व में अराजकता की सत्ता स्थापित करने में लगे हुए हैं। केवल और केवल अमेरिका के आर्थिक हितों को प्राथमिकता देना है, इससे अन्य राष्ट्रों (अविकसित एवं विकासशील देशों सहित) का कितना भी नुक्सान हों परंतु अमेरिकी उद्योगपतियों एवं व्यवसायीयों के हित सुरक्षित रहने चाहिए, उनकी आर्थिक तरक्की होते रहना चाहिए।

## बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर साकार

एनईपी के पाँच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है

2020 में भारत ने केवल एक नई नीति नहीं अपनाई, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा। स्वर्गीय डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के नेतृत्व में तैयार की गई यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन-सहभागिता वाली नीति-निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढाँचों और भाषाई ऊँच-नीच से परे हो—समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार। पाँच वर्षों में ठएढ का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है; बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं; छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों-हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। ठएढ की सोच रळएट क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है। निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है। अरएफ2024 और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है—आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई-जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। ठकरलळलअ प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और उक्रङरलअ जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं। ठएढ ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बना रही हैं। और कक्षा 1 से 8 की नई किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा (ढफ्एफ्ठअ) एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नई पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें। समग्र शिक्षा और पीएम पोषण जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। ठएढ का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुँचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं। धर्ती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और ढश्ळऋ छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी व सशक्त बनाया गया है। ठएढ 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम-श्री स्कूल, जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय ठएढ के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढाँचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक और 2,000 उरफपार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है। उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है—30.5% की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48% छात्राएं हैं। महिला ढँऊ नामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। रउ, रळ, डइउ और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला ऋएफलगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, और ठंइङ्खल्लं' जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र-केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ अढअअफक्क्र उपलब्ध कराई गई हैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं—अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है। ठएढ के अनुसंधान और नवाचार पर जोर ने भारत के को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है। 400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। अनुसंधान 2.0, और 6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। और चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 01 अगस्त 2025



## गरखा के गोली मार हत्याकांड के एक अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा ग्रामीण । सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र में ताड़ी पीने के दौरान ताड़ी के बकाये पैसे को लौटाने को लेकर हुए विवाद में सुदर्शन मांझी का 35 वर्षीय पुत्र लवकुश कुमार को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या कांड का मौके से फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस दबिश और लगातार छापेमारी के क्रम में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोली कांड में मृतक के परिजन ने स्थानीय पुलिस थाने में एक लिखित आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

जिसपर गरखा थाना पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर गरखा थाना कांड संख्या 574/25 दर्ज कर अनुसंधान सहित गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। बताते चले कि गोली मार कर हत्या में पूर्व में इस कांड के एक अभियुक्त गरखा थाना निवासी असगर अली अंसारी का पुत्र सोहेल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की रफ्तार पर लग सकता है ब्रेक

### संविदाकर्मी अबुल जैश का विस्तार नहीं होने से कार्य बाधित, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि वितरण पर संकट

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, छपरा में संविदा पर कार्यरत लिपिक सह नाजिर अबुल जैश का संविदा कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद जिले में संचालित अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की गति पर विराम लगने की आशंका गहराती जा रही है। वर्तमान में पूरे कार्यालय का संचालन केवल कंप्यूटर ऑपरेटर के सहारे हो रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था चरमराने लगी है इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने अपने पत्र के 164 25 अप्रैल 2025 को विभागीय विशेष सचिव एवं निदेशक को पत्र भेजकर श्री अबुल जैश की संविदा अवधि का विस्तार किए जाने का आग्रह किया था। पत्र में अबुल जैश को एक अनुभवी, दक्ष एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः सक्षम कर्मी बताते हुए, उनकी कार्यकुशलता और निष्ठा की प्रशंसा की गई थी। उन्होंने कार्यालय में नजारत, स्थापना, छात्रवृत्ति वितरण, बोर्ड से जुड़े कार्यों सहित कंप्यूटर आधारित सभी जिम्मेदारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निभाया।विदित हो कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक 10000, दिनांक 14 जुलाई 2015 के अनुसार, यदि सेवा-निवृत्त कर्मी का कार्य प्रदर्शन संतोषजनक हो, तो उसे 65 वर्ष की आयु तक संविदा पर नियोजन की अनुमति दी जा सकती है। बावजूद इसके, अबुल जैश के संविदा विस्तार पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

**कार्यालयीय संकट और योजनाओं पर प्रभाव**

कार्यालय में कर्मियों की गंभीर कमी के कारण मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना, जिसमें मैट्रिक, इंटर, फोकानिया और मौलवी पास छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, प्रभावित हो रही है, 2025 की राशि अब तक लंबित है। इसके अतिरिक्त श्रमशक्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रावास (बालक), वक्फ प्रबंधन, तथा मुस्लिम तलाकशुदा/परित्यक्ताओं के लिए अनुदान योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन भी बाधित हो सकता है।

**अब सवाल यह है कि सरकार कब जागेगी?**

जब तक अबुल जैश जैसे दक्ष कर्मी की पुनर्नियुक्ति अथवा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक इन योजनाओं के सुचारू संचालन की उम्मीद क्षीण होती जा रही है। वर्तमान में ऑपरेटर के सहारे किसी तरह कार्यालय चल रहा है, परंतु कार्यभार और प्रक्रियाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए यह व्यवस्था स्थायी समाधान नहीं कही जा सकती।

**ड्रॉपआउट संख्या बढ़ने का खतरा**

अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं खासतौर पर मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि जैसे प्रावधान, बालिकाओं की शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करती रही हैं। यदि वितरण में देरी होती है तो इससे ड्रॉपआउट दर में वृद्धि हो सकती है, जिसका सीधा असर सामाजिक और शैक्षिक विकास पर पड़ेगा।अब जरूरत है त्वरित निर्णय की बहरहाल, सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं। कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग इस दिशा में कब और क्या ठोस निर्णय लेता है।

## तेज रफ्तार बालू लदी ट्रक ने दो युवकों की ली जान

### परिजनों ने बताया कि दोनों युवक नैनी किसी काम के लिए जा रहे थे





प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुसेहरी पेट्रोल पंप के पास बुधवार की बीती देर रात्रि बाईक सवार दो युवक की अनियंत्रित ट्रक से धक्का लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई.उक्त दोनों युवक खैरा पंचायत के वार्ड संख्या 12 के स्व. रदन महतो का दो पुत्र में से सबसे बड़ा पुत्र 25 वर्षीय राजा महतो तथा दूसरा वार्ड संख्या 15 उसके पड़ोसी राजदेव सिंह का तीन पुत्र में से सबसे छोटा पुत्र 26 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार बताया जाता है.घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ,संदीप कुमार की मां देवंती देवी तथा राजा कुमार की मां चांदा देवी सहित अन्य परिवारों के सदस्यों का रो झरो कर बुरा हाल है, परिजनों से मिली प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों युवक रात्रि में खाना खाकर अपनी बाइक से नैनी जाने के लिए छपरा मसरख मुख्य पथ होकर निकले थे।उसी दौरान छपरा की तरफ से खैरा की ओर आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार बालू लदी ट्रक ने पेट्रोल पंप के समीप जबरदस्त सामने से ठोकर मार दी जिससे दोनों युवक उछल कर सड़क पर गिर गए। घटना स्थल पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई.तथा बाइक ट्रक में फंस कर लगभग पचास मीटर की दूरी तक घसीटता गया। ट्रक में पूरी तरह से बाइक फंस जाने के बजह से चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया.घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और मुफस्सिल थाना की पुलिस की डॉयल 112 घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया.उसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया गया.वहीं खैरा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता शत्रुध्न भक्त ,वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह ने घटना की जानकारी मिलते ही शोक व्यक्त की है ,उन्होंने कहा कि दोनों युवक काफी मिलनसार थे ,दोनो युवक साथ में ही रहते थे.

## पुलिस ने किया औचक निरीक्षण



प्रातः किरण, संवाददाता

परसा (छपरा)ः परसा में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर लगाम कसते हुए परसा पुलिस ने शुक्रवार को स्थानीय स्टेट बैंक शाखा में औचक जांच अभियान चलाया। परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार के निर्देश पर पुअनि दीपक कुमार ने परसा

स्टेट बैंक परिसर में कर्मचारियों की गतिविधियां, सीसीटीवी कैमरे, और सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की। पुलिस ने बैंक कर्मियों से सुरक्षा मानकों को लेकर आवश्यक जानकारी ली और ग्राहकों से भी पूछताछ की।यह कार्रवाई बैंक में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध को बख्शा नहीं जाएगा। परसा पुलिस की इस तत्परता से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

## प्रेमचंद यथार्थ के साहित्यकार, तुलसी भक्ति और आदर्श के प्रतिनिधि : प्रो. प्रमेन्द्र रंजन सिंह

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। गंगा सिंह महाविद्यालय, छपरा के हिंदी विभाग द्वारा आज कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद एवं महान भक्त कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने कहा कि प्रेमचंद भारतीय समाज के सच्चे चितेरे थे। उनका साहित्य गरीबी, अन्याय, मानवीय मूल्यों और ग्रामीण जीवन की धड़कन है। गोदान, गबन, कर्मभूमि जैसे उपन्यास और ईदगाह, कफन, पूस की रात जैसी कहानियाँ आज भी सामाजिक यथार्थ की कसौटी पर खरी उतरती हैं।

अपने वक्तव्य में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने साहित्य को राजदरबारों से निकालकर खेत-खलिहानों तक पहुँचाया और उसे जनसरोकारों से जोड़ा। वे नारे नहीं, संवेदना जगाते हैं।जबकि डॉ. दिनेश कुमार यादव ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य आज के सामाजिक विघटन, वर्गभेद और सांप्रदायिकता के खिलाफ प्रेरणा स्रोत है।प्रो. राजीव कुमार गिरी ने प्रेमचंद को ‟साहित्य को राजनीति से आगे जलनेवाली मशाल‟ बताने वाले कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि आज के दौर में समाज को फिर से साहित्य की ओर लौटना होगा।

डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने तुलसीदास को आदर्श राम राज्य के स्वप्नद्रष्टा बताया और कहा कि मानस, चालीसा और विनयपत्रिका जैसे ग्रंथ आज भी मार्गदर्शक हैं।

संगोष्ठी का संचालन डॉ. कमाल अहमद ने किया। कार्यक्रम में डॉ. फख शायान, डॉ. रुद्र नारायण शर्मा, डॉ. बशिष्ठ कुमार शर्मा, डॉ. नीलेश झा, डॉ. अतुल शुक्ला, डॉ. फिरोज आलम, डॉ. हरिमोहन सहित 50 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## इंडो नेपाल सीमा चकदहवा में सद्भावना के साथ महावीरी झंडा अखाड़े का आयोजन हुआ

बगहा ।इंडो नेपाल सीमा के दुर्गम क्षेत्र चकदहवा में कई गांवों के ग्रामीण इकठ्ठा होकर महावीरी झंडा अखाड़े के दूसरे दिन भी आयोजन किया ।इस अखाड़े की सबसे बड़ी बात यह रही कि इसमें सभी समुदायों हिन्दू,मुस्लिम सभी एक साथ ढोल नगाड़ों के साथ अबीर गुलाल लेकर स्कूल मैदान में इकठ्ठे हुए और खूब लाठियों के करतब दिखाए ।बच्चे,बूढ़े व औरतों ने इस महावीरी अखाड़े में बढ़चढ़ कर शामिल हुए। मेले के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र कुशवाहा ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मुझे अगर मौका मिला तो सबसे पहले सड़क, बिजली और शिक्षा के लिए काम करूंगा ।पूर्व बीडीसी गुलाब अंसारी व समाजसेवी शिवजी कुमार ने बताया कि महावीरी झंडा अखाड़ा दूसरे दिन पूरे धूमधाम के साथ निकाला गया ।इसमें कांही टोला,बिन टोला,झंडू व चकदहवा के साथ साथ सुस्ता के ग्रामीण भी शामिल हुए ।बतादें की चकदहवा गंडक नदी के किनारे बसा एकदम दुर्गम क्षेत्र है जहां तक पहुंचने के लिए खास्ता हाल कच्चे मार्ग से होकर जाना पड़ता है ।ऐसे में ग्रामीणों द्वारा किसी सद्भावना मेले का दुर्गम क्षेत्र में आयोजन करना किसी देशभक्त जज्बे से कम नहीं है।

## नवागत थानाध्यक्ष ने ग्रामीण के साथ बैठक कर समस्याओं एवं अपराध पर विचार विमर्श किया

बगहा ।वाल्मीकिनगर थाने में नवागत पदस्थापित थानाध्यक्ष मुकेश चंद्र कुंवर ने गुरुवार की दोपहर थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ नागरिकों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करने एक दूसरे से परिचय प्राप्त करने एवं थाना क्षेत्र की समस्याओं के मुद्दे पर विचार विमर्श किया। बैठक में सब इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार,डायल 112 के सहायक पुलिस निरीक्षक दिलीप कुमार, वाल्मीकिनगर विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी बृजेश कुमार शर्मा,जितेंद्र प्रसाद,वार्ड सदस्य टूना कुमार,भावी मुखिया प्रत्याशी व समाजसेवी अमित कुमार सिंह,सरपंच प्रतिनिधि मनू सिंह,शत्रुघ्न राम सहित महिलाएं भी उपस्थित रही। बैठक में थाना क्षेत्र के समस्याओं को बताते हुए भावी मुखिया प्रत्याशी अमित कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष को बताया कि थाना क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या चोरी की बढ़ती वारदात व थाना में बढ़ती दलालों की संख्या है। इस पर अंकुश लगाना सबसे जरूरी है। थानाध्यक्ष मुकेश चंद्र कुंवर ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि चोरी की वारदात सहित दो पहिया वाहनों की तेज रफ्तार व थाना में आने वाले दलालों पर कानून अपने तरीके से अंकुश लगाएगा। यही हमारी पहली प्राथमिकता है।

## मोहमद रफी साहब की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

मकेर / वो जब याद आए, बहुत याद आए प्रखंड के चंदीला गांव में श्री रमाशंकर कुंज परिसर में अमर गायक मोहम्मद रफी साहब की 45वी पुण्यतिथि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।श्रद्धांजलि दिवस पर आयोजक पूर्व जिला जज दिनेश कुमार शर्मा ने अपने उदार व्यक्त करते हुए कहा कि रफी साहब को भारत की एक अतुलनीय सांस्कृतिक धरोहर बताया ।उन्होंने कहा कि रफी साहब एक मुकम्मल गायक कलाकार थे बल्कि चिरंतन इंसानी मूल्यों के मसीहा थे ।न्यायाधीश शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को रफी साहब के सांस्कृतिक, कलात्मक विरासत को समझने ,उनके प्रति श्रद्धावान बनने और उन्हें अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया ।आगे उन्होंने रफी साहब को अबतक भारत रत्न नही दिए जाने पर सरकारी तंत्र की घोर संवेदन शून्यता का परिणाम बताया ।सांगीतिक श्रद्धांजलि के क्रम में जज साहब ने स्वयं रफी साहब के कई मार्मिक गीतों को गाकर अतीत के सुनहरे दिनों की समृति में झूमने पर मजबूर कर दिया ,तबला संगत मिथलेश राय ने दिया । इस मौके पर रामिका राय ,डॉ रामनुग्रह प्रसाद ,मेंहदी हसन ,गुलजार अंसारी ,लाल बाबू राय शौखी लाल सिंह, हरि नरायन पांडेय ,सुमन शर्मा ,सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि ,पुष्पांजली अर्पित किया ।

## जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा जल भरा वीटीआर के पथरीले रास्तों से होकर नंगे पांव पहुंचे शिवभक्त श्रद्धालु

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। सावन के अंतिम शुक्रवार व सोमवारी के जलाभिषेक के लिए जल भरने गुरुवार की सुबह वाल्मीकिनगर में शिव भक्तों का एक जत्था बोल बम की जय घोष के साथ पहुंचा। वाल्मीकिनगर पहुंचने के बाद शिव भक्तों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा जल भर जटाशंकर महादेव को जलाभिषेक करने के बाद माथा टेक अपने-अपने शिवालयों के लिए रवाना हो गए। बतादें,वीटीआर के पथरीले रास्तों से नंगे पांव शिव भक्तों ने जटाशंकर मंदिर पहुंच घंटों तक बोल बम की जय घोष करते रहे। इन कांवरियों में विशेष रूप से चौतरवा,परसौनी,बगहा,भैरोगंज रामनगर सहित थरूहट क्षेत्र के भक्त शामिल थे। जटाशंकर मंदिर परिसर में भी सुबह से जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

कौलेश्वर मंदिर के समीप स्थित त्रिवेणी संगम तट में सुबह से ही नारायणी गंडक तट पर स्नान एवं जल भरने के लिए शिव भक्त पहुंचने लगे थे। हर हर महादेव एवं बोल बम की जय घोष के साथ शिव भक्तों ने डुबकी लगा जल भरकर कौलेश्वर महादेव एवं जटाशंकर मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

## मजदूरी मांगने पर भारतीय मूल के युवक की नेपाल में बेरहमी से पिटाई,युवक गंभीर रूप से घायल

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। नेपाल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मजदूरी मांगे पर भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक की जमकर पिटाई की गई ।जब युवक गम्भीर रूप से घायल व अधमरा हो गया तो उसे उठाकर सड़क किनारे फेक दिया गया,यह सारा मामला इंडो नेपाल सीमावर्ती जिला नवलपरासी के बेलाटाडी थाना क्षेत्र फट्कीटो गांव की बताई जा रही है ।सूत्र बतातें हैं कि २५ वर्षीय चुलाही चमार ने मजदूरी की मांग की तो पैसों की जगह पर उसकी पिटाई की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार चुलाही चमार ने अपने किए गए कार्य की मजदूरी फट्कीटो निवासी सुभाष मल्लाह से माँगी, इसी बात से नाराज होकर सुभाष मल्लाह ने रविवार रात करीब 9 बजे चुलाही चमार पर जानलेवा हमला किया और गंभीर रूप से घायल अवस्था में फेंक दिया ।बतादें की इस घटना की जानकारी मिलते ही बेलाटाडी थाना इलाका पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और एम्बुलेंस के जरिए पीड़ित को चौपता अस्पताल पहुँचाया जहाँ पीड़ित का उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है ।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पीड़ित चुलाही चमार का कोई परिवारजन नहीं है और उनके पक्ष में कोई सहयोग करने वाला भी कोई नहीं है।

## पुर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम राजद के बने राष्ट्रीय सचिव

प्रातः किरण, संवाददाता



गड़खा (सारण) राजद के राष्ट्रीय संगठन गठन मे पुर्व मंत्री गड़खा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र राम के कुशल कार्य कर्मठता जुझारूपन पार्टी के प्रति समर्पित कार्य को देखते हुए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गड़खा के विधायक सुरेंद्र राम को पार्टी की राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री सह गडखा विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक सुरेंद्र राम ने राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव बनने पर कहा की राजद को देश के विभिन्न राज्य मे संगठन को मजबूत किया जाएगा और बिहार राज्य सहित अन्य प्रदेशो मे भी संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ा जाएगा जितना संगठन मजबूत होगा उतनी ही पार्टी मजबूत होगी बिहार मे राजद लालू प्रसाद यादव राबड़ी देवी तेजस्वी यादव सहित अन्य लोगो के नेतृत्व मे पार्टी बहूत मजबूत है और बिहार मे सबसे बड़ी पार्टी राजद ही है अगामी बिहार विधानसभा चुनाव मे राजद की सरकार बनना तय है बिहार की जनता मन बना लिया है वर्तमान बिहार सरकार के कार्यकलाप से बिहार की जनता नाखुश है विकास के नाम पर लुट हो रही बिहार मे भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी लुट हत्या चरम पर है अगामी विधानसभा चुनाव मे राजद को बहुमत से काफी जदा सीट आना तय है एनडीए गठबंधन की पराजय तय है,पुर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम को राजद के राष्ट्रीय सचिव बनने पर कई लोगो ने बधाई दी है जिसमे प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष एजाज खान प्रखंड अनुसूचित जाती के प्रखंड अध्यक्ष ललन राम अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष शहाबुद्दीन प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र राय दिनेश राय फैजल खान राहुल यादव सहित गड़खा प्रखंड क्षेत्र विभिन्न पंचायत के पंचायत अध्यक्ष सहित दर्जनो लोग सामिल है।

## एसएसबी ने रमपुरवा कैंप में बैठक कर सीमा सुरक्षा और धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर चर्चा की

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा ।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत इंडो नेपाल क्षेत्र के रमपुरवा कैंप में बुधवार को एसएसबी अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें भेड़िहारी,रमपुरवा, लक्ष्मीपुर एवं चकदहवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना एवं धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने पर था। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक कमांडेंट विवेक सिंह दांगी ने बताया कि यह क्षेत्र नेपाल से जुड़ा हुआ है। असामाजिक तत्व के लोग ज्यादातर भारत नेपाल का सीमा खुला होने के कारण घुसपैठ करने की कोशिश करते हैं। इसमें ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। कहीं भी कोई अवैध गतिविधि दिखाई पड़े तो नजदीक के एसएसबी कैंप में इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लगातार धर्म परिवर्तन होने की सूचना मिल रही है,यह बहुत निंदनीय है। किसी भी नागरिक को अगर कहीं इनपुट मिलता है तो उसके बारे में भी जानकारी साझा करें हम अपने समय और अपने तरीके से उस पर नकल कसेंगे। इस बैठक में तापोश टैगोर,समाजसेवी जटाशंकर सिंह, चुन्नू ठाकुर,मुन्नू सिंह सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसएसपी के निर्देश 65 गिरफ्तार 494 वारंट, सम्मन, इश्तेहार एवं कुर्की का निष्पादन,सारण पुलिस ने 65 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा मंडल कारा

छपरा कार्यालय । वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में विभिन्न थानों से 65 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया है। एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सारण जिले के विभिन्न थानों से असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, शराब बिक्री, शराब भण्डारण, शराब निर्माण एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई कर एक विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में फरार चल रहे 65 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिले के विभिन्न थानों से शराब कारोबार करते 10, शराब सेवन करते 15, हत्या कर फरार अभियुक्त 1, हत्या के प्रयास में 3, चोरी करने में 2, वारंट के अभियुक्त 28, एन.डी.पी.एस. एक्ट के 2 एवं आर्म्स एक्ट तहत 4 अभियुक्त शामिल हैं। जिसमें जिले के बेहतर थानेदारों ने 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 65 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 235 वारंट, 187 सम्मन, 21 इश्तेहार एवं 01 कुर्की का निष्पादन किया गया है। विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से 86 वाहनों से 1,37,000 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 436 लीटर, स्प्रीट 27 लीटर, गांजा 3.844 किलो ग्राम, मोटरसाइकिल 4, मोबाइल 2, स्कूटी बाइक 1, ई-रिक्शा 1, बंदूक का खोखा 2, कारतुस 5, हथियार 3, चाकू 1 एवं एक अपहता को बरामद किया गया है।

## पैट 2023 में नामांकन की तिथि का हुआ विस्तार

छपरा सदर ।पैट 2023 में नामांकन की तिथि का विस्तार कर दिया दिया गया है ।उक्त बातो की जानकारी देते हुए अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ राणा विक्रम सिंह ने बताया कि छात्र 5 अगस्त तक अपना नामांकन करा सकते है। बताते चले कि पहले यह तिथि 31 जुलाई तक ही थी ।लेकिन छात्र हित में कुलपति के आदेशानुसार यह निर्णय लिया गया है। गौर तलब है कि पैट 2023 से संबंधित कोर्स वर्क में नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 21 जुलाई से 31जुलाई निर्धारित किया गया था। तथा राजभवन के पत्रांक इरव-05/2010/ऋ (क) दिनांक 21.09.2017 के आलोक में नामांकन शुल्क 2000/- रुपए रखा गया है।

## गांधी हाई स्कूल में लियो क्लब छपरा सारण ने आयोजित की मेहंदी प्रतियोगिता

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। दौलतगंज स्थित गांधी हाई स्कूल कम इंटर कॉलेज में लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय युवा इकाई लियो क्लब छपरा सारण की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी हथेलियों पर आकर्षक और मनमोहक मेहंदी डिजाइनों उकेरी। प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।लियो क्लब के अध्यक्ष लियो विशाल भास्कर ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य कलात्मक कौशल, सांस्कृतिक प्रशंसा और हाथ से बनाए गए डिजाइनों में सटीकता को बढ़ावा देना था। चेयरपर्सन लायन प्रमोद मिश्रा ने बताया कि लियो क्लब समाज सेवा के साथ-साथ विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भी समय-समय पर मेहंदी, जी के क्विज, निबंध लेखन, पेंटिंग जैसे प्रतियोगिता का आयोजन करते रहता है, जिससे कि उनके कौशल का विकास हो सके।

प्रतिभागियों की रचनाओं का अवलोकन क्लब की सीनियर सदस्या लायन सोनी गुप्ता, लायन अर्चना श्रीवास्तव, लायन रीता मिश्रा ने किया। प्रथम पुरस्कार सोनाली कुमारी, द्वितीय पुरस्कार पूजा कुमारी तथा तृतीय पुरस्कार कुमारी कलश ने जीता। बाकी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। क्लब के वरीय पदाधिकारियों पी डी जी लायन डा एस के पांडे, मनोज वर्मा संकल्प, प्रमोद मिश्रा, लियो अध्यक्ष विशाल भास्कर एवं विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से सभी बच्चियों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार सिंह ने अपने विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन के लिए लियो क्लब छपरा सारण का आभार प्रकट किया और कहा कि आगे भी गांधी विद्यालय इस तरह के प्रतियोगिता के लिए लियो क्लब का स्वागत करता है ।इस अवसर पर लियो क्लब के सदस्य विकास पटेल, सुल्ताना प्रवीण, आदिल, केशव, सुप्रीम, छोटू, सूरज, बब्लू, आलोक के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका स्निग्धा मिश्रा, शिखा वर्मा, ममता चतुर्वेदी, वीरेंद्र बिहारी, शैलेश सिंह, विश्वनेक सन्दर्शी, शत्रुध्न कुमार शबाना खातून आदि थे।

## आपसी समन्वय के लिए एसएसबी ने इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ बैठक की

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमाई क्षेत्रो के दुर्गम इलाके के ग्रामीणों के साथ एसएसबी 21 वीं बटालियन ने बुधवार को बैठक की। यह बैठक दिन के एक बजे रामपुरवा (ए समवाय) और अपराह्न 3 बजे चकदावा (सी समवाय झंडूटोला) में ग्राम सभाएं आयोजित हुई,जिसकी अध्यक्षता कमान अधिकारी सुरेश शर्मा के द्वारा की गई। इस बैठक में उपरोक्त समवायों के कार्यक्षेत्र के लगभग 15 किमी अंतर्गत आने वाले गांवों के सरकारी कर्मचारी, पूर्व ग्राम प्रधान,वार्ड सदस्य, गणमान्य व्यक्ति,सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी समेत अन्य सम्मानित ग्रामीण उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान मूलभूत सुविधाओं,कल्याणकारी उपायों, सुरक्षा जागरूकता एवं आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को शांति एवं सौहार्द बनाए रखने एवम स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों में सक्रिय भागीदारी हेतु जागरूक किया गया ।बतादें की बैठक सभा में उपस्थित जनसमूह से सतर्क रहने,कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा बलों का सहयोग करने सहित किसी भी अवैध सीमापार गतिविधि या विघटनकारी तत्वों की सूचना समय पर देने का आग्रह किया गया ।ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं बेहतर आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता पर बल दिया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि उठाए गए सभी मुद्दों का समाधान नागरिक प्रशासन के समन्वय से किया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# भारतीय महावाणिज्यदूतावास वीरगंज के प्रमुख डीएस मीना की विशेष उपस्थिति में वीरगंज में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रातः किरण संवाददाता**

वीरगंज। महानगरपालिका, राष्ट्रपति चुरे तराई मधेश संरक्षण विकास समिति भरतपुर तथा ग्रीनसिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र आदर्शनगर, वीरगंज, पर्सा के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

वीरगंज महानगरपालिका वार्ड नं. 16 स्थित वैष्णवी मंदिर चौक से लेकर नए बसपार्क तक के सड़क किनारे विभिन्न प्रजातियों के लगभग 70 पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा हेतु सभी स्थानों पर लोहे की तारजाली (प्रोटेक्टिव गार्ड) भी लगाई गई।=यह कार्यक्रम ग्रीनसिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र आदर्शनगर के अध्यक्ष जयप्रकाश खेतान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वीरगंज महानगरपालिका के नगर प्रमुख राजेशमान सिंह प्रमुख अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथियों में भारतीय महावाणिज्यदूतावास वीरगंज के प्रमुख डी.एस. मीना, जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा के एसपी गौतम मिश्र, सशस्त्र प्रहरी बल पर्सा के एसपी पुरनचन्द्र भट्ट, नेपाल इनोभेट सोसाइटी पर्सा के अध्यक्ष कमल चौगाई, वडा प्रहरी कार्यालय बिर्ता के प्रहरी निरीक्षक निरोज चौलागाई, ट्राफिक प्रहरी कार्यालय पर्सा के प्रमुख लोकराज भट्ट, शस्त्र प्रहरी भन्सार पर्सा के डीएसपी पुरुषोत्तम भण्डारी, चुरे तराई मधेश समिति के अध्यक्ष डॉ. किरण पौडेल, महानगर सफाई इन्चार्ज सर्फुदिन अन्सारी, प्रहरी प्रमुख हरी भुसाल, महेश सिंह धामी, ओम कुमार झा समेत अनेक उच्च पदस्थ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय बासिन्दा, सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र के पदाधिकारी, आजीवन सदस्य तथा मिडिया प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रमुख सहभागी पत्रकारों में अभिलाष गुप्ता, सुश्मिता यादव, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सदस्य राकेश अग्रवाल, चन्द्र अग्रवाल, ललित अग्रवाल, शुशिल कादमियाँ, प्रहरी से वरिष्ठ हवलदार प्रेम राम, अजिता घिमीरे तथा अमर सिंह साउद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर प्रमुख राजेशमान सिंह ने कहा, हरियाली विस्तार हमारे नगर की दीर्घकालिक प्राथमिकता है। पर्यावरण संरक्षण अब केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक संदेश जाता है और हम इन्हें और भी सशक्त रूप में आगे बढ़ाएंगे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनचेतना बढ़ाना भी था। आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में और भी वृक्षारोपण और संरक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

# एक बच्ची को नेपाल ले जाते समय मानव तस्कर गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

**प्रातः किरण संवाददाता**




रक्सौल। मानव तस्करी रोधी इकाई 47वी वाहिनी ररइ को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति के साथ एक बच्ची को इण्डियन आयल कॉरपोरेशन के पास देखा गया है, जो संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम प्रभारी विकास कुमार ने एक टीम का गठन किया और सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर मानव तस्करी निरोधक इकाई, 47वीं बटालियन, एसएसबी, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण और स्वच्छ रक्सौल (एनजीओ) की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया । कुछ समय बाद टीम द्वारा मैत्री, ब्रिज रक्सौल के पास से व्यक्ति को पकड़ा जो 12 साल की नाबालिग लड़की को अपने साथ भारत से नेपाल ले जाने की कोशिश कर रहा था। जब टीम ने बच्ची की काउंसलिंग की, तो पता चला कि बच्ची मोतिहारी की रहने वाली एक महिला के घर में नौकरानी का काम करती है, जोमोहम्मद सगीर अली (उम्र लगभग 35 वर्ष) पताः जटवा, पोस्ट- सिसवनिया, थाना- बंजरिया, जिला- पूर्वी चंपारण (बिहार), पिन- 845401 की दोस्त है। पीड़िता ने कहा कि जिस घर में मैं काम करती हूं, वहां की आंटी ने मुझे मोहम्मद सगीर अली (तस्कर) के साथ घूमने जाने को कहा और मुझे नहीं पता था कि व्यक्ति मुझे मोतिहारी से नेपाल ले जा रहा है। बच्ची व्यक्ति को जानती तक नहीं थी। पूछताछ के दौरान पता चला कि मोतिहारी की महिला और सगीर अली ने लड़की की मासूमियत का फायदा उठाकर मोहम्मद सगीर अली के कहने पर लड़की को बहला-फुसलाकर राजी कर नेपाल ले जा रहा था। लड़की की मां को इसकी जानकारी नहीं थी। सगीर अली शादीशुदा है और उसके 02 बच्चे हैं और वह पेशे से डॉक्टर है। ले जाने वाला व्यक्ति के बेटे के नाम पर मोतिहारी में मेडिकल की दुकान और भाई के नाम पर हॉस्पिटल है जहां मोहम्मद सगीर अली प्रेक्टिस करता था।* बॉर्डर पर सुरक्षा बल द्वारा पकड़े न जाए इसलिए लड़की से 25-30 कदम की दूरी पर चल रहा था। लेकिन सही समय पर संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाकर मानव तस्कर को पकड़ लिया और उसके मंसूबों को कामयाब होने नहीं दिया। आगे की कार्रवाई के लिए लड़की और तस्कर को हरैया थाना रक्सौल को सौंप दिया गया, जहां कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए तस्कर के खिलाफ प्रयास संस्था के विजय कुमार शर्मा द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। एफआईआर संख्या 97/25 दिनांक 30/07/25 के अंतर्गत दर्ज हुई। रेस्क्यू अभियान में निरीक्षक सामान्य विकास कुमार, स उप निरीक्षक खेम राज, हवलदार अरविंद द्विवेदी, सिपाही नीतू और सोनाली, प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण से आरती कुमारी, विजय कुमार शर्मा, अभिषेक कुमार और स्वच्छ रक्सौल संस्था से रणजीत सिंह एवं साबरा खातून मौजूद थी।

# जवइनिया गाँव में कटाव व बाढ़ की को ले राहत कार्य का मुद्दा लोकसभा में उठा

**सांसद सुदामा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखा चिठी कहा :जवैनिया में हो रहे काटाव का हो जांच**

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा । आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने जवइनिया गाँव में भीषण कटाव व जिले में बाढ़ की स्थिति पर त्वरित ध्यान देने एवं राहत कार्य का मुद्दा कल लोकसभा में उठाया और आज मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीएम भोजपुर को चिट्ठी लिखा।

उन्होंने कहा कि शाहपुर प्रखंड के दमोदरपुर पंचायत अंतर्गत जवइनिया गाँव वार्ड संख्या 4 और 5 की ओर लाना चाहता हूँ. जहाँ बाढ़ के कारण स्थिति अत्यंत चिंताजनक बना हुआ है। इस साल अभी तक हनुमान मंदिर, गोवर्धन पहाड़ समेत लगभग 300 घर गंगा नदी की तीव्र धारा और लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गंगा में विलीन हो गए हैं तथा प्राथमिक विद्यालय सहित कई घर अभी कटाव के कगार पर है. जबकि पिछले वर्ष इसी गाँव के 64 घर गंगा नदी समा गया था, जिनमें से केवल 59 परिवारों को 1 लाख की मुआवजा राशि तथा 29 परिवारों को गढ़ा में 3 डिसमिल जमीन दी गई थी। वर्तमान वर्ष की स्थिति इससे कहीं अधिक भयावह है। गंगा नदी की धार अत्यधिक तेज है, और यह न केवल घरों को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि मतस्य पालन, कृषि फसल के साथ झ साथ जान-माल का भी बड़ा नुकसान हो चूका है.। आगे उन्होंने कहा कि गाँव के लोगों और विभिन्न स्थानीय स्त्रोतों के अनुसार, इस कटाव की एक बड़ी वजह यह भी मानी जा रही है कि आरा-मोहनिया फोर-लेन हाईवे के निर्माण हेतु इस क्षेत्र के ही व्यक्ति द्वारा अपने राजनितिक रसूख का फायदा उठाते हुए ग्रामीणों के विरोध के बाउजुद जवइनिया गाँव के सामने गंगा नदी से बड़े पैमाने पर बालू और मिट्टी का कटाई किया गया, जिससे गंगा नदी का दिशा ही बदल कर जवइनिया गाँव की ओर हो गया जो अब इस गाँव का गंगा नदी में समाने का मुख्य कारण बना हुआ है. दुसरे तरफ ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के मांग पर जिसमे मेरे द्वारा लोकसभा में उठाने के बाद 9 करोड़ की लागत से ठोकर बांध का निर्माण हुई. यह बांध भी भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया. जबकि ग्रामीणों की मांग थी की गाँव से 500 मीटर आगे पीछे निर्माण किया जाए. लेकिन प्रशासन ने एक ना सुनी. उन्होंने त्वरित करवाई की मांग किया 1. आरा - मोहनिया फोर-लेन हाईवे के निर्माण हेतु जवइनिया गाँव के सामने गंगा नदी से बड़े पैमाने पर बालू और मिट्टी का कटाई का जाँच किया जाए तथा दोषी कम्पनी, अधिकारी ,संवेदक पर न्याय संगत करवाई हो. 2. गंगा नदी के किनारे कोईलवर से बक्सर तक स्थायी लगतार कंक्रीट बाँध का निर्माण किया जाए।3.जवइनिया, अचरज राय के टोला, मझौलिया , राय के टोला के लिए विशेष पैकेज दिया जाए.

4.जिन परिवारों के घर गंगा में समा गए हैं उन्हें समतल जगह पर जमीन दिया जाए और घर बनाने के लिए 25 लाख रुपया दिया जाए तथा जिनके परिजन इस बाढ़ में मारे गए हैं, उन्हें 25 लाख तक का आर्थिक मुआवजा दिया जाए।5.बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत के निम्नलिखित तत्काल उपाय सुनिश्चित किए जाएं। 24 घंटे संचालित सामुदायिक रसोईपशुओं के लिए चारा एवं मोबाइल पशु चिकित्सालय उपलब्ध होगी।

# राजद कार्यालय जगदीशपुर मे किसानों का समस्या जानने के लिए उपस्थित हुए भाई दिनेश

**प्रातः किरण संवाददाता**



राजद नेता पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश ने राजद कार्यालय जगदीशपुर में किसानों की समस्याएं सुनीं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की। किसानों ने भाई दिनेश को बताया कि नहर से जाने वाला नाला पूरी तरह भर गया है और नाला भी जाम हो गया है, जिसके कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। धान की रोपनी के लिए पानी की आवश्यकता है, लेकिन पानी की कमी के कारण किसानों को परेशानी हो रही है।

## भाई दिनेश की कार्रवाई

भाई दिनेश ने रुऊ सिंचाई विभाग रामनगर से तत्काल बात की और कहा कि हर हालत में आज ही नाला को साफ करवाया जाए और किसानों को सिंचाई के लिए पानी तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि धान की रोपनी के लिए पानी की आवश्यकता है और किसानों को पानी नहीं मिलने से उनकी फसल प्रभावित हो रही है।

## किसानों की उपस्थिति

इस अवसर पर अनिल सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रंजीत कुमार, भूपेंद्र सिंह , जवाहर सिह, सुदर्शन सिह सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे। उन्होंने अपनी समस्याएं बताईं और भाई दिनेश से समाधान की मांग की।

## समस्या का समाधान

भाई दिनेश के प्रयास से रुऊ सिंचाई विभाग राम नगर ने नाला को साफ करवाने और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे किसानों को धान की रोपनी के लिए पानी मिलेगा और उनकी फसल को बचाया जा सकेगा।भाई दिनेश ने रुऊ स्त्रीं से राजद कार्यालय पर लगा स्त्रीं विभाग के चपाकल को दो फिट उचा करने

# नए प्रधान शिक्षक जितेंद्र कुमार व शिक्षक मो इस्लाम सहित दो शिक्षक का आगमन पर सम्मान समारोह

आरा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मुकुंदपुर में गुरुवार को नए प्रधान शिक्षक जितेंद्र कुमार व शिक्षक मो इस्लाम सहित दो शिक्षक का आगमन पर सम्मान समारोह वं एक शिक्षिका सजदा बानो की विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मध्य विद्यालय लिलारी के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार सिंह व संचालन प्राथमिक विद्यालय दोबेया टोला के प्रधान शिक्षक कमलदेव सिंह ने किया। उक्त विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका सजदा बानो का मो इस्लाम के साथ मैचुअल ट्रांसफार्मर हुआ है, जबकि जितेंद्र कुमार बीपीएससी परीक्षा से पास कर प्रधान शिक्षक के रूप में ज्वाईनिंग हुई हैं। इसके पूर्व वे मध्य विद्यालय ध्रुवडीहां में विशिष्ट शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे। विद्यालय से एक साथ तीन शिक्षकों का गुरुवार को विद्यालय परिसर में सम्मान व विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें फुल माला और अंगवस्त्र के साथ साथ अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित करते हुए स्वागत व विदाई दी गई। इसके पूर्व शिक्षक आशिष पांडे ने बंदना और विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस मौके पर मौजूद अतिथियों ने शिक्षकों में उच्च विद्यालय मुकुंदपुर के प्रधानाध्यापक कुमार मंगलम, प्रधान शिक्षक पवन सूत, संजय भास्कर, धनंजय कुमार, शिक्षक रितेश श्रीवास्तव, राधेश्याम पांडे, कुमारी निर्देश, आशिष पांडे, संगिता कुमारी, निरज पांडे, दिनेश पांडे, उपेन्द्र सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, विंध्याचल ठाकुर, ममता सिंह, शशिकाला कुमारी, हिरामुनी कुमारी, किरण कुमारी, चंदन कुमार, जलालुद्दीन, सहित अन्य उपस्थित थे।

# अहवर कुड़िया के कुड़ेश्वरनाथ मंदिर में हुआ कुश्ती महादंगल का आयोजन

मझौलिया।प्रखंड स्थित प्रसिद्ध कुड़ेश्वरनाथ मंदिर, अहवर कुड़िया परिसर में महावीर मेला के अवसर पर भव्य कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी विनोद कुमार तिवारी, विनय कुमार तिवारी, रुद्र तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, राधेश्याम तिवारी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस कुश्ती महादंगल में बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बंगाल और नेपाल के नामचीन पहलवानों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पहलवानों ने जबरदस्त दांव-पेंच दिखाकर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खासतौर पर अरविंद पहलवान, नजीर पहलवान, नागेंद्र दास बाबा, पारस थापा, राणा पहलवान, बसंत पहलवान, रामबाबू, बाबर, उमेश, सुरेश और बादल पहलवान के मुकाबले को दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका पहलवान विकास कुमार ने बेहद सटीक ढंग से निभाई। आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार तिवारी, विनोद तिवारी, सुधीर तिवारी, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार, सोनू कुमार गुप्ता, बलिराम यादव, सुभाष भगत, गणेश यादव एवं अजय यादव की अहम भूमिका रही।दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। विजेता पहलवानों को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किए गए। स्थानीय स्तर पर पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन सराहनीय पहल रही।

# कायमनगर भाया बिरमपुर दौलतपुर बोरिंग निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे बड़हरा विधायक

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा/बड़हरा । बड़हरा विधानसभा अंतर्गत कोईलवर प्रखंड के कायमनगर से बिरमपुर होते हुए श्रीपालपुर लौंग बाबा मठिया से दौलतपुर बोरिंग तक निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण करने बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिह पहुंचे।ज्ञातव्य हो कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य दौलतपुर बोरिंग से संवेदक द्वारा शुरूआत किया गया है। सड़क निर्माण का पहला चरण दौलतपुर बोरिंग से लवंग बाबा के मठिया होते हुए श्रीपालपुर तक पछरा हो गया है।बड़हरा विधायक दौलतपुर बोरिंग से लवंग बाबा मठिया होते हुए श्रीपालपुर तक सड़क का निरीक्षण किए।सड़क निर्माण मे बड़े-बड़े मशीन लगे है ।बड़हरा विधायक ने सड़क निर्माण निरीक्षण करने के उपरांत जनता को संबोधन करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लोगो के लिए बहुत लाभकारी है। क्षेत्र के लोगो का विकास की हमेशा मै चिन्ता करता हूँ। मेरा कार्य ही क्षेत्र का विकास करना है।

सड़क का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है ओर बहुत जल्द क्षेत्र के लोगो को यह सड़क मिल जाएगा, जिससे क्षेत्र की जनता को आवागमन मे सहायक बनेगा। सड़क निर्माण कार्य पूरे गुणवत्ता के साथ बन रहा है।

उन्होने कहा कि पूरे बड़हरा विधानसभा क्षेत्र मे विकास हो रहा है। मै जनता की सेवा करने के लिए विधायक बना हूँ।

# 23 करोड़ की राशि से होगा थरूहट क्षेत्र का विकास

बेतिया। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे गुरुवार को समाहरणालय सभागार में समेकित थरूहट विकास अभिकरण अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में लंबित पुरानी योजनाओं के निरस्तीकरण, क्रियान्वित/लंबित योजनाओं की भौतिक स्थिति एवं वर्ष 2025-26 में प्राथमिकता सूची के निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया।नोडल पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण प्रदीप कुमार गोंड द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2010 से अब तक 11 ऐसी योजनाएं हैं जिन्हें विभिन्न कारणों से निरस्त करना आवश्यक है, ताकि उन राशियों का उपयोग अन्य उपयोगी योजनाओं को लेते हुए किया जा सके।जिला पदाधिकारी ने कहा कि जो योजना पुरानी एवं तकनीकी कारणों से निरस्त करने योग्य हैं, उन्हें निरस्त कर दिया जाए तथा रोजगारपरक योजनाएं, थरूहट क्षेत्र के सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने हेतु म्यूजियम का निर्माण, अतिरिक्त वर्ग, जीर्ण-शीर्ण हो चुके चिकित्सा संस्थान इत्यादि का निर्माण कराने संबंधी योजनाओं का प्रस्ताव दिया जाए ताकि समाजिक बदलाव लाने में योजनाएं सहायक हों।बैठक में उपस्थित विधायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा थरूहट क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव एवं सुझाव दिये गये। सभी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सदस्यों द्वारा थरूहट क्षेत्र में कला भवन, कौशल विकास केन्द्र, संग्रहालय आदि का निर्माण कराने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि थरूहट क्षेत्र के विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। थरूहट क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ है एवं किया भी जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में ली जाने वाली योजनाओं से संबंधिक प्राथमिकता सूची उपलब्ध करा दें। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि थरूहट क्षेत्र में रोजगार सृजन को लेकर योजना का क्रियान्वयन, विद्यालय, हेल्थ सेंटर इनोवेशन/रिक्वायरमेंट, स्थानीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित रखने हेतु म्यूजियम, मैट्रिक आदि परीक्षा में रैंक होल्डर 20 बच्चों को लैपटॉप, लाईब्रेरी आदि के निर्माण पर विचार करें।

# भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्तिपूर्वक मनाया गया

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा। महाजन टोली नंबर 2 स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में जैन धर्म के तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही भक्तिपूर्वक मनाया गया। परम पूज्य मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ का पंचामृत अभिषेक, पूजन, मंगल आरती, वृहद शांतिधारा, निर्वाण लाडू समर्पण भक्तों के द्वारा किया गया। शांतिधारा करने का सौभाग्य डॉ श्वेता-भावेश जैन तथा प्रथम निर्वाण लाडू समर्पण करने का सौभाग्य डॉ सीपी-आदित्य विजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनिश्री का पाद प्रक्षालन रेशु-आकाश जैन तथा शास्त्र भेंट मंजुला-आदेश जैन के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर मुनिश्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए बताया कि भगवान पार्श्वनाथ जी अपने कठोर तपस्या के क्रम में अनेकों उपसर्ग आए तथा उन्होंने उपसर्ग का सामना सहनशीलता और विवेक से किया जिससे उन्होंने अपने तपस्या पर विजय प्राप्त कर मोक्षगामी तीर्थंकर बने। हमें भी अपने जीवन में सहनशीलता धारण कर अपने जीवन के सभी कष्टों को दूर कर सकते है। मानव जीवन में 2 चीजें महत्वपूर्ण है पहला सहनशीलता तथा दूसरा उत्साहित होना। ये दोनों चीजें अगर आप में विद्यमान हो जाए तो सभी कार्य निरंतर संपन्न हो सकेगा। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24 तीर्थंकर में 20 तीर्थंकर की निर्वाण भूमि झारखण्ड राज्य के गिरीडीह जिला स्थित श्री सम्मेद शिखर जी है। शिखर जी के पर्वत पर भगवान पार्श्वनाथ जी स्वर्णभद्र कूट से सावन सुदी सप्तमी तिथि को मोक्ष हुए है आज के पावन दिवस पर विश्वभर में जैन समाज द्वारा अपने नजदीकी मंदिरों में अभिषेक, पूजन, निर्वाण लाडू समर्पण, पार्श्वनाथ विधान कर पुण्य अर्जित करते है। मंदिर प्रांगण को मधु-विमलेश जैन परिवार द्वारा भव्य रूप से सजाया गया था। दोपहर समय में श्री पार्श्वनाथ विधान श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में आयोजित था जिसके पुण्यार्जक शील जैन, छवि-अंशु जैन परिवार थे। कार्यक्रम के समापन पर अल्पाहार की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में था जिसे सभी ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किए। निर्वाण महोत्सव को सफल बनाने में पंचायती मंदिर के संयोजक आकाश जैन सह संयोजक अजय जैन की भूमिका अहम रही। महोत्सव में डॉ आदित्य विजय जैन, ऋषभ चंद्र जैन, अजीत कुमार जैन, धीरेन्द्र चंद्र जैन, बिभु जैन, डॉ शशांक जैन, डॉ विकास चंद्र जैन, कमल कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, मनोज जैन, मन्नू जैन, अजय जैन, रजत जैन, सुनील जैन, हर्षित जैन, ब्र. सुलोचना दीदी, विनीता जैन, दीप्ति जैन, पूनम जैन, पूर्णिमा जैन, जुली जैन, रोली जैन, अंजू जैन, सुधा जैन, नेहा जैन, भारती जैन, वार्ड पार्षद रेखा जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

# तुलसीदास जयंती को ले तुलसीदास की प्रतिमा पर महंत सुमन बाबा के नेतृत्व में किया गया माल्यार्पण



आरा । महावीर मंदिर रमना आरा में अवस्थित तुलसीदास कि प्रतिमा पर, तुलसीदास जयंती पर माल्यार्पण महंत सुमन बाबा के नेतृत्व में किया गया,सुमन बाबा ने कहा कि तुलसीदास कि जिवनी माया से भक्ती कि लेजा ने वाली है,उनकी लिखी एक एक चौपाई मंत्र है,दश महा विद्या के पुजारी जितेंद्र तिवारी ने कहा कि सनातन का सार उनकी लेखन है,जिवन का आधार है,जिन पर विशेष कृपा होती है भगवान कि वही जन्म लेता है तुलसीदास के रुप में,उक्त अवसर पर सुनिल सिंह अधिवक्ता,मधुसूदन वर्मा,कुमार मोहित,देवराज ओझा, संजय राय, अभय विश्वास भट्ट, यशवंत नारायण, कुमार रवि,सुनिल नैयर,व अन्य सदस्य गण उपस्थित थे

# जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से ससमय मिले, इसे हर हाल में करें सुनिश्चितःमंत्री

**श्रवण कुमार ,मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

**प्रातः किरण संवाददाता**



बेतिया(घनश्याम)।श्रवण कुमार, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा पश्चिम चंपारण में ग्रामीण विकास की योजनाओं की भौतिक स्थिति एवं क्षेत्रीय स्तर पर उनके क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा हेतु समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।

जिला सामाहरणालय सभागार बेतिया में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त सुमित कुमार द्वारा मंत्री जी को पौधा देकर स्वागत किया गया, एवं समीक्षात्मक बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया।

मंत्री जी द्वारा आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार योजना, मनरेगा, जल जीवन हरियाली,जीविका, सामाजिक अंकेक्षण आदि ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की गई। आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि इंदिरा आवास योजना के वे लाभार्थी जिनके मकान अभी अपूर्ण है उन्हें अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण कराएं।

उन्होंने सभी प्रखंड विकास प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ दिया गया है तो उनका मकान पूर्ण करने की जवाब देही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी की है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तत्परतापूर्वक करेंगे। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में मंत्री जी द्वारा बगहा 1, नौतन, मधुबनी, लोरिया के कार्यक्रम पदाधिकारी को शत प्रतिशत जॉब कार्डधारी को रोजगार मुहैया न कराए जाने के कारण कड़ी फटकार लगाई एवं उनपर कार्रवाई करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में शौचालय विहिन परिवारों को शौचालय निर्माण एवं भुगतान में अकर्मण्यता के कारण जिला समन्वयक को कड़ी फटकार लगाई गई एवं चेतावनी दी गई थी यदि अपेक्षित प्रगति नहीं गया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सामाजिक अकेंक्षण की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा सामाजिक अकेंक्षण के कार्य में शिथिलता बरतने के कारण डीआरपी को शीघ्र प्रगति लाने का निर्देश दिया गया अन्यथा सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई।

जीविका के कार्य की सराहना की गई एवं निर्देश दिया गया कि जिन जीविका दीदियों को बकरी शेड, पशु शेड आदि की आवश्यकता है उसकी सूची बनाकर मनरेगा को दे दिया जाए ताकि उन्हें शेड निर्माण के लाभ से लाभान्वित किया जा सके। जल जीवन हरियाली की प्रगति अच्छी थी इसके लिए उप विकास आयुक्त को धन्यवाद दिया गया। इसके पूर्व मंत्री , ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चनपटिया प्रखंड के प्रखंड परिसर में अवस्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का उद्घाटन किया गया एवं इस प्रकार के यूनिट की स्थापित होने से प्लास्टिक जैसे कचरा के निस्तारण हेतु प्रबंधन की व्यवस्था होने पर खुशी जाहिर की। इसके साथ-साथ चनपटिया प्रखंड के जैतीया पंचायत में खेल मैदान का उद्घाटन माननीय मंत्री द्वारा किया गया।

# बेलागंज विधानसभा में मंत्री अशोक चौधरी ने 151 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मिला था बिना कानून का राज्य, मुख्यमंत्री ने बनाया सुशासन का राज्य

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी।बेला गंज विधानसभा में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने 151 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया है।इसमें कई ऐसी योजनाएं हैं, जो पिछले तीन दशक से चिरप्रतीक्षित मांग थी।जो बेलागंज विधायिका मनोरमा देवी के कार्यकाल में हुआ है।अशोक चौधरी ने कहा बेलागंज के सभी जाती धर्म लोगों ने मनोरमा देवी को विधानसभा भेजने का काम किया है।

लोगों ने विकास की धारा को बल दिया है।बेला के नौजवानों युवाओं और सभी बेलागंज की समस्त जनता को हम हाथ जोड़कर धन्यवाद करते हैं आप लोग के प्यार एवं आशीर्वाद के बाद 2005 में बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था।उस समय का बजट 24 हजार करोड का बजट था। और प्रदेश रोहतास,नवादा की मगध की धरती लहू लोहान था हमारे नेता नितिश कुमार को बिहार को सबल बनाने का काम किया है। अपने बिस वर्ष के कार्यकाल मे हमारे नेता ने बिहार का बजट अभी तिन लाख करोड़ सतर हजार पार कर चुका है। बिहार के मुलभूत सरचना को बदलने का काम किया है।।2005 मे जो अराजकता फेली हुई थी। हमारे नेता सबसे पहले विधि व्यवस्था को ठीक करने का काम किया है पुरे बिहार में एक सर्वे कराया जिसमें बिहार कि आबादी कितनी बढी है उसका पता कराया है बिहार का घनत्व सबसे ज्यादा है। सबसे पहले महादलित के बच्चे हैं, अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे हैं विधालय का निर्माण कराया है । बिहार पहला राज्य बना है।जहा सबको शिक्षा का अधिकार मिला किसी भी जात पात से उठकर हमारे नेता ने सबके लिए विधालय अनिवार्य किया है। कोई भी बच्चे सड़क और घुमते नजर नहीं आ रहे हैं। शिक्षकों कि बहाली करके सबको पुरी शिक्षा मिले इसका काम हमारे नेता ने किया है।2005 के पहले लोग की विचारधारा और हमारे नेता कि विचारधारा अलग अलग है। इससे पहले जो लोग थे। पहले के अति पिछड़ा के लोग जिनके माता पिता आर्थिक रूप से सम्पन्न नही है उसेभेस पर बैठकर पढाने का काम किया गया था।जब से हमारे नेता आए इस सोच को पुरी तरह से बदल डाली हैं।। हमारे नेता ने मेडिकल कॉलेज,बीआईटी कोलेज,आदी कोलेज का निर्माण कराया है।

इस मौके पर मंत्री अशोक चौधरी ने तेजस्वी पर जमकर तंज कसा है इसके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास का इतिहास लिखा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिना टायर ट्यूब हेडलाइट वाली गाडी जैसा बिहार मिला था। अशोक चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, कि बिहार में 2020 के बाद रिवर्स माइग्रेशन पर काम हो रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐसा बिहार मिला था, जिसकी स्थिति उस गाड़ी जैसी थी, जिसमें न टायर न ट्यूब और न ही हेडलाइट था. तब बिहार कैसा था, क्या बिहार था, यह हर कोई जानते हैं. बिहार ऐसा मिला था, जिसमें जंगल राज था. जेलब्रेक जैसी घटनाएं होती थी, जातीय उन्माद होता था, इस तरह का बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मिला था। बिना टायर ट्यूब हेडलाइट जैसी गाड़ी वाले बिहार को पटरी पर लाया गया और 2020 के बाद बिहार में रिवर्स माइग्रेशन पर काम हो रहा है।

### रीतलाल यादव पर कई केस दर्ज है

तेजस्वी के विधायक रीत लाल यादव के सामने इच्छा मृत्यु मांगा है, इस पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, कि सबको पता है, कि उन पर कितना केस दर्ज है, यह हम सब जानते हैं. वही, मालेगांव ब्लास्ट पर कहा, कि यह भी कोर्ट का मामला है, और साक्ष्य नहीं मिले, तो उन्हें बरी किया गया.

### तेजस्वी यादव सपना देख रहे हैं

तेजस्वी यादव के दावे कि 2025 में उनकी सरकार बनेगी. इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपना देखने में किसी को रोक नहीं है. किसी को मनाही नहीं है. 2010 में राजद की सबसे कम सीट 22 आई थी, इस बार उसे आंकड़े से भी कम सीट आएगी. हम लोग बिहार का विकास कर रहे हैं और यही वजह है कि आज 151 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया है. इसमें सड़क मार्ग की महत्वपूर्ण योजना शामिल है।बिहार में बिजली, शिक्षा, रोजगार सभी क्षेत्र में विकास हुआ है और अब रिवर्स माइग्रेशन पर काम हो रहा है. वहीं, बेलागंज विधायक ने कहा, कि हमने जो वादा किया था बेलागंज की जनता से, उसे पूरा किया जा रहा है.

# कृषि विभाग गया द्वारा आयोजित किसान कल्याण संवाद सह युवा किसान सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी के पावन धरती पर कृषि विभाग गया द्वारा आयोजित किसान कल्याण संवाद सह युवा किसान सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया है।इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं। उन्होंने अपने अभिभाषण में सबसे पहले गयाजी की मोक्षभूमि एवं मां मंगला गौरी की पावन धरती पर पधारे माननीय उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का मगध वासियों एवं किसान भाइयों की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया है।डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में गयाजी के किसानों के लिए पूर्व में किए गए कृषि विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके कृषि मंत्री कार्यकाल के दौरान गयाजी में दो कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना हुई–एक मानपुर में, जिसे 20 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया गया, और दूसरा आमस में, जिससे गुरुआ, डोभी, आमस, डुमरिया, बांकेबाजार, इमामगंज एवं मोहनपुर के किसानों को लाभ हो रहा है।उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में बिहार के तीसरे कृषि रोडमैप का शुभारंभ करने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने आगामी 11 अगस्त से राज्य के सभी 8463 पंचायतों में आयोजित होने वाले किसान चौपाल में किसानों से भागीदारी का आह्वान किया है। गयाजी जिला के 332 पंचायतों में यह किसान चौपाल सहकारिता विभाग के माध्यम से संचालित की जाएगी।मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि राज्य के कुल 462,963 किसानों से 39,22,590.72 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति सहकारिता विभाग के माध्यम से की गई है। इसके साथ ही यह जानकारी दी कि अब सहकारिता विभाग द्वारा मोटे अनाज मिलेट्स की भी अधिप्राप्ति की जाएगी ताकि किसानों को बाजार के साथ-साथ उचित मूल्य भी प्राप्त हो सके।उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रशंसा की साथ ही उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी का आभार जताया कि आजादी के बाद पहली बार किसानों के लिए तीन गुना बजट बढ़ाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों के आय में बढ़ोतरी हो रही है।

# बिहार विधानसभा 2025 चुनाव की तैयारी

## शेरघाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार भाजपा प्रभारी को किया स्वागत



**प्रातः किरण संवाददाता**

शेरघाटी।बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े का शेरघाटी नेशनल हाइवे 2 पर भाजपा कार्यकताओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया।

बताते चले कि गुरुवार की दोपहर में औरंगाबाद से गया जाने के क्रम में वह नई बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर थोड़ी देर के लिए कार से उतरकर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

इस दौरान गया जिला पश्चिमी के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ. चिंटू सिंह जिला मीडिया प्रभारी विनय प्रसाद नगर अध्यक्ष राधे श्याम सिंह संतोष गुप्ता वार्ड पार्षद अशोक सिंह,राजेश सिंह राणा, शुभांशु सिंह,अरुण चंद्रवंशी, मुरारी सिन्हा एवं रवि सिंह आदि ने फूल माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता कौशल वर्मा, अनंत दांगी,राजीव गोयल, सुरेश साहू, अमित अग्रवाल, गोविंद कुमार, निक्कू कुमार, सत्यम कुमार, दीपक सिंह, संजीव पाठक, संजीव गुप्ता, सोनू सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# बिहार भाजपा प्रभारी का नेता डॉ मनीष पंकज द्वारा फूल माला से किया गया सम्मान

➤ राष्ट्रीय महामंत्री के संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता समर्पण भाव बिहार जैसे महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रदेश के संगठन प्रभारी विनोद तावड़े जी का आज गया जी के पावन धरती पर स्वागत भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा द्वारा सम्मानपूर्वक किया गया है। इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर, विष्णु चरण चिन्ह अंगवस्त्र भेंट कर एवं पुष्पों का बुके देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर स्वागत करते हुए डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि तावडे का संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण भाव बिहार जैसे महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि तावडे जी का मार्गदर्शन पार्टी के सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, विशेष रूप से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए उनका अनुभव अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा डॉ मिश्रा ने कहा कि विनोद तावडे का राजनीतिक जीवन सादगी, निष्ठा और कार्यकताओं के प्रति समर्पण से भरा रहा है। उनका व्यवहारिक दृष्टिकोण और संगठनात्मक कौशल पार्टी के सभी स्तरों पर अनुकरणीय है। स्वागतके माध्यम से एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा में संगठन और कार्यकर्ता का महत्व सर्वोपरि है।

# प्रेमचंद के 145 वीं जयंती पर सामयिक संवाद

**प्रात: किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार,उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की 145 वीं जयंती समारोह के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि मुंशी प्रेमचंद एक ऐसे साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं जिनकी रचनाओं में जीवंतता का स्वरूप निरंतरता का परिचायक है। भारत की तत्कालीन स्थिति,परिवेश एवं प्रासंगिकता वर्तमान में कितना समीचीन होगा इस वस्तु स्थिति को प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में जबरदस्त परोसा है।जब उनकी रचनाओं को पाठक गहन अध्ययन करता है तो उसके मन में जो प्रश्न उठता हैं उन प्रश्नों का जवाब उनकी रचनाओं में अक्सर मिल जातें है।जहां गोदान के माध्यम से पूरे भारत का परिदर्शन संभव हुआ तो रंगभूमि और कर्मभूमि में तत्कालीन सामाजिक जो विषमताएं थी उन्हें उन्होंने दूर करने का प्रयास किया है।गबन,सेवा सदन उपन्यास के माध्यम से नारी की सामाजिक स्थिति की तुलनात्मक व्याख्या की है। साथ ही साथ उनकी सैकड़ो कहानियों में उस समय की जो भी सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक स्थिति रही थी उनका सम्यक विवरण प्रस्तुत करने का कार्य मुंशी प्रेमचंद जी ने किया है।

# लोजपा रा के कार्यकर्ताओं ने स्व चौधरी के परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के गया जिला अध्यक्ष सह विस सूत्री सदस्य दिलीप कुमार सिंह के अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष सुबोध पासवान संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार चंद्रवंशी जितेंद्र पासवान बेलागंज प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार उर्फ गोलू शर्मा अतरी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी मानपुर प्रखंड अध्यक्ष सरजू पासवान मोहड़ा प्रखंड अध्यक्ष राकेश रंजन जिला संगठन मंत्री सुबोध सिंह लेबर सेल जिला अध्यक्ष मुकेश चौधरी मिश्री पासवान आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी आज अतरी विधानसभा के मोहड़ा प्रखंड अरई केशोपुर निवासी और पार्टी के एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष स्वः डॉ बी एन चौधरी के आवास पर पहुंच कर उनके परिवार को सांत्वना दिए हैं। बीते कुछ दिन पहले पार्टी के एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष स्वः डॉ बी एन चौधरी का निधन अमरनाथ यात्रा जाने के दौरान हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया था। आज उनके आवास पर लोजपा रामविलास के गया जिला के सभी परिवार पहुंचकर सामूहिक रूप से आर्थिक एवं खाद्य सामग्री देखकर सहयोग किया आगामी 1 अगस्त 2025 को उनके पैतृक गांव केशोपुर में ब्रह्मभोज संपन्न होगा। वहीं जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह उन्हें याद करते हुए कहे कि स्वः डॉ. बी.एन. चौधरी जी अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने न केवल संगठन के लिए, बल्कि समाज के वंचित वर्गों के लिए भी आजीवन संघर्ष किया। एक मार्गदर्शक, एक प्रेरणास्त्रोत और एक सच्चे जनसेवक के रूप में उनका स्थान कोई नहीं ले सकता।डॉ. साहब के साथ बिताए कुछ व्यक्तिगत पल हमेशा याद रहेंगे।साथ साथ सभी पदाधिकारी ने स्वर्गीय डॉक्टर बी एन चौधरी के परिवार को संतावना देते हुए काहे की स्वर्गीय डॉक्टर बी एन चौधरी अब हम लोगों के बीच नहीं रहे लेकिन लोजपा परिवार उनके परिवार के साथ पहले भी था आज भी है और आजीवन साथ रहेगा किसी तरह की समस्या डॉक्टर साहब के परिवार के साथ होती है यथासंभव लोजपा रामविलास के सभी पदाधिकारी उसे समस्या को अपना समस्या मानकर निदान करने का संकल्प लेते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

# सरजू बाबू के आकस्मिक निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति

**प्रात: किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के सिरिरश ग्राम में प्रख्यात समाजसेवी, राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रांतीय कार्यकर्ता,होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ सरजू प्रसाद के आकस्मिक निधन के पश्चात श्राद्ध कार्यक्रम के मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सरजू बाबू बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं।सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे उन्होंने संघर्षमय जीवन व्यतीत करते हुए सिफरिश जैसी छोटी जगह पर तीन दशक पूर्व राइस खोलकर सैंकड़ों लोगों को रोजगार दी थी।साथ ही साथ भोपतपुर पंचायत में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जितने भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे उसमें उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी पूर्व मुखिया बाबूराम सिंह, सरजू बाबू के सुपुत्र धनंजय कुमार गुप्ता,भाजपा सिरिश मंडल के अध्यक्ष सुजीत कुमार गुप्ता,अजीत आचार्य,जीतू कुमार शौंडिक, डॉ एल शर्मा,सुमंत कुमार गुप्ता,राजन कुमार गौरव सहित अन्य लोगों ने कहा कि सरजू बाबू के आकस्मिक निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

## बीएलओ को विशेष गहन पुणरीक्षण की प्रशिक्षण दिया गया

अरवल। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी एवं सोनभद्र वंशी सूर्यपुर की अध्यक्षता में अपने प्रखण्ड के अंतर्गत सभी बीएलओ को विशेष गहन पुणरीक्षण 2025 फेज 2 अंतर्गत कार्य करने की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। सभी बीएलओ को बताया गया कि दिनांक 01 अगस्त 2025 को सभी बीएलओ के द्वारा अपने मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन करेंगे। जिसके आलोक में दिनांक 02 अगस्त 2025 से मतदाताओं के द्वारा दावा/आपति प्राप्त किया जायेगा। साथ ही साथ विशेष गहन पुणरीक्षण 2025 के प्रथम फेज अंतर्गत वैसे मतदाता जो गणना प्रपत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज नहीं दे पाये है, उनलोगों से दस्तावेज प्राप्त कर बीएलओ के माध्यम से ससमय अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि विशेष गहण पुणरीक्षण का कार्य समयबद्ध तरीके से पुरा किया जा सके।

## बाइक सवार बदमासो ने एक व्यक्ति को मारी गोली, घायल

शेरघाटी।बाइक सवार हथियार लैस बदमासो ने एक कामगार को मारी गोली गम्भीर रूप से हुआ घायल अस्पताल में चल रहा है इलाज। घटना आमस थाना अंतर्गत जयरामखाप मोड़ की है बुधवार की देर शाम तकरिवन 8:30 बजे कामगार अरविंद प्रजापति चाँडीस्थान बाजार से अपने घर लौट रहे थे, तभी बदमासो ने उनके कंधे में गोली मार दी उक्त घटना के बाद घायल ।मगार को मगध मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।जिनका इलाज चल रहा है, उक्त घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई है जिसमे एक व्यक्ति घायल है,उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## रामपुर चाय में पईन के बाँध टूटने से किसन की बढ़ी चिंता

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा करपी प्रखण्ड के रामपुर चाय में पईन के बाँध टूटने की सूचना ग्रामिणों द्वारा प्राप्त होने पर औचक निरीक्षण किया गया। जल छाजन विभाग द्वारा बनाये गये चेक डैम के पास लगभग 10 फिट तक बाँध टूटा हुआ पाया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को अमित रंजन कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, अनुराग रिसव सहायक अभियंता लघु सिंचाई, पवन कुमार कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल गया, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार सहयक अभियंता बाढ़ नियंत्रण, संजीव कुमार कनीय अभियंता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल काम शुरू करते हुए दो दिनों के अन्दर बाँध की मरम्मती कराना सुनिश्चित करें। प्रतिमा कुमारी सहायक निदेशक शस्य संरक्षण को निदेश दिया गया कि चेक डैम बनाने में सम्मिलित सभी अभियंताओं की सूची उपलब्ध कराते हुए बाँध के टूटने के कारण से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। मौके पर जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी माला कुमारी उपस्थित रहे।

## कुशा गांव से समीप नहर से एक व्यक्ति का मिला शव, पुलिस ने शव को बरामद कर पहचान में जुटी

शेरघाटी।डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशा बीजा पंचायत के नहर वाले सड़क मार्ग के कुशा गांव के समीप नहर से एक व्यक्ति का शव पुलिस ने गुरुवार की सुबह बरामद किया है। घटना की जानकारी थानाअध्यक्ष मुकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने दी है। उन्होंने बताया शव देखने से यह प्रतीत होता है, कि शव दो-तीन दिन पुराना है, कहीं से डूब कर बहते हुए आया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना के बाद शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेजा है। पहचान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानव व्यापार विरोध दिवस पर बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर दिया गया जोर

अरवल । मानव दुव्यार्पार विरोधी दिवस के अवसर पर विकास पथ विक्रम की पहल पर अरवल में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में सीमा कुमारी जुली कुमारी नीलम कुमारी शिखा कुमारी राजभर कुमार झा दिलीप रजक अमर कुमार राजीव रंजन कुमार अक्षय कुमार गीता कुमारी रीता कुमारी संजू कुमारी सभी बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारीके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुव्यार्पार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। विकास पथ विक्रम, देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और अरवल में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण को रोकना है।

# आर्म्स एक्ट में एक दोषी को हुई सजा

**प्रात: किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि देव थाना कांड संख्या -148/24, जी आर -2030/24, टी आर -2504/25 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए काराधिन अभियुक्त सुनील कुमार सिंह जंगी मुहल्ला देव को आर्म्स एक्ट की धारा -25(1-बी) ए में तीन साल की सजा, पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी और धारा 26 में तीन साल की सजा, पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी।

30 सितंबर 24 को आरोप पत्र आई ओ, पु. अ .नि. नीतीश कुमार द्वारा न्यायालय में पेश करने के बाद अभियोजन की ओर से तेजी से सात गवाही पुरी कर वाद निष्पादन कराया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक अपर थानाध्यक्ष देव सुशील कुमार ने 04 जुलाई 24 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्त के पत्नी ने अभियुक्त द्वारा तलवार से हाथ काटने का प्राथमिकी 03 जुलाई 24 को कराई थी जिसकी प्राथमिकी संख्या - देव थाना -146/24 दर्ज कराई थी। अभियुक्त की तलाश में छापामारी के दौरान देव थाना मोड़ से अभियुक्त पकड़ाया।

अभियुक्त के निशानदेही से गैस गोदाम देव के झाड़ी में देशी कट्टा बरामद हुआ और हाई स्कूल देव कैम्पस में मट्टी खुदाई कर कुछ कारतूस बरामद किया गया था। अभियुक्त के पत्नी भी अभियुक्त पति के खिलाफ गवाही दी थी।

# फायरलेस कुकिंग गतिविधि ने बच्चों में जगाई रसोई कला की रुचि

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी।सीनियर दिल्ली स्कूल, पिरखान सरैया बाजार शाखा,खिजरसराय, गयाजी में फायरलेस कुकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया है, जिसमें कक्षा 3, 4 एवं 5 के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मक पाक कौशल और टीम वर्क का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।छात्रों द्वारा दिखाई गई ऊर्जा और उत्साह यह दशार्ते हैं कि वे कक्षा के बाहर कुछ नया सीखने में रुचि ले रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों की रचनात्मकता को निखारने के साथ-साथ उनमें जिम्मेदारी की भावना और आनंद का संचार करती हैं, जिससे वे नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित होते हैं।इस कार्यक्रम की सफलता में श्रेय जाता है हमारी शिक्षिकाओं – श्रेया मैम और श्रुति मैम को, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ भाग लिया है। विशेष धन्यवाद हमारे निदेशक आलोक सर को, जिनकी प्रेरणा और समग्र विकास की सोच छात्रों एवं शिक्षकों को केवल अकादमिक नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में रुचि लेने के लिए प्रेरित करती है।सीनियर दिल्ली स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सीखने की जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# प्रेमचंद जयंती पर संगोष्ठी साहित्य और इतिहास का संवाद आयोजित

गया कॉलेज, गया के हिन्दी विभाग द्वारा आज महान कथाशिल्पी मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी का विषय था – प्रेमचंद कालीन ऐतिहासिक संदर्भ, जिसमें प्रेमचंद के साहित्य को उनके समय के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवेश के आलोक में समझने का गहन प्रयास किया गया है।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे प्रो० (डॉ०) पार्थसारथी, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, ए० एम० कॉलेज, गया है। उन्होंने विषय पर बोलते हुए प्रेमचंद के जीवनकाल 18801936 को इतिहास की दृष्टि से अत्यंत उथल-पुथल भरा समय बताया। उन्होंने कहा– प्रेमचंद का साहित्य केवल रचनात्मक नहीं, ऐतिहासिक दस्तावेज भी है। उनके समय में दो विश्व युद्धों की धमक, वैश्विक आर्थिक मंदी, गांधीवादी आंदोलनों का उभार, समाजवादी और मार्क्सवादी विचारधाराओं का प्रभाव, तथा डॉ. अंबेडकर द्वारा उठाए गए जातिगत प्रश्न – ये सभी परिवर्तन प्रेमचंद की रचनाओं में प्रतिध्वनित होते हैं। वे एक संवेदनशील लेखक ही नहीं, अपने समय के इतिहास से टकराने वाले जागरूक विचारक भी थे।प्राचार्य प्रो० (डॉ०) सतीश सिंह चंद्र ने अपने आशीर्वचन में प्रेमचंद को भारतीय यथार्थ का प्रतिनिधि लेखक बताया और कहा कि– प्रेमचंद की रचनाएँ समाज की अनसुनी आवाजों को मंच देती हैं, और उनके साहित्य में इतिहास बोलता है।इस संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो० (डॉ०) राम उदय कुमार, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, गया कॉलेज, ने तुलसीदास और प्रेमचंद की जीवन-संगठन प्रक्रिया की तुलना करते हुए कहा

तुलसी और प्रेमचंद, दोनों के रचनात्मक जीवन में निजी संघर्षों की छाया स्पष्ट रूप से दिखती है।

# रोटरी क्लब गया सिटी द्वारा नवजात शिशु देखभाल पर विशेष सत्र का आयोजन

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया।रोटरी क्लब गया सिटी द्वारा अभिनीत नर्सिंग होम, गया में ह्लनवजात शिशु देखभालः वर्तमान चुनौतियाँ एवं समाधानह्न विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा, देखभाल और मातृत्व के प्रति जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है।

इस कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष रोटेरियन कुमुद वर्मा द्वारा ह्लमिटींग कोल टू ओडर टू ओडरह्न के साथ की गई। तत्पश्चात राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन की रस्म मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. रामाधार तिवारी, मुख्य वक्ता डॉ. विवेकानंद सिन्हा, क्लब अध्यक्ष रो. कुमुद वर्मा, डॉ. अमिता सिन्हा तथा रो. राजकुमार दुबे द्वारा संपन्न हुई। है।रोटेरियन कुमुद वर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया है।

मुख्य सत्र में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेकानंद सिन्हा ने नवजात शिशुओं की देखभाल में आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों, संक्रमणों, माताओं की सामान्य भूलों एवं उनके वैज्ञानिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की है। उनके व्याख्यान को उपस्थित 46 एन एम एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने गहराई से सुना और तत्पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र में सहभागिता की गई है।

इसके बाद मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. रामाधार तिवारी ने अपने विचार साझा करते हुए मातृत्व एवं नवजात स्वास्थ्य जैसे विषयों पर रोटरी क्लब की पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होते हैं।इस कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर विवेकानंद सिन्हा एवं प्रो. तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए हैं। इसके साथ ही उपस्थित माताओं को नवजात देखभाल से संबंधित उपयोगी उपहार भी प्रदान किए गए हैं।

अंत में रोटेरियन डॉ. अमिता सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यक्रम का संचालन रो. राजकुमार दुबे ने कुशलता से किया है। सत्र के समापन पर हल्के जलपान के साथ आपसी संवाद का आयोजन हुआ है।

इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहेः रोटेरियन अरविंद कुमार सिन्हा, रोटेरियन सोमेन्द्र अग्रवाल, रोटेरियन सतीश मोरे, रोटेरियन अमरेश कुमार, डॉ. कुसुम सिंह, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. उमेश सिंह, रोटेरियन रतन कुमार, रोटेरियन एम. एन. अंजुम, रोटेरियन पी. पी. चखैयार, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, डॉ. वैभव वर्मा, डॉ. महिमा, आयुष और बिपिन।

# लखीसराय में मासूम बच्चों से मेहनत-मजदूरी कराने वालों की खैर नहीं ,मिल सकती है दो साल जेल की सजा

## बाल श्रम के विरुद्ध धावा दल के द्वारा सघन अभियान चला कर बच्चे को कराया गया मुक्त

**प्रातः किरण संवाददाता**

लखीसराय !लखीसराय में मासूम बच्चों से मेहनत-मजदूरी कराने वाले वालों की अब खैर नहीं है।श्रम संसाधन विभाग ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार में 14 साल से कम आयु के बच्चों से मेहनत-मजदूरी कराने वालों के लिए छह माह से लेकर दो साल तक की जेल की सजा और 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है।

इसी अभियान के तहत आज लखीसराय में डीएम मिथिलेश मिश्र के आदेश पर जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर बाल श्रम के विरुद्ध विरुद्ध धावा दल के द्वारा सघन अभियान चलाया गया।

इसी क्रम धावा दल की टीम ने चानन प्रखंड के बियर चौक स्थित अभिराज चाट पर धावा बोलकर



एक 12 वर्ष के बच्चे को बाल मजदूरी से मुक्त करवाया गया।

श्रम अधीक्षक संजय कुमार चौधरी ने बताया कि यह अभियान जिले के अन्य क्षेत्रों में भी लगातार जारी रहेगा। बच्चे से काम कराने वाले नियोजक पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित 2016 के तहत संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।मुक्त करवाये गए बच्चे को तत्काल आर्थिक सहायता के रुप में तीन हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा एवं मुख्यमंत्री राहतकोष के तहत पचीस हजार रु का एफडी बाल श्रमिक के नाम से उनके खाते में 18 वर्ष की उम्र पूरा होने तक करवाया जाएगा।

इसके साथ ही पांच हजार रुपये पुनर्वास सह-कल्याण कोष में जमा कराया जाएगा।

धावादल में श्रम अधीक्षक लखीसराय के संयोजन में बाल संरक्षण पुलिस पदाधिकारी, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, रंजीत कुमार, अनिकेत, रामजीवन कुमार एवं अभिषेक रावत शामिल थे।

# 20 जोड़ी इंटर जोनल स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्टेशनों के मध्य चलायी जा रही निम्न स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । इन ट्रेनों का ठहराव, समय एवं मार्ग पूर्ववत रहेगा ।

1.गाड़ी सं. 03388/03387 पाटलिपुत्र-सहरसा-पाटलिपुत्र स्पेशल के कुल 08 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब गाड़ी सं. 03388 पाटलिपुत्र-सहरसा स्पेशल 06.08.2025 से 24.09.2025 तक प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी सं. 03387 सहरसा-पाटलिपुत्र स्पेशल 08.08.2025 से 26.09.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी ।

2.गाड़ी सं. 03350/03349 दानापुर-सुपौल-दानापुर स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब यह स्पेशल दानापुर और सुपौल से 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

3.गाड़ी सं. 05570/05569 सहरसा-ललितग्राम-सहरसा स्पेशल के कुल 45 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05570 सहरसा-ललितग्राम स्पेशल 01.08.2025 से 30.09.2025 तक रविवार एवं गुरूवार को छोड़कर प्रतिदिन तथा गाड़ी सं. 05569 ललितग्राम-सहरसा स्पेशल 02.08.2025 से 01.10.2025 तक सोमवार एवं शुक्रवार को छोड़कर प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

4.गाड़ी सं. 05552/05551 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05552 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन तथा गाड़ी सं. 05551 पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल 02.08.2025 से 01.10.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

5.गाड़ी सं. 05504/05503 सहरसा-ललितग्राम-सहरसा स्पेशल के कुल 08 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05504 सहरसा-ललितग्राम स्पेशल 07.08.2025 से 25.09.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को तथा गाड़ी सं. 05503 ललितग्राम-सहरसा स्पेशल 08.08.2025 से 26.09.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी ।

6.गाड़ी सं. 05516/05515 सहरसा-ललितग्राम-सहरसा स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05516 सहरसा-ललितग्राम स्पेशल 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन तथा गाड़ी सं. 05515 ललितग्राम-सहरसा स्पेशल 02.08.2025 से 01.10.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

7.गाड़ी सं. 05514/05513 सहरसा-सरायगढ़-सहरसा स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05514 सहरसा-सरायगढ़ स्पेशल 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन तथा गाड़ी सं. 05513 सरायगढ़-सहरसा स्पेशल 02.08.2025 से 01.10.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

8.गाड़ी सं. 05232/05231 पूर्णिया कोर्ट-बिहारीगंज-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब यह स्पेशल पूर्णिया कोर्ट और बिहारीगंज से 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

9.गाड़ी सं. 05222/05221 बरौनी-सहरसा-बरौनी स्पेशल के कुल 52 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब गाड़ी सं. 05222 बरौनी-सहरसा स्पेशल 02.08.2025 से 30.09.2025 तक शुक्रवार को छोड़कर प्रतिदिन तथा गाड़ी सं. 05221 सहरसा-बरौनी स्पेशल 03.08.2025 से 01.10.2025 तक शनिवार को छोड़कर प्रतिदिन परिचालित की जाएगी । 10.गाड़ी सं. 05502/05501 नरकटियागंज-गौनाहा-नरकटियागंज स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब स्पेशल नरकटियागंज एवं गौनाहा से 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

11. गाड़ी सं. 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है । विस्तारित अवधि के साथ अब यह स्पेशल पाटलिपुत्र एवं गया से 01.08.2025 से 30.09.2025 तक प्रतिदिन परिचालित की जाएगी ।

12. गाड़ी सं. 03346/03345 मोकामा-किउल-मोकामा स्पेशल के कुल 61 फेरे की वृद्धि की गयी है ।

# शहीद उधम सिंह, महान लेखक मुंशी प्रेमचंद, गायक मोहम्मद रफी एवं मुकेश का जयंती पुण्यतिथि मनाया

■ **शहीद महापुरुषों के जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से मिलती है सीख व ऊर्जा : किरण देव यादव**

**प्रातः किरण संवाददाता**

अलौली। फरकिया मिशन, देश बचाओ अभियान, मिशन सुरक्षा परिषद एवं ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय के सभागार में शहीद उधम सिंह का 85 वीं शहादत, प्रगतिशील महान लेखक मुंशी प्रेमचंद का 145 वीं जयंती, महान गायक मोहम्मद रफी का 25 वीं पुण्यतिथि, महान गायक मुकेश का 102 वीं जयंती मनाया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीदों के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित किया गया तथा शहीद उधम



सिंह एवं मुंशी प्रेमचंद अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, नारों को बुलंद किया गया। तथा कोटि-कोटि नमन याद किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि उधम सिंह सच्चे अर्थों में अमर शहीद क्रांतिकारी साहसी देशभक्त थे, जिन्होंने जलियांवाला बाग कांड के जिम्मेवार जनरल और डायर को लंदन में जाकर गोली मार कर बदला लिये तथा मुंशी प्रेमचंद साहित्यिक जगत के शिल्पकार, कलमकार, देशभक्त, एवं प्रगतिशील महान लेखक थे जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से आमजनों को जागरूक करने का महान कार्य किया। वहीं महान गायक मुकेश एवं मोहम्मद रफी का मधुर संगीत स्वर आज भी कर्णप्रिय है।

कार्यक्रम में अभियान के सचिव लालमणि सदा, मानवाधिकार संगठन के ब्रजनंदन महतों, ललन शाह, गुलाब महतों, तितली भारती, उमेश हरि दर्शन गायक, मोहन कुमार, जवाहर यादव, आदि ने कहां की क्रांतिकारी एवं महान पुरुषों का जयंती शहादत एवं पुण्यतिथि दिवस मना कर उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से प्रेरणा मिलती है जिससे सामाजिक कार्य करने में ऊर्जा प्राप्त होता है। एवं नई पीढ़ी को जानकारी मिलती है।

इधर, ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन एवं देव म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में दान नगर बस स्टैंड अवस्थित कार्यालय सभागार में एक शाम रफी मुकेश के नाम, कार्यक्रम का आयोजन कर महान पार्श्व गायक को श्रद्धांजलि दी गई तथा कोटि-कोटि नमन किया गया।

# प्रेमचंद जयंती का हुआ आयोजन

**प्रातः किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय। बिहार पेंशनर समाज,सारण के तत्वावधान में सारण जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं प्रायाणिक के साथ उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की जयंती का आयोजन प्रतीक्षा, यमुनापुरी पश्चिमी प्रभुनाथ नगर, छपरा में किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिंहा ने कहा कि प्रेमचंद के उपन्यास एवं उनकी कहानियां कालजई है, उनके संदर्भ के पत्र एवं परिवेश आज भी अपने रूपभेद के साथ समाज में विराजमान है, समय सापेक्ष के साथ घटनाएं , परिस्थितियां एवं ,विकृतियां भी है, सामाजिक परिवर्तित स्थितियो में उदाहरण भी सापेक्ष है,

कामेश्वर प्रसाद सिंह ने



उन्हें युगद्दष्टा कहा वही प्रोफेसर अमरनाथ प्रसाद ने प्रेमचंद को सामयिक परिवेश का चितेरा कहा जबकि प डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी उर्दू कहानी के बादशाह थे,इस अव सर पर पेंशनर समाज के सदस्यों ने पुरजोर मांग की कि सभी पेंशनरों के पेंशन का भुगतान पूर्ववत बैंक के ही माध्यम से किया जाय ,ट्रेजरी की व्यवस्था से पेंशनर परेशान हो रहे है,।

आज की इस विशेष बैठक में बबन सिंह,डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, हरिशंकर प्रसाद,, डॉ कृष्ण नंदन सिंह,नन्द किशोर शर्मा,विष्णु शंकर ओझा,मो, इस्राफील, धर्मनाथ प्रसाद सिंह डॉ ऐनुल बरौलवी, सुरेश कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे ।सधन्यवाद बैठक स्थगित की गई।

## तरारी में नियम विरुद्ध संचालित 5 हॉस्पिटल व मेडिकल हॉल को किया गया सील

तरारी। बिहार सरकार के निदेर्शानुसार जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य टीम और तरारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा० अभयकान्त चौधरी के द्वारा गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न जगहों पर अवैध रूप से नियम विरुद्ध संचालित अस्पताल और मेडिकल हाल को सील कर दिया गया ।स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई किए जाने के दौरान इस पेशे से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रखंड मुख्यालय समेत खुटहा फतेहपुर आदि जगहों पर छापेमारी की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर विजय कुमार सिंह के द्वारा संचालित मां अस्कामनी मेडिकल हॉल और अस्पताल को सील किया गया।

## इसुआपुर में शराब का किया गया विनष्टीकरण

इसुआपुर ।स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को शराब का विनष्टीकरण किया गया। थानाध्यक्ष कमल राम ने बताया कि विभिन्न शराब कांडो में बरामद अंग्रेजी और देसी शराब मिलाकर 504 लीटर शराब का विनष्टीकरण गड्ढा खोदकर किया गया।इस मौके पर अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मनीष कुमार साहा, एस आई संजय कुमार शर्मा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## पनवारी महाविधालय के प्रागंण में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन



तरारी ( आरा ) ।तरारी प्रखण्ड के श्री त्रिदंडी स्वामी मानस काँलेज पनवारी के साभागार मे पवित्र सावन मास के प्राकृतिक एव आध्यत्मिक सौंदर्य को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया ,स्नातक के छात्र छात्राओ ने बढ चढं कर हिस्सा लिया और अपने मनमोहक नृत्य संगीत से उपस्थित दर्शको का मन मोह लिया।

महोत्सव का विधिवत शुभारंभ श्री त्रिदंडी स्वामी मानस महाविधालय के प्रचार्य डॉ. दयानिधी सिह के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।इस अवसर पर उन्होंने सबको पवित्र सावन मास एवं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए महोत्सव में भाग ले रहे सभी -कलाकारों एवं उनके प्रशिक्षक शिक्षकों की खूब प्रशंसा की और कहा कि बहुत थोड़े समय में ही इन प्रतिभाशाली कलाकारों ने जो बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है।इस महोत्सव में प्रस्तुत पारंपरिक गीतों और नृत्य ने सबको लोक-जीवन से जोड़ने का कार्य किया है।पनवारी महाविधालय परिवार सदैव अपनी लोक-कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयासरत रहता है।कार्यक्रम का मंच-संचालन कुमकुम कुमारी ने किया। अपने सुमधुर गायन से सुमन कुमारी अमृता कुमारी , आदि ने भगवान शिव के भक्तिपूर्ण भजनों, कांवरिया गीत, कजरी और अन्य बरसाती लोकगीतों के द्वारा सभी को भावविभोर होकर झूमने पर मजबूर कर दिया। दूसरी ओर सलोनी कुमारी ,प्रिया कुमारी अमृता कुमारी ,काजल ने नृत्य प्रस्तुती कर उपस्थीत लोगो का मन मोह लिया ,मेहदी प्रतियोगिता में रोहणी कुमारी,अमृता कुमारी,मरियम ,अंजनी कुमारी ,चादनी कमारी ने अपना जलवा बिखेर शिक्षको को निर्णय के लिए मजबूर किया आदि ने वही डा० माया ,डा० प्रतिमा ,डा० सुधा ,डा० बबिता ने कजरी, झूमर आदि किया ।

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर दुमदुमा में संगोष्ठी आयोजित चित्रगुप्त विचार मंच ने मनायी मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**प्रातः किरण संवाददाता**

छपरा। जिले के दाउदपुर के दुमदुमा में नवोदय पुस्तकालय के प्रांगण में चित्रगुप्त विचार मंच के तत्वावधान में महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं. उन्होंने कथा सम्राट के रूप में



अपनी एक अलग पहचान बनायी. उन्होंने सामाजिक चेतना के साथ जीवन के यथार्थ को अपनी कथाओं में प्रस्तुत किया. आज की पीढ़ी उनके मौलिक कथाओं के माध्यम से प्रेरणा ले सकती है. वक्ता शिक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रेमचंद को कभी भुलाया नहीं जा सकता. साहित्य के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है. सौम्या श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, शशिकांत प्रसाद सिन्हा ने भी मुंशी प्रेमचंद के जीवन तथा उनके मौलिक कथाओं पर अपने विचार व्यक्त किये. राकेश कुमार ने युवा कवि व पत्रकार प्रभात किरण हिमांशु की लिखित कविता मैं प्रेमचंद का वाचन किया. इस अवसर पर जयप्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, राकेश रंजन सिन्हा, पंकज श्रीवास्तव, सौम्या श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, शशिकांत प्रसाद सिन्हा, सुशील कुमार, गुड्डू श्रीवास्तव, राजीव रंजन सिन्हा, अशोक कुमार, मुकेश रंजन, अंकित श्रीवास्तव, राकेश कुमार, निशिकांत सिन्हा, कृष्णा नंद सिन्हा, सुदर्शन महतो आदि उपस्थित रहे.

# ये छपरा की महिलाओं का अपमान है, पिछले चुनाव में महिलाओं ने बदला लिया था, इस बार भी महिलाएं लेंगी बदलाः राखी गुप्ता

**प्रातः किरण संवाददाता**

छपरा कार्यालय ।जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी तेज होती जा रही है। अब बयानबाजी के साथ-साथ पोस्टरबाजी और बैनरबाजी ने भी जोर पकड़ लिया है। इसी क्रम में छपरा शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां भाजपा की सक्रिय नेत्री और पूर्व मेयर राखी गुप्ता को निशाना बनाते हुए उनके खिलाफ भ्रामक और एडिटेड तस्वीरों वाले पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए।

जानकारी के मुताबिक, शहर के छह प्रमुख स्थानों पर एक जैसे होर्डिंग्स लगाए गए जिनमें राखी गुप्ता की एडिटेड तस्वीर को राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं के साथ दिखाया गया। पोस्टर में लिखा था – दिन में भाजपा के साथ, रात में तेजस्वी के द्वार, साथ ही सर्वदलीय पार्टी (टिकट के जुगाड़ में) जैसी टिप्पणी भी की गई थी ।इन बैनरों को देर रात शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगाया गया, जिसकी जानकारी सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को हुई। घटना की सूचना मिलते ही नगर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी फर्जी पोस्टरों को हटा दिया।

यह मामला तूल तब पकड़ा जब राखी गुप्ता के पति और व्यवसायी वरुण प्रकाश ने नगर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं इस मुद्दे को लेकर भाजपा की ओर से राखी गुप्ता के आवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने इसे विरोधियों की सोची-समझी और संयोजित साजिश करार दिया। उन्होंने कहा, ह्लछपरा विधानसभा में राजद को कोई मजबूत प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। जन समर्थन भाजपा के साथ है। राखी गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं ।राखी गुप्ता ने कहा कि मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राखी गुप्ता ने कहा, ह्लमैं भाजपा में थी, हूं और रहूंगी। मेरी बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विरोधी इस तरह की साजिश कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि छपरा की जनता इन षड्यंत्रों को समझ रही है और इसका जवाब उचित समय पर देगी ।गौरतलब है कि राखी गुप्ता वर्तमान में भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक हैं और विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रियता से तैयारी में जुटी हैं।

## पीडब्ल्यू ने की नीट-जेईई उम्मीदवारों के लिए पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 की घोषणा

दुगार्पुर। फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने अपनी छात्रवृत्ति परीक्षा पीडब्ल्यूएनएसएटी (फिजिक्सवाला राष्ट्रीय छात्रवृत्ति सह प्रवेश परीक्षा) 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा की है।इस पहल का उद्देश्य नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई के उम्मीदवारों को उनकी आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना शिक्षा और मार्गदर्शन सुलभ कराकर उनका समर्थन करना है। इस पहल की घोषणा दुगार्पुर में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई, जहां पीडब्लू के पश्चिम बंगाल क्षेत्रीय प्रमुख, केंद्र प्रमुख और पीडब्लू विद्यापीठ दुगार्पुर के व्यवसाय प्रमुख पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 के विभिन्न लाभों के बारे में बताने के लिए एक साथ आए। इसके अलावा शहर के कई स्कूलों के प्रधानाचार्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन मोड 1-15 अक्टूबर तक और ऑफलाइन मोड 5-12 अक्टूबर तक सभी पीडब्ल्यू विद्यापीठ और पाठशाला केंद्रों पर उपलब्ध है। परिणाम 25 अक्टूबर को घोषित किए जाएँगे। पीडब्लू के संस्थापक और सीईओ शिक्षक अलख पांडे ने कहा, कई छात्र अपनी क्षमता की कमी के कारण नहीं, बल्कि आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों को छोड़ देते हैं। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025 इस स्थिति को बदलने का हमारा प्रयास है। इन परीक्षाओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को नकद पुरस्कार के साथ-साथ पूरी फीस को कवर करने वाली 100% छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

## भाजपा बिहार प्रदेश प्रभारी ने सभी बुथो को मजबूत करने का दिया संकल्प

गया जी ।गया जी जिला पूर्वी के आर्यवर्त होटल में बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावढ़े जी क्षत्रिये संगठन भाजपा के सभी जिला विधानसभा प्रभारी का बैठक लिए जिसमें सभी को बूथ तक सस्कत होकर काम करने का सलाह दिया और सभी विधानसभा में एनडीए के प्रत्याशी को जीत दिलाने में सब मिलकर काम करेंगे ए बैठक जिला अध्यक्ष पूर्वी और पश्चमी के विजय कुमार माँजी और प्रेम प्रकाश चिंटू जी के नेतृत्व में हुआ इस कार्यक्रम में बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा , वजीरगंज विधायक बीरेंदर सिंह, और जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष अजय कुमार तन्नी, निकिता रजक, प्रमोद चौधरी , मीडिया प्रभारी रणजीत सिंह, कोशा अध्यक्ष दीपक पांडे , चार जिला के अध्यक्ष, नवादा के प्रभारी राजेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

## स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में मनाई गई महान प्रेमचंद व तुलसीदास की जयंती

छपरा ग्रामीण ।जयप्रकाश विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में गुरुवार को कथा-सम्राट मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षौल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के शिक्षकों सहित अन्य विभाग के शिक्षकों ने अपनीझ्रअपनी व्याख्या रखी। कार्यक्रम के प्रारंभ में विषय प्रवेश के तहत अपनी बात रखते हुए प्राध्यापिका डॉ प्रियंका ने महान साहित्यकार प्रेमचंद और तुलसीदास के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेमचंद के साहित्य में निहित तत्कालीन समाज पर भी की। संस्कृत के आचार्य प्रो बैद्यनाथ मिश्रा ने भोजपुरी भाषा में तुलसी की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने महान साहित्य के वादन प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर के माध्यम से प्रेमचंद जी पर प्रकाश डाला। वहीं दर्शन शास्त्र के आचार्य प्रो रामनाथ ने अपनी बातो को रखते हुए कहा कि श्री प्रेमचंद जी और तुलसीदास जी ने साहित्य में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

## सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही उमड़ा जन सैलाब

आरा। सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर चरपोखरी थाना क्षेत्र के ठकुरी गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया.छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तैनात सीआरपीएफ के जवान पप्पू यादव ने बुधवार को अपने सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी ।जिसके बाद उनकी मौत हो गयी थी.जवान के पार्थिव शरीर लेकर गुरुवार को ठकुरी उनके पैतृक आवास पहुंचे.इसके पूर्व सैकड़ों नौजवानों ने भारत माता का जयकारा लगाते जवान के पार्थिव शरीर को रिसीव किया.शव पहुंचते ही एक झलक देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा.सेना के जवानों ने ताबूत खोलकर जवान के परिजनों व अन्य लोगों को दिखाया. सेना के जवानों,परिजनों व जनप्रतिनिधियों ने एक-एक कर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया।

# सचिव, समाज कल्याण विभाग द्वारा सीतामढ़ी में विभागीय योजनाओं का गहन निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार की सचिव बन्दना प्रेयषी, भा.प्र.से. द्वारा सीतामढ़ी जिला अंतर्गत विभागीय योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, समेकित बाल विकास सेवाओं एवं बाल संरक्षण संस्थानों का निरीक्षण एवं गहन समीक्षा की गई ।निरीक्षण की शुरूआत सदर डुमरा प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र से हुई, जहां सचिव महोदया ने केंद्र में संचालित फिजियोथेरेपी, ऑडियोमेट्री, ऑप्थैल्मिक यूनिट, काउंसलिंग यूनिट तथा वऊक्रऊ कार्ड निर्माण शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने पीड़ित बच्चों, उनके परिजनों एवं अन्य लाभार्थियों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं एवं केंद्र की सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया ।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि - बुनियाद केंद्र को समेकित सेवा प्रदाय केंद्र के रूप में कार्य करना चाहिए। सभी पात्र वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को शीघ्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री निःशक्तता विवाह प्रोत्साहन योजना, कृत्रिम अंग वितरण, मोटर ट्राइसाइकिल योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

- वऊक्रऊकार्ड की प्रक्रिया में तेजी लाकर लंबित मामलों का निष्पादन किया जाए ।इसके उपरांत सचिव महोदया ने विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह (बालक) का निरीक्षण किया तथा बच्चों की देखभाल, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मियों को पहचान पत्र उपलब्ध



कराने तथा बच्चों के समुचित विकास के लिए संवेदनशील और सक्रिय रहने का निर्देश दिया ।सचिव महोदया की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, सीतामढ़ी में आयोजित समीक्षा बैठक में अऊरर, अऊढ, अऊअए, उढट, उहउ, बुनियाद केंद्र तथा जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की मृत्यु से संबंधित प्रक्रियाओं हेतु रडढ तैयार किया जाए जिसमें सभी हितधारकों की भूमिका स्पष्ट हो।- पोर्टल में दिव्यांगजन पेंशन हेतु लाभार्थी की वैवाहिक स्थिति का रिकॉर्ड अपडेट हो। कार्ड आवेदकों को समय पर कार्ड निर्गत करने हेतु सिविल सर्जन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

बुनियाद केंद्रों पर संबल योजना एवं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक बुनियाद केंद्र में कंप्यूटर सेट और ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा दिलाने हेतु अऊढ को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया। डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर ऑफिसर एवं डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर के बीच नियमित समन्वय बैठक की व्यवस्था की जाए।

सचिव महोदया द्वारा नानपुर प्रखंड अंतर्गत कोईली पंचायत में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के साथ बैठक की गई, जिसमें 11 आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण की समीक्षा की गई ।इस अवसर पर सचिव महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि - महिला पर्यवेक्षिकाएं प्रत्येक माह सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्ता आधारित निरीक्षण सुनिश्चित करें।


निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पोषण ट्रैकर के मानकों की सघन समीक्षा की जाए। टेक होम राशन वितरण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। जिन भूखंडों पर भवन निर्माण की अनुमति (ठडउ) प्राप्त है, वहां शीघ्र आंगनबाड़ी भवन निर्माण प्रारंभ कराया जाए ताकि सेवाएं और अधिक प्रभावशाली ढंग से संचालित हो सकें ।निरीक्षण के दौरान सचिव महोदया ने जिला प्रोग्राम कार्यालय, सीतामढ़ी का भी निरीक्षण किया और योजनाओं के बेहतर निष्पादन हेतु निर्देश जारी किए ।समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयषी, भा.प्र. से. ने स्पष्ट किया ।

# लगातार 15वीं बार...

## भारतीय टीम ने बनाया शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड

● द ओवल में भी भारतीय टीम ने गंवाया टॉस ● भारत की रही खराब शुरुआत 38 रन के अंदर 2 विकेट गिरे



**ओवल (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार टॉस गंवाने का शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। भारतीय टीम ने 31 जनवरी 2025 से 31 जुलाई 2025 के बीच लगातार 15 टॉस गंवाए हैं। इस शर्मनाक रिकॉर्ड ने वेस्टइंडीज के 26 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, गिल लगातार पांच टॉस हार गए हैं। भारत की शुरुआत खराब रही उसके राहुल और जायसवाल के विकेट 38 रन पर गिर गए थे। कैरेबियन टीम ने 2 फरवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999 के बीच लगातार 12 मैच में टॉस गंवाए थे। भारतीय टीम ने पांच मैच की सीरीज में सभी पांचों टॉस गंवाए। यह 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में किसी टीम द्वारा सभी पांच टॉस हारने का 14वां उदाहरण है।

### लगातार सातवीं बार ओवल में हुआ ऐसा

1953 में इंग्लैंड ने एशेज के दौरान जीत दर्ज की थी। घरेलू मैदान पर खेली गई सीरीज में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि लगातार सात टेस्ट मैचों में टॉस जीतने वाली टीमों ने ओवल में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना है। आज भी इंग्लैंज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

### रोहित शर्मा के नाम दर्ज है वर्ल्ड रिकॉर्ड

गौरतलब हो कि भारतीय युवा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने पांचों के पांचों टॉस गंवाए हैं। इस दौरे पर वह एक भी टॉस नहीं जीत पाए। हालांकि, रोहित शर्मा ने टेस्ट मैच में लगातार 13 बार टॉस गंवाने का एक अनचाहा विश्व रिकॉर्ड बनाया है। अगर गिल ऐसे ही चलते रहे तो वह रोहित को पीछे छोड़ देंगे। बता दें कि भारतीय टीम ने जो लगातार 15 मैच में टॉस हारे हैं, उसमें रोहित शर्मा की कप्तानी में 8 और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 2 बार टॉस हारे हैं। वहीं, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने पांचों टॉस हारे हैं।

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में पहुंचा

## भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चौथे नंबर पर रही इंडियन टीम

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूटीसी) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूटीसी ने यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे। लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा।

**स्पॉन्सर कंपनी ने भी सेमीफाइनल से हटने का ऐलान किया था** – लीग की स्पॉन्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था। कंपनी के को-फाउंडर निशांत




पिट्टी ने ड्ड पोस्ट में लिखा था- हम डब्ल्यूटीसी में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

**एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध हो रहा** – 26 जुलाई को एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी होने के बाद से ही भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध हो रहा है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में के बाद से ही लोग कह रहे हैं कि जिस देश से आतंकवाद आता है, उससे नहीं खेलना चाहिए। इस पर बीसीसीआई (बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया) ने अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। दोनों के बीच 14 सितंबर को मैच खेला जाना है। इसके अलावा भारतीय महिला टीम 6 अक्टूबर को कोलंबो में आईसीसी महिला विश्वकप में पाकिस्तान के साथ मैच खेलेगी।

### यह है भारतीय टीम

युवराज सिंह (कप्तान), शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा (विकेटकीपर), अंबाती रायडू, गुरकीरत सिंह मान, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, इरफान पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, विनय कुमार, हरभजन सिंह, पीयूष चावला, सिद्धार्थ कौल, अभिमन्यु मिथुन और वरुण आरोन।

### डब्ल्यूसीएल प्राइवेट लीग, इसे अजय देवगन की कंपनी करा रही

डब्ल्यूसीएल टी-20 क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया भर के रिटायर्ड प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 6 टीमें इंडिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। लीग का आयोजन बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड करा रहे हैं।

ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025

## क्वार्टर फाइनल में भारत के निहाल सरीन का मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से

**रियाद, सऊदी अरब (एजेंसी)।** शतरंज को पहली बार ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का हिस्सा बनाया गया है और पहले ही संस्करण में



भारत के दो युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। भारत के ग्रांडमास्टर निहाल सरीन (टीम एस8यूएल) ने लगातार बेहतरीन दो मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है, जहाँ अब उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) से होगा। निहाल सरीन ने पहले नीदरलैंड्स के ग्रांडमास्टर अनीश गिरी (टीम सीक्रेट) को 2-0 से हराया और फिर फ्रांस के ग्रांडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (टीम विटालिटी) को 1.5-0.5 से पराजित किया। निहाल ने इन दोनों मुकाबलों में एक भी बाजी नहीं गंवाई।

भारत के ही एक और शीर्ष खिलाड़ी, ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) अब क्वार्टर फाइनल में रूस के ग्रांडमास्टर इयान नेपोमिनियाची (टीम ऑरोरा गेमिंग) से टकराएंगे।


## हरियाणा के पैरा खिलाड़ियों को मिला 31.72 करोड़ का नकद इनाम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री और पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने चौथे पैरा एशियन गेम्स 2022 में भाग लेने वाले प्रदेश के 17 खिलाड़ियों को कुल 31.72 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया है। मंत्री राव ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित (एथलेटिक्स) और तरुण ढिल्लो (पैरा बैडमिंटन) को 3-3 करोड़ रुपए रुपये दिए गए हैं। नितेश कुमार को पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के लिए 4.5 रुपए करोड़ मिले हैं।

# चेस वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख का नागपुर में हुआ भव्य स्वागत

## परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय; फाइनल में कोनेरू हम्पी को हराया था

**नागपुर (एजेंसी)।** जॉर्जिया के बटुमी में खत्म हुई चेस वर्ल्ड कप में जीतने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख का नागपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। बुधवार को जब वे अपने गृहनगर नागपुर लौटीं, तो हवाई अड्डे पर उनके रिश्तेदारों और प्रशंसकों ने उनका भव्य स्वागत किया।दिव्या ने इस टूर्नामेंट में भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर में हराकर यह खिताब अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच दो क्लासिकल गेम ड्रॉ रहे थे, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में दिव्या ने जीत हासिल की। इस जीत ने दिव्या को ग्रैंडमास्टर (जीएम) का खिताब दिलाया, साथ ही उन्हें कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह और 50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली। दिव्या ने टूर्नामेंट में अंडरडॉग के रूप में हिस्सा लिया था और उनका लक्ष्य केवल जीएम-नॉर्म हासिल करना था, लेकिन उन्होंने सभी को चौंकाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।मुंबई एयर पोर्ट पहुंचने पर भारतीय चेस फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



**2 से 16 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में होने वाले ग्रैंड स्विस में हिस्सा लेंगी**

विश्व कप की जीत के बाद दिव्या अब कुछ समय आराम करना चाहती हैं। इसके बाद वे उज्बेकिस्तान के समरकंद में 2 से 16 सितंबर तक होने वाले ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि इस महीने मैं थोड़ा आराम करूंगी और अगले महीने ग्रैंड स्विस में खेलूंगी।दिव्या की इस उपलब्धि ने न केवल नागपुर बल्कि पूरे देश को गर्व से भर दिया है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें शतरंज की दुनिया में एक नया सितारा बना दिया है।

**दिव्या अपनी मां के साथ नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंची** – दिव्या अपनी मां के साथ बटुमी से मुंबई होते हुए नागपुर पहुंचीं। हवाई अड्डे पर उनके प्रशंसक और रिश्तेदार पहले से ही उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। दिव्या ने स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग मेरा स्वागत करने आए हैं। शतरंज को इतना सम्मान मिल रहा है, यह मेरे लिए गर्व की बात है।

**परिवार और कोच को दिया जीत का श्रेय** – दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया, जिनका 2020 में 40 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे बड़ा योगदान दिया है। उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। मेरी बहन आर्या देशमुख, मेरे दादा-दादी, और मेरे पहले कोच राहुल जोशी सर का भी बहुत बड़ा हाथ है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अंडर-19 भारतीय टीम घोषित

## वैभव सूर्यवंशी को भी फिर से मिली जगह; सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेंगे




**नईदिल्ली (एचेंसी)।** 14 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बीच 21 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

**इंग्लैंड दौरे पर भी मिली थी वैभव को जगह** – वैभव इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल चुके हैं और इंग्लैंड दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड में उन्होंने 5 वनडे मैचों में 355 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था। वैभव ने 52 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड भी अपने नाम किया था।

- **कप्तान**– आयुष म्हात्रे
- **उप-कप्तान**– विहान मल्होत्रा
- **खिलाड़ी** – वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान। स्टैंडबाय खिलाड़ी- युधजीत गुहा, लक्ष्मण, बी.के. किशोर, अलंकृत रापोल, अर्नव बुग्गा।

**21 सितंबर को खेला जाएगा पहला वनडे** – इंडिया अंडर 19 बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच पहला वनडे मैच रविवार (21 सितंबर) को खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी। सीरीज का पहला चार दिनी टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। तीनों वनडे नॉर्थेम्प्टनशॉयर में खेला जाएगा जबकि पहला टेस्ट भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा वहीं दूसरा टेस्ट मैक्के में आयोजित होगा।

# टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने वाले खिलाड़ी यह हैं?

### रोहित शर्मा भी 12 बार डक पर आउट हो चुके हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट को आमतौर पर तेज़ रफ्तार और रोमांचक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। हर गेंद पर छक्का या चौका देखने की चाहत होती है लेकिन जहां रन बनाने की होड़ लगी रहती है वहीं कुछ बल्लेबाज ऐसे भी होते हैं जो बार-बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटते हैं। क्रिकेट की भाषा में इसे 'डक' कहा जाता है यानी बिना रन बनाए आउट होना। यह किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे निराशाजनक अनुभव होता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे उन खिलाड़ियों के बारे में जो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस सूची में कुछ बड़े और मशहूर नाम भी शामिल हैं।

**रवांडा के बल्लेबाज टॉप पर: केविन इराकोजे का रिकॉर्ड शर्मनाक** – इस लिस्ट में सबसे ऊपर नाम है रवांडा के बल्लेबाज केविन इराकोजे का। इराकोजे ने अब तक 75 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 56 पारियां खेली




हैं लेकिन इस दौरान वह 13 बार 'डक' पर आउट हुए हैं। उनकी बल्लेबाजी औसत महज 10.17 की रही है जो दर्शाता है कि वे बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह रिकॉर्ड अब तक का सबसे खराब माना जा सकता है।

**रवांडा के ही दो और खिलाड़ी टॉप 3 में** – रवांडा जैसे छोटे क्रिकेटिंग देश के लिए यह काफी चौंकाने वाली बात है कि सबसे ज्यादा बार 'डक' पर आउट होने वाले खिलाड़ियों की सूची में टॉप 3 में उसके तीन खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में जैप्पी बिमेन्यिमाना और मार्टिन अकायेजु भी शामिल हैं, जिन्होंने क्रमशः 91 मैचों में 327 रन और 95 मैचों में 590 रन बनाए हैं, लेकिन दोनों ही 13-13 बार बिना रन बनाए आउट हुए हैं। इन आंकड़ों से यह साफ जाहिर होता है कि अनुभव की कमी और बल्लेबाजी तकनीक में खामियों के चलते वे लगातार असफल होते रहे हैं। रवांडा के खिलाड़ियों का इस सूची में शीर्ष स्थान पर होना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके संघर्ष को दर्शाता है, और यह भी बताता है कि छोटे देशों के खिलाड़ियों को अभी लंबे सफर की जरूरत है ताकि वे प्रतिस्पर्धी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# ओलिंपिक 2028 से बाहर हो सकते हैं पाकिस्तान-न्यूजीलैंड

## आईसीसी की क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली बनी बाधा; 128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार जगह मिली थी। इससे पहले इसे 2010 और 2014 में शामिल किया था। 2023 में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट टीम ने गोल्ड जीता लॉस एंजिल्स ओलिंपिक 2028 में पूर्व टी-20 वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो सकती हैं। इसका मुख्य कारण इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए निर्धारित क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली है। 128 साल बाद 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी हो रही है, जिसमें मेंस और विमेंस टीमें टी-20 फॉर्मेट में हिस्सा लेंगी। इसमें 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी।



**एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका से टॉप-टॉप टीमें होंगी क्वालिफाई** – ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, द्वष्टष्ट ने ओलिंपिक के लिए क्षेत्रीय योग्यता प्रणाली लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत एशिया, ओशिनिया, यूरोप, और अफ्रीका की टॉप रैंक वाली टीमें क्वालिफाई करेंगी। मेजबान देश होने के नाते अमेरिका (अमेरिका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए) को भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

इस प्रणाली से वेस्टइंडीज की टीमें भी प्रभावित हो सकती हैं, क्योंकि कैरेबियाई देशों को अमेरिका के साथ एक ही क्षेत्र में रखा गया है। वर्तमान टी-20 रैंकिंग के आधार पर, भारत (एशिया), ऑस्ट्रेलिया (ओशिनिया), ग्रेट ब्रिटेन (यूरोप), और साउथ अफ्रीका (अफ्रीका) क्वालिफाई करेंगे। अमेरिका मेजबान के रूप में हिस्सा लेगा।

हालांकि, न्यूजीलैंड (वर्तमान में टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर) को ओशिनिया क्षेत्र से ऑस्ट्रेलिया (दूसरे स्थान पर) के सामने क्वालिफाई करने का मौका नहीं मिलेगा। इसी तरह, पाकिस्तान (आठवें स्थान पर) और श्रीलंका (सातवें स्थान पर) को एशिया क्षेत्र से भारत के सामने जगह नहीं मिलेगी।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की नाराजगी

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आईसीसी के इस फैसले से नाखुश हैं। हालांकि, इस प्रस्ताव को अभी आईसीसी बोर्ड की औपचारिक मंजूरी मिलनी बाकी है, लेकिन इसे बदलने की संभावना कम है। पाकिस्तान ने 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

### मेजबान अमेरिका की चुनौतियां

हैरानी की बात है कि मेजबान होने के बावजूद अमेरिका की भागीदारी भी अनिश्चित है। ओलिंपिक चार्टर के नियमों के अनुसार, अमेरिका को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यूएस ओलिंपिक और पैरालिंपिक समिति (एसओपीसी) से राष्ट्रीय शासी निकाय (एनजीबी) की मान्यता प्राप्त करनी होगी। यदि अमेरिका यह मान्यता हासिल करने में विफल रहता है, तो उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर-8 में जगह बनाई थी और ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को हराया था।

### महिला टूर्नामेंट का क्वालिफिकेशन

विमेंस टी-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालिफिकेशन अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के आधार पर तय होगा। इस तरह, मेंस और विमेंस टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग क्वालिफिकेशन प्रक्रियाएं अपनाई जाएंगी।

### ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार खेला गया

1900 के पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट इवेंट की है। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओलिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 01 अगस्त, 2025
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran


## संक्षिप्त खबरें

### सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा 2 अगस्त 2027 को

रियाद। 02 अगस्त 2027 को लगने वाले सूर्य ग्रहण को लेकर दुनियाभर के खगोल प्रेमियों के बीच उत्साह चरम पर है। इसे 'सदी का सूर्य ग्रहण' कहा जा रहा है क्योंकि यह 1991 के बाद से अब तक का सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। इस दिन सूर्य पूरी तरह से चंद्रमा की छाया में छिप जाएगा और यह दृश्य 6 मिनट 22 सेकंड तक चलेगा। हालांकि सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई भ्रामक दावे भी सामने आ रहे हैं, जैसे कि पूरी पृथ्वी पर छह मिनट के लिए अंधेरा छा जाएगा। मगर वैज्ञानिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह दावा पूरी तरह से गलत है। सत्य यह है कि यह पूर्ण सूर्य ग्रहण केवल पृथ्वी के कुछ हिस्सों से ही दिखाई देगा, न कि पूरी दुनिया से। इसका प्रभाव खासकर अफ्रीका और अरब देशों में अधिक रहेगा। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण स्पेन, मोरक्को, ट्यूनीशिया, मिस्त्र, सऊदी अरब, यमन और सोमालिया जैसे देशों में देखा जा सकेगा। वहीं, यूरोप, दक्षिणी एशिया और अफ्रीका के कुछ अन्य हिस्सों में आंशिक सूर्यग्रहण दिखाई देगा। भारत समेत दक्षिण एशिया के अधिकांश हिस्सों में यह ग्रहण नहीं दिखेगा।

# अंगोला में पेट्रोल पर 9 रुपए बढ़ने पर पूरा देश सड़कों पर

- हिंसा भड़की दो दिन में 22 लोगों ने गंवाई जान, 1200 गिरफ्तार

प्रात : किरण, एजेंसी




लुआंडा। तेल से भरपूर अंगोला में महंगाई के खिलाफ उठा जनाक्रोश हिंसक में बदल गया। राजधानी लुआंडा और कई शहरों की सड़कों पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट ने 22 लोगों की जान चली गई, जिनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। बता दें टैक्सी चालकों ने 1 जुलाई को बढ़े पेट्रोल के दाम के खिलाफ हड़ताल का ऐलान किया था। बुधवार को शहर में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर गाड़ियों की जगह सुरक्षा बलों के वाहन थे और दुकानों के बाहर ताले लटके थे। लुआंडा निवासी डैनियल पेड्रो, जो एक बेरोजगार शिक्षक हैं उन्होंने बताया कि सरकार कहती है युवा भविष्य हैं, लेकिन आज ही उनका कोई वजूद नहीं। बेरोजगारी और महंगाई ने हमें असुरक्षित बना दिया है। सरकार ने ईंधन पर दी जा रही भारी सब्सिडी को घटा दिया है। अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 300 से बढ़ाकर 400 क्वांजा यानी 29 से 38 रुपए कर दी गई है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की सिफारिश पर उठाया गया ताकि स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च बढ़ाया जा सके, लेकिन इसका सीधा असर उन 3.6 करोड़ नागरिकों पर पड़ा, जिनका पहले ही 20 फीसदी मुद्रास्फीति और करीब 30 फीसदी बेरोजगारी से दम घुट रहा है। बता दें दक्षिणी शहर लुबैंगो में मंगलवार को 16 साल के किशोर की मौत उस समय हुई जब वह सत्तारूढ़ पार्टी एमपीएलए के कार्यालय पर धावा बोलने वालों में शामिल था। पुलिस की गोली से उसकी जान चली गई। सरकार ने कहा कि हिंसा के पीछे 'आपराधिक तत्वों' का हाथ था, जिन्होंने विरोध को सुरक्षा संकट में बदल दिया। दो दिन में 66 दुकानें लूट ली गईं और करीब 200 लोग घायल हुए है और 1200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विपक्षी पार्टियां और ब्लोको डेमोक्रैटिको ने इसे 'नीतिगत असंवेदनशीलता' करार दिया है। 1975 से एमपीएलए के शासन में चल रहे अंगोला को दशकों की तानाशाही और गृहयुद्ध की विरासत झेलनी पड़ी है। अब जब लोग पेट्रोल के बढ़े दामों से जूझते हुए सड़कों पर उतरे, तो उन्हें गोलियों और आंसू गैस का सामना करना पड़ रहा है।

# देश के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर-वन बनाने का लक्ष्य

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर रहे नई योजना पर काम

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। भारत सरकार देश ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी लगातार नई योजना पर काम कर रहे हैं। ऐसे में अब गडकरी ने कहा कि भारत सरकार देश के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर-वन बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने 4.5 करोड़ रोजगार पैदा किए जाएंगे, जो देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

मीडिया रिपोर्ट में गडकरी के हवाले से कहा गया है भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का वर्तमान आकार 22 लाख करोड़ रुपए है और सरकार का लक्ष्य इस इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर-वन बनाना है। वर्तमान में अमेरिकी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 78 लाख करोड़ का है, उसके बाद चीन का 47 लाख करोड़ रुपए और भारत का 22 लाख करोड़ रुपए का है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 7.5 लाख करोड़ था। अब ये बढ़कर 22 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक गडकरी ने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने अब तक 4.5 करोड़ रोजगार तैयार किए हैं, जो देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यह ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ही है जो राज्य सरकारों और भारत सरकार को जीएसटी के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व दे रहा है। संयोग से भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को देश का शीर्ष मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर है, जो सरकार के लिए राजस्व जुटाने के साथ-साथ रोजगार तैयार करने का भी एक प्रमुख स्रोत है। गडकरी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर देश में 40 फीसदी प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है, जो एक आर्थिक चुनौती है। उन्होंने इंडस्ट्री से इस समस्या को कम करने के लिए हरित और वैकल्पिक ईंधन विकसित करने का आह्वान किया है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन, सीएनजी और हाइब्रिड सिस्टम जैसी स्वच्छ प्रणोदन तकनीक की डिमांड तेजी से बढ़ रही है।

## न्यूजीलैंड में सुनामी गतिविधि शुरू

प्रात : किरण, एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के आपातकालीन प्रबंधन अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि देश के तटवर्ती क्षेत्रों में सुनामी की गतिविधि शुरू हो चुकी है। बुधवार देररात देशभर में मोबाइल फोन पर अलर्ट प्रसारित कर लोगों को समुद्र, तटों, बंदरगाहों, नदियों और खाड़ियों से दूर रहने की सलाह दी गई। हालांकि अब तक किसी इलाके में अनिवार्य निकासी आदेश जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मजबूत समुद्री धाराएं और लहरों का अचानक उठना लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। न्यूजीलैंड, भूकंप के केंद्र से लगभग 6,000 मील दूर है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि भूकंप के कारण उत्पन्न लहरों की पहली श्रृंखला सबसे बड़ी नहीं हो सकती। आने वाले समय में और भी बड़ी लहरें तटों से टकरा सकती हैं। अधिकारियों ने कहा है कि यह खतरा गुरुवार दोपहर तक बना रह सकता है और तब तक लोग समुद्री इलाकों से पूरी तरह दूर रहें।

आपातकालीन विभाग ने लोगों से सावधानी और संयम बरतने की अपील की है और कहा है कि जब तक आधिकारिक रूप से अलर्ट रद्द नहीं किया जाता, तब तक सभी को इस खतरे को वास्तविक और गंभीर मानना चाहिए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

प्रात : किरण, एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के बेतगारी संघ के अलदादपुर बालापारा गांव में हिंदुओं पर हमले के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार शाम रंगपुर डिवीजन की एक अदालत में पेश किया। अदालत ने पांचों को जेल भेज दिया। अलदादपुर बालापारा गांव रंगपुर के गंगाचारा उपजिले में आता है। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, किशोरगंज पुलिस थाना के प्रभारी अशरफुल इस्लाम ने बताया कि रंगपुर की अदालत ने यासीन अली (25), स्वाधीन मिया (28), अशरफुल इस्लाम (28), अतीकुर रहमान खान (30) और सद्दाम हुसैन सलीम (22) को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सभी आरोपित निलफामारी के किशोरगंज उपजिले के अंतर्गत मगुरा गांव के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक अशरफुल ने बताया कि संयुक्त बलों के सदस्यों ने बुधवार तड़के आरोपितों को उनके घरों से दबोचा। इससे पहले मंगलवार रात पीड़ितों में से एक रवींद्र नाथ रॉय ने गंगाचारा मॉडल पुलिस थाने में तोड़फोड़ और लूटपाट का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी में 1,200 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। रॉय का आरोप है कि उनके पांच मवेशी, नकदी और सोने के आभूषण लूट लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अलदादपुर बालापारा गांव में हिंदू समुदाय पर हमला शनिवार रात और रविवार दोपहर किया गया था।

## फ्रांस समेत 14 देशों ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला, पत्र किया जारी



प्रात : किरण, एजेंसी

तेल अवीव। गाजा में लोगों की बदत्तर हालात के चलते यूरोपीय देशों से इजराइल को झटका दिया है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों ने कहा है कि यदि गाजा में इजराइल ने हमले नहीं रोके तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा।

इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया है। इसे फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने एक्सर्स अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि हम इस सूची में शामिल होने के लिए अन्य देशों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। इस तरह माना जा रहा है कि इजराइल के खिलाफ एकजुट होने वाले देशों की संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है। उन्होंने जो पत्र शेयर किया है। उसमें लिखा है, हम 7 अक्तूबर, 2023 के हमले की निंदा करते हैं। हमास को तुरंत उन बंधकों को रिहा कर देना चाहिए, जो अब तक उसकी कैद में हैं। उन्होंने कहा कि हम इजराइल और फिलिस्तीन के बीच टू-नेशन सॉलूशन की बात कर रहे हैं। हम मानते हैं कि वेस्ट बैंक और गाजा को मिलाकर एक फिलिस्तीन मुल्क को मान्यता दी जाए। हम समस्त 14 देश इसके लिए सहमत हैं। पत्र में आगे लिखा है कि गाजा में जिस तरह से महिलाएं और बच्चे मारे जा रहे हैं और मानवीय संकट पैदा हो गया है। उस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका अहम हो जाती है। इसके अलावा मानवाधिकार संस्थाओं का भी दखल जरूरी है। इन देशों ने लिखा है कि हम जंग को रोकना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमास हथियारों का रास्ता छोड़ दे और उसे फिलिस्तीन की सत्ता से बाहर किया जाए, लेकिन उससे पहले किसी समझौते पर पहुंचने के लिए इजराइल भी हमले करना बंद करे और समझौते पर बात करे।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129